वर्ष : 47 अंक 195
जौनपुर, शुक्रवार
02 मई 2025
तापमान
अधिकतम / न्यूनतम
34°C | 25°C

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

तरुणमित्र

श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

मूल्य 3.00 रुपये पृष्ठ-8 | जौनपुर, अयोध्या, लखनऊ, पटना (बिहार), ठाणे (महाराष्ट्र), भोपाल (मप्र) से प्रकाशित | www.tarunmitra.in

अजमेर के होटल में लगी आग, चार की जलकर मौत

जयपुर, 01 मई। राजस्थान के अजमेर के डिग्गी बाजार इलाके में गुरुवार को एक होटल में आग लगने से चार लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि पांच मंजिला होटल में मौजूद कुछ मेहमानों ने खिड़कियों से कूदकर अपनी जान बचाई।

जान बचाने के लिए खिड़कियों से कूदे लोग

जेएलएन मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. अनिल समारिया ने बताया, 'आज सुबह डिग्गी बाजार इलाके में एक होटल में आग लगने की घटना हुई। पुलिस टीम मौके पर है। दम घुटने और जलने से दो पुरुषों, एक महिला और एक बच्चे समेत चार लोगों की मौत हो गई।'

एडिशनल एसपी हिमांशु जांगिड़ ने बताया कि होटल तक पहुंचने के लिए संकरी सड़क होने के कारण बचाव कार्य में दिक्कत आ रही है। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।

खिड़की से कूदा व्यक्ति: होटल में मौजूद एक मेहमान ने बताया कि धमाके की आवाज आई जिसके बाद वह अपनी पत्नी के साथ बाहर भागे। होटल में ठहरे मंगिला कलोसिया ने बताया, 'एक महिला ने खिड़की से अपने बच्चे को मेरी गोद में फेंक दिया। उसने इमारत से कूदने की भी कोशिश की लेकिन हमने उसे रोक लिया।' उन्होंने बताया कि एक व्यक्ति भी खिड़की से कूद गया और उसके सिर में चोट लग गई।

'एक-एक पाकिस्तानी भारत छोड़ो'

नई दिल्ली, 01 मई। पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद से केंद्र सरकार लगातार ऐक्शन के मूड में है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में ताबड़तोड़ फैसले लिए जा रहे हैं। सरकार ने भारत में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को अपने देश वापस जाने के लिए 48 घंटे का समय दिया था, जिसकी मियाद पूरी हो चुकी है। इसके बाद भी केंद्र सरकार ने अटारी-वाघा बॉर्डर से पाकिस्तानी नागरिकों की वापसी जारी रखने का निर्देश दिया है। यह आदेश अगले निर्देश तक लागू रहेगा। आपको बता दें कि पहला 30 अप्रैल तक की समय सीमा तय की गई थी।

सरकार ने बढ़ाई वापसी की समय सीमा

बता दें कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद जारी सरकारी आदेश के बाद पिछले छह दिनों में 55 राजनयिकों, उनके आश्रितों और सहायक कर्मचारियों सहित 786 पाकिस्तानी नागरिक अटारी-वाघा सीमा के जरिए भारत छोड़ चुके हैं। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उनके मुताबिक, इनके अलावा पाकिस्तानी वीजा धारक आठ भारतीय भी पड़ोसी मुल्क चले गए हैं। यह सिलसिला आज भी जारी है।

अधिकारियों ने बताया कि 29 अप्रैल को 10 राजनयिकों समेत कुल 94 पाकिस्तानी नागरिक अटारी-वाघा सीमा के जरिए से भारत से चले गए। उनके मुताबिक, 28 अप्रैल को 36 राजनयिकों, उनके आश्रितों और सहायक कर्मचारियों समेत 145 पाकिस्तानी चले गए तथा 27 अप्रैल को नौ राजनयिकों और अधिकारियों समेत कुल 237 पाकिस्तानी भारत से चले गए और 26 अप्रैल को 81, 25 अप्रैल को 191 और 24 अप्रैल को 28 पाकिस्तानी भारत से चले गए। सूत्रों ने बताया कि पाकिस्तानी वीजा पर आठ भारतीय नागरिक भी 29 अप्रैल को अंतरराष्ट्रीय सीमा क्रॉसिंग बिंदु के जरिए भारत से चले गए।

कितने लोग वापस आए भारत: अधिकारियों ने बताया कि इसी प्रकार, 29 अप्रैल को 11 राजनयिकों और अधिकारियों सहित कुल 469 भारतीय उसी मार्ग से पाकिस्तान से लौट आए, 28 अप्रैल को 146 भारतीय लौटे, 27 अप्रैल को एक राजनयिक सहित 116 भारतीय लौटे, 26 अप्रैल को 13 राजनयिकों और अधिकारियों सहित 342 भारतीय वापस आए, 25 अप्रैल को 287 तथा 24 अप्रैल को 105 भारतीय वापस लौटे।

दीर्घकालिक भारतीय वीजा पर 29 अप्रैल को कुल 22 पाकिस्तानी नागरिक अटारी-वाघा सीमा के माध्यम से देश में आए तथा 28 अप्रैल को इसी श्रेणी का वीजा रखने वाले 129 और पाकिस्तानी भारत आए।

नैनीताल में 'कर्फ्यू', सड़कों पर सिर्फ प्रदर्शनकारी और पुलिस

- पेशी के दौरान रेप के आरोपी को पीटने दौड़े वकील
- बालिका के दुष्कर्मी 65 वर्षीय उस्मान को फांसी देने की मांग

नैनीताल, 01 मई। शहर में 12 वर्षीय बालिका से दुष्कर्म के बाद हुआ बवाल दूसरे दिन भी नहीं थमा। सैकड़ों लोग सड़कों पर उतरकर जमकर हंगामा कर रहे हैं। शहर में कर्फ्यू जैसा माहौल है। सड़कों पर सिर्फ प्रदर्शनकारी और पुलिस ही नजर आ रही है।

भाजपाई, हिंदूवादी संगठनों से जुड़े कार्यकर्ता व आमजन आयुक्त कार्यालय में ज्ञापन सौंप आरोपित के घर की ओर कूच करने लगे तो पुलिस ने मुनादी और सख्ती दिखाकर रोक लिया। लोग कोतवाली के बाहर आरोपित को फांसी की सजा देने और उसके घर को ढहाने की मांग को लेकर डटे हैं। आरोपित को पुलिस हल्द्वानी कोर्ट में पेश करने लाई है। यहां पेशी के दौरान अधिवक्ता भी उसे पीटने दौड़ पड़े। पुलिस ने कड़ी सुरक्षा में उसे पेश किया। बता दे कि शहर में 12 वर्षीय बालिका के साथ बुधवार रात मुस्लिम ठेकेदार 65 वर्षीय उस्मान द्वारा दुष्कर्म की घटना सामने आने के बाद बवाल हो गया था। भाजपाई और हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ता समेत तमाम लोगों ने रात तक जमकर हंगामा किया था। रात में मुस्लिमों की दुकानों में भी तोड़फोड़ की गई थी। पुलिस ने मामले में आरोपित उस्मान को गिरफ्तार कर लिया था। रात मामला किसी तरह शांत हो गया। मगर गुरुवार सुबह शहरवासी सड़क पर उतर आए। लोगों ने आयुक्त कार्यालय में प्रदर्शन कर आरोपित को फांसी देने की मांग की। इस बीच अधिवक्ताओं ने भी डांठ तिराहे में धरना प्रदर्शन कर आरोपित का केस नहीं लड़ने का एलान किया। जिसके बाद भीड़ मालरोड होते हुए मल्लीताल गाड़ीपड़ाव पहुंची। जहां विशेष समुदाय की दुकानों के बाहर प्रदर्शन करते हुए मस्जिद की ओर बढ़ने लगी। मगर पुलिस ने बैरिकेडिंग कर उन्हें रोक लिया। इस बीच भीड़ मस्जिद से लौटकर आरोपित के घर रुकुड कंपाउंड की ओर बढ़ने लगी। यह देख पुलिस के भी हाथ पैर फूल गए। मगर चीना बाबा मंदिर के समीप पर्याप्त पुलिस बल पहले से ही तैनात होने के कारण प्रदर्शनकारियों को आरोपित के घर जाने से रोक लिया गया। घटना के विरोध में शहर के तमाम व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान बंद रखें। जिस कारण सड़कों पर कर्फ्यू सा माहौल रहा। प्रदर्शनकारियों और पुलिस फोर्स के अलावा सड़कों पर सामान्य लोग और पर्यटक भी नजर नहीं आए।

आरोपित के घर स्वयं अतिक्रमण हटाने का नोटिस: मामले ने तूल पकड़ा तो पालिका को भी अवैध निर्माण भी याद आ गई। पालिका ने सख्ती दिखाते हुए आरोपित के भवन को अवैध अतिक्रमण करार देकर नोटिस जारी किया है। पालिका की ओर से आरोपित के भवन में नोटिस चस्पा कर तीन दिन के भीतर खुद अतिक्रमण हटाने और अपना पक्ष रखने के निर्देश दिए है। अन्य अतिक्रमणकारियों को भी नोटिस जारी किए गए है। जिससे क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है।



प्रदेश के बिगड़े कानून व्यवस्था के खिलाफ विरोध प्रदर्शन

कलेक्ट्रेट पर सपाइयों का उमड़ा जन सैलाब

तरूणमित्र न्यूज

सोनभद्र। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देशानुसार जिला मुख्यालय पर पहुंच कर सफाईयों ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन जिलाधिकारी सोनभद्र को सोपा गया। जिसकी अध्यक्षता समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव ने किया एवं संचालन जिला महासचिव मोहम्मद सईद कुरैशी ने किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में आए दिन जनता के उत्पीड़न हत्या लूट महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार और अराजकता की घटनाएं आम हो गई है। कानून व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। अपराधियों के हौसले बढ़ गए हैं। उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार कानून का शासन स्थापित करने में पूरी तरह विफल हो गई है। बीते कई सप्ताह से समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं सांसद राज्यसभा रामजी लाल सुमन को करणी सेवा द्वारा निरंतर जान से मारने की धमकी दी जा रही है तथा उनके आवास पर हमला भी किया गया। पांच दिन पुर्व दिनांक 27 अप्रैल को बुलंदशहर जाते समय अलीगढ़ में उनके काफिले पर करनी सेना ने हमला किया, जिससे कुछ वाहन क्षतिग्रस्त हुए और लोगों को गंभीर चोटे भी आई।

इस घटना के बाद भी अराजक तत्वों पर शासन प्रशासन में कोई कार्रवाई नहीं किया, जिससे यह स्पष्ट है कि उन्हें सरकार का खुला संरक्षण प्राप्त है। इससे उत्तर प्रदेश सरकार की दलित विरोधी मानसिकता उजागर होती है। भाजपा सरकार में पीडीए का सोषण चरम सीमा पर है। आप भारतीय संविधान की संरक्षक है, ऐसे में समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश में बिहार कानून व्यवस्था, रामजी लाल सुमन के साथ अलोकतांत्रिक व्यवहार सहित प्रदेश में लगातार हो रहे संविधान विरोधी कृत्यों को आपके संज्ञान में ला रही है, जिससे आपके द्वारा संविधान एवं लोकतंत्र की मजबूती की दिशा में ठोस निर्णय हो।

यदि पीडीए समाज का उत्पीड़न बंद नहीं हुआ तो समाजवादी पार्टी सड़क पर उतरने के लिए बाध्य होगी जिसकी सारी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक अविनाश कुशवाहा एवं रमेश चंद्र दुबे ने कहा कि उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव पीडीए का नारा देकर समाज के सभी शोषित उत्पीडित वर्गों के सम्मान एवं संविधान प्रदत्त अधिकार की लड़ाई मजबूती से लड़ रहे हैं। इसको उत्तर प्रदेश में प्रभुत्ववादी एवं वर्चस्ववादी समूह बर्दाश्त नहीं कर पा रही है और संविधान विरोधी मानसिकता का खुलेआम प्रदर्शन कर रहे हैं। इन लोगों की लोकतंत्र और बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर द्वारा निर्मित भारतीय संविधान में कोई स्थान नहीं है। इसलिए इन समूहों द्वारा निर्मित भारतीय संविधान में कोई आस्था नहीं है। इसलिए इन समूहों द्वारा पीडीए समाज में उत्पीड़न की घटनाओं में तेजी से बढ़ोत्तरी हुई है। भाजपा सरकार में कोई वर्ग सुरक्षित नहीं है भाजपा सरकार केवल पूंजी पतियों की सरकार है इसे गरीबों से कोई लेना-देना नहीं है।

ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से जिला महासचिव मोहम्मद शईद कुरैशी, पूर्व जिला अध्यक्ष संजय यादव, विजय यादव, राम भरोसे सिंह पटेल, अनिल प्रधान, विधानसभा अध्यक्ष बाबूलाल यादव, विजय शंकर जायसवाल, परमेश्वर यादव, जिला उपाध्यक्ष, वेदमानी शुक्ला, अशोक पटेल, डॉ लोकपति सिंह, रामप्यारे सिंह पटेल, रमेश सिंह यादव, त्रिपुरारी गौड़, रामाशंकर यादव, रमेश कुमार वर्मा, सुनील गौड़, गीता गौर, बिंदु यादव, सरदार पारब्रह्म सिंह, बबलू धागर, ज्यूतेश गौतम, पवन पटेल, सत्यम पांडे, कृपा शंकर चौहान, प्रदीप कनौजिया, रमजान अली, अखिलेश यादव, संजय यादव, अजय कुमार निषाद, शिवनारायण चौहान, हीरालाल यादव, कामरान खान, सनी पटेल, राम सजीवन अहीर, विमलेश पटेल, रामेश्वर भाई पटेल, राजेश विश्वकर्मा, लालव्रत यादव, बाबू हाशमी, लाल बहादुर पाल, जगत पटेल, अमरजीत यादव, पीयूष यादव, सूरज मिश्रा, अमरेश यादव, दशरथ, विष्णु कुशवाहा, कामता यादव, राजमणि, लवकुश कुमार साहनी, बबून्दर, शशि प्रकाश, सुशील राय, यासीन, गुलाम, यासीन, दीपक केसरी, राजेश कुमार, विवेक सिंह, राजेंद्र यादव, कमलेश चौबे, कैलाश, मुन्नी देवी, सुनील पवार, भुवनेश्वर देवगन, नंदलालपु प्रदीप याद अजय, सूरज के साथ सैकड़ो कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित थे।

द्वितीय अंतर्राष्ट्रीय रक्तक्रांतिवीर सम्मान समारोह चार को दुद्धी में

तरूणमित्र न्यूज

दुद्धी, सोनभद्र। स्थानीय तहसील मुख्यालय पर प्रगति फाउंडेशन के तत्वावधान में द्वितीय अंतर्राष्ट्रीय रक्त क्रांति वीर सम्मान समारोह का आयोजन 4 मई को किया गया हैं। प्रगति फाउंडेशन के डायरेक्टर विकास कुमार अग्रहरि ने बताया कि 4 मई दिन रविवार को दुद्धी तहसील मुख्यालय पर अंतर्राष्ट्रीय रक्त क्रांति वीर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया हैं जिसमें कई देशों के रक्त क्रांति वीर शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम सुबह 7.00 से 9.30 बजे तक रक्तदान जागरूकता रैली से शुरू होगी। जिसका उद्देश्य नगर भ्रमण के माध्यम से समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाना हैं। इसके बाद सुबह 9रू30 से रक्तदान शिविर "एक बूंद जिंदगी की" कृदाताओं के लिए सुविधाजनक और सुरक्षित शिविर का आयोजन होगा। सुबह 10.00 से 12.00 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम जिसमें रक्तदान व मानवता पर आधारित प्रेरणादायक प्रस्तुतियाँ होंगी।

दोपहर 12.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक रक्तदाता सम्मान समारोह,देशभर से पधारे रक्त वीरों और वीरांगनाओं का गरिमामयी सम्मान कार्यक्रम होगा।

दो दोषियों को 20-20 वर्ष की कठोर कैद

साढ़े तीन वर्ष पूर्व 13 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ हुए दुष्कर्म का मामला

तरूणमित्र न्यूज

सोनभद्र। साढ़े तीन वर्ष पूर्व 13 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट सोनभद्र अमित वीर सिंह की अदालत ने वृहस्पतिवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दो दोषियों को 20-20 वर्ष की कठोर कैद एवं 62 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर एक-एक माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वहीं अर्थदंड की धनराशि में से 50 हजार रूपये पीड़िता को मिलेगी।

अभियोजन पक्ष के मुताबिक रायपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता के पिता ने 31 जनवरी 2022 को रायपुर थाने में दी तहरीर मे अवगत कराया था कि उसकी 13 वर्षीय नाबालिक बेटी को 30 जनवरी 2022 को दोपहर 2 बजे सुशीला पत्नी राम परिखा निवासी सहपुरवा (पड़री), थाना रायपुर जिला सोनभद्र ने साजिश के तहत खेत पर बने अपने मकान में भेज दिया। जहां पर पहले से ही मकान में मौजूद रामेश्वर यादव पुत्र रामजग यादव निवासी ग्राम पड़री, थाना रायपुर, जिला सोनभद्र ने मुंह बंद करके जबरन बेटी के साथ दुष्कर्म किया। उस समय घर पर पति-पत्नी नहीं थे। शाम करीब 6 बजे घर आया तो बेटी ने सारी बात बताया। इस तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दिया। विवेचक ने पर्याप्त सबूत मिलने पर कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया था।

मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, 10 गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दुष्कर्म के दोषी रामेश्वर यादव को 20 वर्ष की कठोर कैद एवं 21 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर एक माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वहीं दुष्कर्म में सहयोग करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी सुशीला को 20 वर्ष की कठोर कैद व 41 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर एक माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित होगी। जबकि अर्थदंड की धनराशि में से 50 हजार रुपये पीड़िता को मिलेगा। अभियोजन पक्ष की तरफ से सरकारी वकील दिनेश प्रसाद अग्रहरि, सत्य प्रकाश त्रिपाठी एवं नीरज कुमार सिंह ने बहस की।

भीषण गर्मी में बिलबिलाए ग्रामीणों ने बिजली के लिए सड़क पर उतर कर किया प्रदर्शन

तरूणमित्र न्यूज

बीजपुर(सोनभद्र)। एक सप्ताह से नधिरा उपकेंद्र के बकरिहवा फीडर अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र में आने वाली बिजली सप्लाई ध्वस्त हो गयी है। पूरी रात और पूरा दिन बिजली गायब रहने से गाँवों में पेयजल संकट खड़ा हो गया है लोग अंधेरे में जीवन व्यतीत करने के लिए मजबूर हैं तो बच्चे बुजुर्ग और आम इन्शान गर्मी से बीमार पड़ने लगा है।बार बार शिकायत के बावजूद बिजली बितरण निगम के अधिकारी कान में तेल डाल कर सो रहे हैं।न तो जर्जर उपकरण बदले जा रहे हैं और नहीं सुचारू रूप से बिजली सप्लाई पर कोई ध्यान देरहा है।

भीषण गर्मी से बिलबिलाए ग्रामीणों का गुस्सा गुरुवार दोपहर में भड़क गया और दर्जनों की संख्या में नेमना तथा आसपास के लोग रेणुकोट बीजपुर सड़क मार्ग पर इकठ्ठा होकर कर बिजली विभाग के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया तथा बिजली विभाग मुर्दाबाद बितरण निगम मुर्दाबाद एक्सईएन पिपरी मुर्दाबाद जेई नधिरा मुर्दाबाद के जमकर नारे लगाए।मामले की जानकारी के लिए नधिरा सबस्टेशन फोन किया गया तो बताया गया कि 33 केवीए पुरानी जर्जर लाइन कई दिनों से फाल्ट में चल रही है जलकल फीडर की 33 केवीए लाइन से सप्लाई की कोशिश की जा रही है लेकिन लोड लेने की बजाय बन्द हो जा रही है।ग्रामीण अश्वस्थामा यादव सुजलाल गुलाब चंद विकास महेश अर्जुन सियाराम राधेश्याम सन्तोष सहित अनेक लोगों ने कहा कर्मचारी बिल लेने घर घर आते है बिजली सलप्लाई के समय जर्जर याद आता है। कहा कि अगर बिजली सप्लाई में तत्काल सुधार नही हुआ तो सैकड़ो लोग नधिरा सबस्टेशन में ताला बंद करेगें जिसकी जिम्मेदारी बितरण निगम के हर जिम्मेदार अधिकारी की होगी।एसडीओ म्योरपुर शिवम गुप्ता कहा की लगता है ओवरलोड़ से 33 ट्रिप कर रहा है हमलोग भी परेशान हैं समझ मे नही आ रहा है।

जर्जर विद्युत पोल व तार बदलने की उठी मांग

तरूणमित्र न्यूज

दुद्धी, सोनभद्र। दुद्धी ब्लॉक क्षेत्र के टेढ़ा गाँव निवासी ग्रामीणों ने गाँव में जर्जर हुए विद्युत पोल व तार बदलने की मांग की हैं। ग्रामीणों की मांग पर ग्राम प्रधान चन्द्रावती देवी व बीडीसी देवचंद ने क्षेत्र पंचायत की बैठक में भी जर्जर विद्युत पोल एवं तार बदलने का मामला उठाते हुए लिखित शिकायत किया हैं, जिसमें कहा गया हैं कि टेढ़ा गाँव में 30-35 साल पहले लोहे की विद्युत पोल के साथ विद्युतिकरण हुआ था जिसे अब तक बदला नहीं गया हैं। लोहे की विद्युत पोल एवं तार काफी जर्जर हो चुके हैं जो आए दिन आंधी -तूफान में गिरते रहते हैं जिससे विद्युत आपूर्ति बाधित होने के साथ कई प्रकार की क्षति भी उठानी पड़ती हैं। लोहे जर्जर पोल गिरने से एक -दो बार किसानों के फसलों का भी नुकसान हुआ हैं। टेढ़ा गाँव के प्रधान एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य की मांग को गंभीरता से लेते हुए ब्लॉक प्रमुख रंजनामणि चौधरी ने तत्काल बिजली विभाग के एसडीओ को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बिजली विभाग के एसडीओ तीर्थराज ने आश्वासन दिया हैं कि विद्युत पोल व तार बदलने की मांग विभाग के उच्च अधिकारियों को भेजी जा रही हैं अनुमति एवं बजट मिलते ही जर्जर विद्युत पोल एवं तार बदलने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

नवागत एबीएसए म्योरपुर क्या बर्बाद शिक्षा व्यवस्था को सुधारने में सफल होगें?

तरूणमित्र न्यूज

बीजपुर(सोनभद्र)। म्योरपुर शिक्षा क्षेत्र में शिक्षकों के अवैधानिक अटैचमेंट सीसीएल अवकाश और मेडिकल के नाम पर भगोड़े शिक्षकों को नियम विरुद्ध संरक्षण तथा संकूल शिक्षकों के माया जाल में फंस कर शिक्षा व्यवस्था को बर्बाद करने वाले एबीएसए विश्वजीत कुमार का स्थानांतरण तो कर दिया गया है लेकिन अब म्योरपुर ब्लॉक में आए नवागत एबीएसए को सब सही करना भी एक चुनौती पूर्ण कार्य है।

देखना यह होगा की नए बीईओ शिक्षा व्यवस्था को सुधारने और सरकारी स्कूल से मोह भंग हो चुके बच्चों को वापस लाने में क्या रणनीति अपनाते हैं। बुधवार को कुछ सरकारी स्कूलों में जब छात्र संख्या की जानकारी ली गई तो कही 10: तो कही 20: तक बच्चों की उपस्थिति देखी गई यह अलग बात है की विभागीय आदेशों को बता कर छात्र संख्या 80: से 85: तक दिखाया जा रहे हैं लेकिन यह गोलमाल का खेल कब तक चलेगा।

भगोड़े शिक्षकों पर कैसे होगी कारवाई- पूर्व एबीएसए के निजी स्वार्थ और उनके संरक्षण में घर बैठे वेतन उठाने की आदत डाल चुके तीन दर्जन काम चोर अध्यापक अध्यापिकाओं को नवागत बीईओ क्या स्कूल में फिर से ला कर पढ़ाई करवा पाएंगे यह भी चर्चा का विषय बना हुआ है। पूर्व एबीएसए द्वारा म्योरपुर शिक्षा क्षेत्र की सभी व्यवस्था को दो वर्षों में किया गया डैमेज कंट्रोल किस प्रकार और कब तक हो पाता है यह सब से महत्वपूर्ण विषय बना हुआ है।

दीमक की तरह चाट रहें है सरकारी स्कूलों को गैर मान्यता प्राप्त स्कूल- दीमक की तरह सरकारी स्कूलों को चाट रहे कुकुरमुत्ते की तरह जगह जगह चल रहे गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों पर रोक लगाने के लिए एबीएसए विश्वजीत द्वारा 15 दिन पहले दिखावे के लिए जो नोटिस दिया गया था क्या उसको नवागत एबीएसए गंभीरता से लेते है यह भी एक महत्वपूर्ण विषय है। बहरहाल सूत्र बताते हैं कि चोपन ब्लॉक से म्योरपुर के लिए आए एबीएसए काफी कर्मठ और नियम कानून से जुड़े अनुभवी अधिकारी बताए जा रहे है इसलिए उम्मीद जताई जा रही है कि सब कुछ जल्दी ही बर्वाद शिक्षा व्यवस्था पटरी पर कर लिया जाएगा।

गर्मी बढ़ते ही बाजार में बढ़ी गरीबों की देशी फ्रिज की मांग

तरूणमित्र न्यूज

सोनभद्र। जैसे-जैसे गर्मी का पारा चढ़ रहा है लोगों की परेशानी भी बढ़ती जा रही है। लोगों का कंठ गर्मी की तपिश से सूखने लगा है। लोग अपने-अपने घरों में देसी फ्रिज यानी मिट्टी से बना बर्तन खूब खरीद रहे हैं। मिट्टी से बना मटके का पानी किसी फ्रिज से कम ठंडा नहीं है और पानी का स्वाद भी कई गुना बढ़ा देता है। मटके का पानी स्वास्थ्य के लिए काफी उत्तम है। दुद्धी के साप्ताहिक बाजार में क्षेत्र मे बढ़ती प्रचंड गर्मी के मद्देनजर देसी फ्रिज की मांग काफी बढ़ गयी। मिट्टी के घड़े की बढ़ती मांग को देखते हुए बाजार में कुम्हार कई किस्म के मिट्टी के बर्तन बेच रहे हैं। कुम्हार ग्राहकों की मांग के अनुरूप विभिन्न प्रकार के घड़ा, सुराही, मटका आदि का निर्माण कर बाजार में बेच रहे हैं। आज भी देसी फ्रिज की मांग समाज के सभी वर्गों में है।

खासकर ग्रामीण एवं पहाड़ी क्षेत्रों में जीवन व्यतीत करने वाले आदिवासी जनजाति परिवार इसके कायल हैं। बाजार में छोटे घड़े की कीमत 50 से 60 रुपए तक तथा बड़े घड़े की कीमत 100 से 150 तक में बिक रही है। मिट्टी के घड़े एवं वर्तन कारोबार में जुड़े कुम्हार बताते हैं कि हम लोग वर्षों से इस धंधे से जुड़े हुए हैं। बारहो महीना हमलोग विभिन्न बाजारों में मिट्टी से बने बर्तन बेच कर अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं।

पिछले पांच वर्षों से मिट्टी के बने बर्तन की बिक्री में कमी आयी है। गर्मी आते ही मिट्टी के बर्तन की बिक्री कुछ हद तक ठीक-ठाक होती है। हालांकि मिट्टी, कोयले आदि की बढ़ती महंगाई से कुम्हार परेशान हैं और उनका कहना हैं कि मेहनत के हिसाब से मिट्टी के वर्तनों का दाम नही मिल पाती हैं फिर भी हमलोग पुस्तैनी धंधे को संभाल रखा हैं।

महिला को मारपीट कर किया अधमरा हालत गंभीर ट्रामा सेंटर रेफर

तरूणमित्र न्यूज

मीरजापुर। हैंडपंप से पानी लेने गई एक 65 वर्षीया महिला को पड़ोसियों ने लाठी-डंडे के प्रहार से बुरी तरह से अधमरा कर दिया है। जिन्हें प्राथमिक उपचार के पश्चात मंडलीय अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया था। मंडलीय अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने सिर में गंभीर चोट को देख बेहतर उपचार के लिए उन्हें वाराणसी ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया। जानकारी के अनुार ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के मझिगवां गांव निवासी सावित्री सिंह पत्नी वंशराज सिंह 28 अप्रैल को दोपहर में अपने घर के समीप हैंडपंप पर स्नान कर रही थीं जबकि घर के पास उनका पौत्र और उनके विपक्षी के बेटे व कुछ और लड़के खेल रहे थे। जहां खेल के दौरान उनके विपक्षी के बेटे को चोट आग गई। इसी बात को लेकर विपक्षी और उनके परिवार की महिलाएं उनके 5 वर्षीय पत्र का गला दबाकर मरने लगे थे। पौत्र की चीख पुकार सुनकर जब बीच बचाव के लिए पहुंची तो उन्हें भी बुरी तरह से मारपीट कर घायल कर दिया गया जिनके सर में गंभीर चोटें आई। उनकी हालत गंभीर देखते हुए उन्हें वाराणसी ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि अभी तक पुलिस ने उनकी तहरीर पंजीकृत नहीं की है।

आदर्श मोहन बने युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव, कार्यकर्ताओं में हर्ष

तरूणमित्र न्यूज

मीरजापुर। उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस का संगठन विस्तार हुआ है। जिसमें जनपद के राजगढ़ विकास खंड के भीटी निवासी आदर्श मोहन पांडेय को पूर्वी उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस का महासचिव बनाया गया है। आदर्श मोहन पांडेय पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष इलाहाबाद विश्वविद्यालय रह चुके हैं तथा वर्तमान में उच्च न्यायालय इलाहाबाद में अधिवक्ता हैं। इनके मनोनयन पर कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है।

करणी सेना के ऊपर की जाए कार्रवाई, रामजीलाल सुमन की बढ़ाई जाएं सुरक्षाः प्रदीप

तरूणमित्र न्यूज

भदोही। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं राज्यसभा सदस्य रामजी लाल सुमन के काफिले पर बुलंदशहर जाते समय करणी सेना द्वारा किए गए हमले के विरोध में गुरुवार को सपाइयों ने जिला मुख्यालय पर जबरदस्त धरना-प्रदर्शन किया। जहां राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपकर करणी सेना के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की गई।

इस दौरान पार्टी जिलाध्यक्ष प्रदीप यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं सांसद (राज्यसभा) रामजी लाल सुमन को करणी सेना द्वारा निरंतर जान से मारने की धमकी दी जा रही है तथा उनके आवास पर हमला भी किया गया। 27 अप्रैल को बुलंदशहर जाते समय अलीगढ़ में उनके काफिले पर करणी सेना द्वारा हमला किया गया। उन्होंने कहा कि हमले में कुछ वाहन भी क्षतिग्रस्त हुए लोगों को चोटें भी आई हैं। ऐसे अराजक तत्वों के विरुद्ध प्रशासन तथा सरकार द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। जिससे स्पष्ट है कि उन्हें सरकार का खुला समर्थन प्राप्त है। इससे सरकार की दलित विरोधी मानसिकता उजागिर होती है।

पार्टी के प्रदेश सचिव मो.आरिफ सिद्दिकी ने कहा कि सरकार दलित सांसद पर हो रहे हमलों को लेकर न जाने क्यों मौन है। सांसद रामजी लाल सुमन की सुरक्षा बढ़ाई जाएं। पूर्व मंत्री राजकिशोर बिंद ने कहा कि रामजी लाल सुमन पर सरकार के शह पर ही हमला किया जा रहा है। जिला महासचिव हृदय नारायण प्रजापति ने कहा कि अगर करणी सेना पर कारवाई नहीं की गई तो समाजवादी पार्टी अपने आंदोलन को और भी तेज कर देगी। इस मौके पर ओमप्रकाश यादव, श्यामला सरोज, शोभनाथ यादव, पन्नालाल यादव, जावेद खां, शैलेश सिंह मंटू, संतोष यादव, लालचंद बिंद, दिलीप भीम कन्नौजिया, डॉ.सरिता बिंद, कमलाशंकर महतो, राजकुमार यादव, बिंदु सरोज, मनोज यादव, इबरान खां, शैलेश यादव, प्रमिला यादव, धर्मेंद्र मिश्र पप्पू राजेश राय, प्रमोद यादव, कल्लन यादव मौजूद रहे।

मजदूर दिवस पर शहीद मजदूरों को किया गया याद

तरूणमित्र न्यूज

भदोही। हिंद मजदूर किसान पंचायत (HMKP) द्वारा गुरुवार को मजदूर दिवस के मौके पर नगर के चौरी रोड स्थित एक कॉम्पलेक्स में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न मजदूर संगठनों के नेता व श्रमिक शामिल हुए। जहां शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर लाल सलामी दी। हिमकिप के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मो.हसनैन अंसारी ने कहा कि इस दिन को मनाने की नींव अमेरिका में रखी गई थी।

जब अमेरिकी मजदूरों ने अपने अधिकारों को लेकर आवाज उठाते हुए आंदोलन किया। उन दिनों मजदूर एक दिन में 15-15 घंटे काम करते थे। अपने कार्य अवधि को कम और तय करने की मांग करते हुए मजदूर 1986 में सड़कों पर उतर आए और हड़ताल करने लगें। उन्होंने कहा कि आंदोलन में पुलिसकर्मियों ने मजदूरों पर लाठीचार्ज और फायरिंग कर दी। पुलिसकर्मियों की लाठीचार्ज और फायरिंग से हजारों मजदूरों की जान चली गई। जबकि सैकड़ों की संख्या में श्रमिक घायल हो गए। उस समय सड़कों और नालियों में खून ही खून बह रहा था। तब झंडा सफेद रंग का हुआ करता था। लेकिन उसके बाद झंडे का रंग लाल कर दिया गया। उत्तर प्रदेश किसान सभा के प्रदेश मंत्री इंद्रदेव पाल ने कहा कि जिस श्रमिक कानूनों को मजदूरों ने लड़कर हासिल किया था। इसे सरकारें समाप्त करने का कुचक्र रच रही है। श्रम कानून पर हमलाकर ट्रेड यूनियन एक्ट को समाप्त कर पूरी तरह से मजदूर विरोधी कानून लागू किया जा रहा है। मजदूरों की एकता की कड़ी को तोड़ने के लिए हिंदू-मुस्लिम के बीच नफरत फैलाई जा रही है।

इस मौके पर संजीव दुबे, जितेंद्र राय, जगन्नाथ मौर्य, सुशील श्रीवास्तव, रामजीत यादव, भुलाल पाल, जयप्रकाश सिंह, भानसिंह मौर्य, प्रेम बहादुर, काशीनाथ, प्रेम बहादुर, संजय कुमार, नजर नवाज, प्रिंस अंसारी व सरफराज अहमद आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहें।

महिला उत्पीड़न की शिकायत प्राप्त होने पर तत्परता के साथ की जाये कार्यवाहीः गीता

तरूणमित्र न्यूज

सोनभद्र। सदस्य सचिव, उ0प्र0 राज्य महिला आयोग लखनऊ गीता विश्वकर्मा जी द्वारा गुरूवार को अपने भ्रमण कार्यक्रम के दौरान चुर्क गुरमा जेल महिला बन्दी गृह, जिला अस्पताल, वन स्टाफ सेन्टर, कस्तूरबा गॉधी बालिका विद्यालय का निरीक्षण किया गया। चुर्क गुरमा जेल के निरीक्षण के दौरान सदस्य ने जेल में विचाराधीन महिला कैदियों से सीधा संवाद किया और जेलर को निर्देशित करते हुए कहा कि जेल में बंद सजायाफ्ता कैदियों को कौशल विकास का प्रशिक्षण दिलाये जाने हेतु उच्च स्तर पर पत्राचार किया जाये।

उन्होन ने महिला बन्दी गृह में महिला स्वीपर न होने की शिकायत पर उन्होंने जेलर को निर्देशित करते हुए कहा कि अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत चुर्क को पत्राचार कराकर सफाई कर्मी की नियुक्ति की कार्यवाही सुनिश्चित करायी जाये, उन्होंने कहा कि महिला बन्दियों को निर्धारित मीनू के अनुसार समय से नाश्ता व भोजन उपलब्ध कराया जाये, इसके बाद मा0 सदस्य महोदय द्वारा जिला संयुक्त चिकित्सालय का निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान इमरजेंसी वार्ड में बेड से सटाकर रखे हुए डस्टवीन को देखकर ने नाराजगी व्यक्त करते हुए सी0एम0एस0 को निर्देशित करते हुए कहा कि साफ-सफाई का व्यवस्था बेहतर तरीके से सुनिश्चित करायी जाये, वार्ड में गंदगी न रहें। पोस्ट डिलेवरी वार्ड का भी निरीक्षण किये, डिलिवरी वार्ड में महिला मरीजों हेतु लगायी गयी ए0सी0 खराब स्थिति में पायी गयी। सदस्य ने नाराजगी व्यक्त करते हुए सी0एम0एस0 को निर्देशित करते हुए कहा कि खराब ए0सी0 को तत्काल ठीक करायी जाये, जिससे महिला मरीजों को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़ें, इसी प्रकार से कस्तूरबा गॉधी आवासीय बालिका विद्यालय का भी निरीक्षण की, इस दौरान उन्होंने कहा कि विद्यालय परिसर में साफ-सफाई बेहतर रखा जाये, बच्चों को निर्धारित मीनू के अनुसार नास्ता, भोजन आदि की व्यवस्था और बेहतर किया किया जाये, छात्राओं को खेल के प्रति भी रूचि रखें, इसके लिए प्रयास किया जाये, उन्होंने कहा कि बच्चों को स्वस्थ्य रहने के लिए साफ-सफाई के लिए प्रति प्रेरित किया जाये और उन्हें साफ-सफाई न रखने से होने वाली बीमारी से अवगत कराया जाये।

सर्किट हाउस सभागार चुर्क में जन सुनवाई की, उन्होंने कहा कि सोनभद्र जिले की महिला बहनों को सुरक्षित रखा जाये, महिलाओं के उत्पीड़न की जानकारी होने पर तत्परता से कदम उठायें हुए, हर हाल में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित किया जाये। महिलाएं भी अपने-अपने घर परिवार को देखते हुए समाज की मुख्य धारा से जुड़े और महिलाओं को ज्यादा से ज्यादा जागरूक करें। महिलाएं अपने लड़के व लड़कियों को हर हाल में स्कूल भेजे और शिक्षा के प्रति भी सजग रहें, तभी वे खुद के साथ अपने परिवार का विकास कर, आत्मनिर्भर की ओर अग्रसर हो सकेंगीं। मौजूद सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहाकि महिला उत्पीड़न के प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करते हुए महिलाओं के मान-सम्मान को बनाये रखा जाय।

दूर-दराज से आयी महिलाओं ने अपने दुःख-दर्द को सुनाया, जिस पर सम्बन्धितों को प्रकरणों की जॉच कर न्याय दिलाने के निर्देश सम्बन्धितों को दिया गया। इस दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी श्रीमती इंद्रावती कुमारी, अपर जिला सूचना अधिकारी श्री विनय कुमार सिंह,महिला थानाध्यक्ष सरिता सरोज, गायत्री दुबे, आकांक्षा पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

अस्थाई ग्राम प्रधान की नियुक्ति में हीलाहवाली का ग्रामीणों ने लगाया आरोप

तरूणमित्र न्यूज

मीरजापुर। जिले के बहुचर्चित ग्राम पंचायत बरडीहा कला के ग्राम प्रधान पन्नालाल के जेल जाने के तीन माह बीतने के बाद भी गांव में अस्थाई ग्राम प्रधान की नियुक्ति न होने से विकास कार्य प्रभावित हो रहा है। साथ ही साथ ग्रामीणों को भी तमाम प्रकार की परेशानियों से जूझना पड़ रहा है।

बताते चलें कि हलिया विकास खंड क्षेत्र के बरडीहा कला गांव के ग्राम प्रधान पन्नालाल, उनके बेटे समेत कुल सात लोगों पर गांव के ही एक साढ़े तेरह वर्षीय बालक अशोक पुत्र जगजीवन राम को 31 दिसंबर 2024 को बुरी तरह से नग्न कर हाथ-पैर बिजली के पोल में बांधकर निर्ममता पूर्वक मारने पिटने सहित गुप्तांग में लाल मिर्च डालकर तालिबानी सजा देने का वीडियो वायरल हुआ था। आरोप रहा है कि पीड़ित बालक के पिता ने दो बोरा धान बेचकर दूसरे दिन बेटे को छुड़ाया था। वहीं मामला जब सोशल मीडिया में उछला तो हरकत में आई हलिया पुलिस ने अधिकारियों के फटकार लगाते पर तीन दिन बाद मुकदमा पंजीकृत करते हुए आनन-फानन में सभी को जेल भेजा था। इस मामले में तीन माह से ग्राम प्रधान पन्नालाल जेल में निरुद्ध है, जिससे गांव का विकास कार्य प्रभावित हो रहा है। जिलाधिकारी के निर्देश पर ग्राम पंचायत में विकास कार्य अवरुद्ध होने के क्रम में विकास कार्यों को सुचारू रूप से संचालित कराए जाने के लिए अस्थाई ग्राम प्रधान की नियुक्ति के संबंध में कार्यालय उप जिलाधिकारी लालगंज के पत्र संख्या 568/एसटी बैठक एवं 25 अप्रैल 2025 के क्रम में एवं जिलाधिकारी के आदेश 16 अप्रैल 2025 के अनुपालन में ग्राम पंचायत बरडीहा कला विकासखंड हलिया के अस्थाई ग्राम प्रधान की नियुक्ति के संबंध में बैठक 28 अप्रैल 25 को पूर्वाहन 10.30 बजे की तिथि नियत की गई थी। जहां सभी निर्वाचित सदस्यों से स-समय पंचायत पर निर्वाचित प्रमाण पत्र के साथ उपस्थित रहने की अपील की गई थी। ग्रामीण बताते हैं कि ग्राम पंचायत अधिकारी द्वारा बैठक की सूचना दी गई थी।

लेकिन जैसे ही बैठक की तिथि आई है वैसे इसे स्थगित कर दिया गया है। ऐसे में ग्रामीणों ने बैठक की तिथि मुकर्रर करने के बाद अधिकारियों के न आने और तिथि दर तिथि मुकर्रर किए जाने पर आशंका जताई है कि कहीं जेल में निरुद्ध ग्राम प्रधान और उनके परिवार को अनुचित लाभ पहुंचाए जाने की गरज से तो ऐसा नहीं किया जा रहा है।

मंदबुद्धि बालिका के साथ दुराचार का प्रयास

शोर सुनकर पहुंची महिलाएं युवक की पिटाई कर किया पुलिस के हवाले

शाहगंज। क्षेत्र के नटौली गांव में एक मंदबुद्धि 9 वर्षीय बालिका को बहला फुसलाकर अपने साथ एकांत एक खेत में ले जाकर दुराचार का प्रयास कर रहे युवक को बालिका चीख पुकार सुनकर मौके पर पहुंची महिलाओं व ग्रामीणों ने पकड़कर उसकी पिटाई कर कोतवाली पुलिस के हवाले कर दिया। पकड़ा गया युवक गत सोमवार को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर एक मरीज के जेब से मोबाइल व पैसा चुराते समय रंगे हाथ पकड़ा गया था पिटाई के बाद लोगों ने उसे छोड़ दिया था। युवक अंबेडकर नगर रहने वाला शातिर चोर है।

क्षेत्र के नटौली गांव में गुरुवार की दोपहर करीब 12 बजे कुछ महिलाएं खेत के आसपास काम कर रही थी। अचानक उन्हें एक बालिका की चीखने चिल्लाने की आवाज सुनाई दी तो सभी महिलाएं बगल के खेत पहुंची तो देखा कि एक युवक मंदबुद्धि 9 वर्षीय बालिका के साथ मारपीट कर रहा है शोर गुल सुनकर स्थानीय लोग भी पहुंचे पकड़े गए युवक की पिटाई कर उसे कोतवाली पुलिस के हवाले कर दिया। पुछताछ में पता चला कि उक्त युवक बारादरी मुहल्ले की रहने वाली मंदबुद्धि बालिका को मुहल्ले में अकेला घूमता देखकर बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया था और वहा पर उसके साथ दुराचार का प्रयास किया ता बालिका रोने चिल्लाने लगी जिसके बाद वह पकड़ा गया। पकड़ा गया युवक गत सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रंगे हाथ चोरी करते हुए पकड़ा गया था। स्थानीय लोगों ने पिटाई कर छोड़ दिया था युवक अंबेडकर नगर के किछौछा का रहने वाला बताया जा रहा है पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। इस संबंध में सीओ अजीत सिंह चौहान ने कहा कि एक मंद बुद्धि की बालिका एक युवक के साथ खेत में मिली है जांच कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

पंचायत भवन में लाखों की चोरी से हड़कम्प

सोलर, इन्वर्टर की बैटरी, पंखा कुर्सी उठा ले गए चोर

जौनपुर। जफराबाद थाना क्षेत्र के मोहिउद्दीनपुर गांव स्थित पंचायत भवन से बीती रात चोरों ने लाखों रुपये सामान की चोरी करके हड़कंप मचा दिया। खबर लगते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घटना के संबंध में विस्तृत छानबीन शुरू कर दी है। बता दें कि जफराबाद थाना क्षेत्र के मोहिउद्दीनपुर गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय कैंपस में पंचायत भवन बना हुआ है।

गुरुवार को सुबह सात बजे विद्यालय के शिक्षक जब स्कूल पहुचे तो देखा पंचायत भवन के कमरे का ताला टूटा हुआ था। वहां रखा लाखों रुपए का सामान गायब था। काफी कुछ सामान इधर-उधर बिखरा पड़ा था। प्रधानाध्यापक कृष्ण कांत मधुकर ने ग्राम प्रधान अनिल यादव फौजी को सूचना दिया। ग्राम प्रधान ने मौके पर आकर यूपी डायल 112 और थाने पर सूचना दिया। चोरी की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस और थाने के उप निरीक्षक संजय कुमार ने घटनास्थल पर काफी देर तक जांच पड़ताल किया। जांच के दौरान करीब एक लाख रुपए से अधिक का सामान चोरी हुआ। जिसमें पंचायत भवन में लगे सोलर इन्वर्टर की दो बैटरी, छत पर लगे दो पंखे, एक राउंडिंग चेयर, 12 फाइबर की कुर्सी को चोरों द्वारा चुरा लिए है। ग्राम प्रधान अनिल यादव फौजी ने पंचायत भवन में हुई चोरी की तहरीर पुलिस को दिया है।

पहले भी हो चुकी हैं आधा दर्जन चोरियां

जौनपुर। जफराबाद थाना क्षेत्र में पिछले चार महीने के दरम्यान आधा दर्जन से अधिक चोरियां हो चुकी हैं। लेकिन हल्का पुलिस एक भी चोरी का अब तक खुलासा नहीं कर सकी। रात्रि काल में पुलिस गश्त के नाम पर बीट के सिपाही थाने से रवानगी लिखा कर कुछ चिन्हित स्थानों पर आते हैं। घटा दो घंटा वहां बैठकर फिर वह अन्यत्र चले जाते हैं। इलाकों में प्रबुद्ध लोगों का कहना है कि ड्यूटी के दौरान पुलिस अपराधी किस्म के लोगों पर लगाम कसने के बजाय सिर्फ अपने वसूली की गुणा गणित में लगी रहती है।

जांच समिति की बैठक आज

जौनपुर। प्रभारी अधिकारी प्रोटोकॉल ने अवगत कराया है कि उत्तर प्रदेश विधान परिषद की दैवीय आपदा प्रबन्धन जांच समिति की बैठक दो मई को पूर्वान्ह् 10:00 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित होना प्रस्तावित है।

विवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान

जौनपुर। बदलापुर थाना क्षेत्र के बलुआ ग्राम निवासी राजेश बहादुर बिन्द की 25 वर्षीय पत्नी पूजा देवी बिंद बुधवार की दोपहर साड़ी के सहारे छत के छुल्ला में फांसी का फंदा गले में लगाकर अपना जीवन समाप्त कर लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में लिया और पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि पूजा की तीन वर्ष पूर्व शादी हुई थी। मृतका का पति बड़ोदा (गुजरात) में प्राइवेट नौकरी करता है जिस समय यह घटना हुई उस समय केवल सास ससुर घर में मौजूद थे। का मायका नगर पंचायत सुवंसा फतनपुर जिला प्रतापगढ़ में है। पिता राजेश बहादुर बिंद का कहना है कि हम बेटी के ससुराल वाले जहेज के लिए मारते-पीटते थे। इसी बात को लेकर मेरी बेटी बहुत परेशान थी और वह फांसी लगाकर जान दे दिया है। यह भी कहना है कि ससुराल वालों ने फोन कर कहा कि तुम्हारी बेटी के पेट में दर्द हो रहा है और तबीयत खराब है। जल्दी से चले आइए जैसे ही आधे रास्ते पहुंचे तो थाने से फोन आया कि आपकी बेटी ने फांसी लगा लिया है। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर आगे की कार्यवाही करने में जुट गई है।

जीवन प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें पेंशनर

जौनपुर। वरिष्ठ कोषाधिकारी ने अवगत कराया है कि निदेशक, कोषागार द्वारा प्रेषित वित्त मंत्री द्वारा कोषागारों के कार्यप्रणाली की समीक्षा बैठक की कार्यवृत्त में दिये गये निर्देशानुसार कोषागार से पेंशन प्राप्त कर रहे पेंशनरों को निर्देशित किया जाता है कि जिनकी पेंशन का भुगतान विगत तीन माहों या उससे अधिक समय से बाधित है, वह पूर्व में निर्गत वेवसाइट पर ऑनलाइन डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र/सम्बन्धित बैंक शाखा के माध्यम से/नजदीकी पोस्ट आफिस से अथवा कोषागार में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपना जीवन प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर दें, जिससे पेंशन का भुगतान प्रारम्भ हो सके और आगे एक वर्ष तक पेंशन के भुगतान में कोई बाधा उत्पन्न न हो।

नीलामी रोकने के लिए दिया ज्ञापन

जौनपुर। राष्ट्रीय निषाद एकता परिषद ने मां गोमती नदी की दो मई को तहसील सदर की नीलामी रोकने के लिए गुरुवार को जिला प्रशासन के माध्यम से प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री डा0 संजय कुमार निषाद को एक ज्ञापन भेजा। जिसमें कहा गया है कि गोमती नदी सर्व समाज की माँ हैं। आस्था के आधार पर नदी की नीलामी नहीं होनी चाहिए। हजारों मछुवा समाज के गरीब परिवार माँ गोमती नदी से अपना जीवन यापन सदियों से करते चले आ रहे हैं। यदि गोमती नदी की नीलामी सरकार द्वारा किया गया तो हजारों मछुवा समाज के गरीब परिवार पर इसका बहुत बड़ा प्रभाव पड़ेगा। गोमती नदी नीलामी की सूचना से मछुवा समाज के गरीब परिवार में रोष है। अगर ऐसा हुआ तो आगामी विधानसभा चुनाव में इसका असर दिखेगा। मांग किया कि भाजपा निषाद पार्टी एवं मछुआ समाज के हितों को देखते हुए माँ गोमती नदी की नीलामी सरकार द्वारा रोका जाए। ज्ञापन देते समय प्रेम नारायण निषाद, रंजीत निषाद, राकेश कुमार, अरविन्द सोनकर, जय प्रकाश निषाद, दीपक, अजय निषाद, जोगेन्द्र निषाद समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

विकास कार्यों का सत्यापन न किए जाने से रोष

बोछीमोड़। ग्राम पंचायतों में सरकारी धन से किए गए विकास कार्यों का सत्यापन खंड विकास अधिकारियों द्वारा ग्राउंड जीरो पर नहीं करने से ग्राम वासियों में आक्रोश व्याप्त रहने का समाचार है। विवरण के अनुसार सरकार द्वारा दिया गया धन ग्राम विकास के लिए आता है इस धन का ग्राम प्रधानों द्वारा विकास कार्यों में लगे धन का सही उपयोग हुआ है या नहीं इसके सत्यापन के लिए खंड विकास अधिकारी कभी भी ग्राउंड जीरो पर जाकर नहीं करने का कारण धन का सदा बंदर बाट हो जाता है और ग्राम पंचायत का कार्य सदा अधूरा रह जाता है। यही से भ्रष्टाचार का उदय हो जाता है क्योंकि ग्राम पंचायत के विकास का कार्य के प्रति क्या खंड अधिकारियों का जवाब दे ही नहीं बनती इसीलिए एसी कमरे में बैठकर सत्यापन कर दिया जाता है जबकि देश के उच्च अधिकारी किसी भी घटना के बाद ग्राउंड जीरो पर पहुंच जाते हैं कभी-कभी ग्राम सदस्य की शिकायत पर यह ग्राउंड जीरो पर पहुंच जाते हैं नहीं तो एसी कमरे से बाहर नहीं होते।

डीएम ने किया स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन

जौनपुर। अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर निर्माणाधीन जिला कारागार में श्रमिकों के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिलाधिकारी डा. दिनेश चन्द्र के द्वारा श्रमिक पंजीकरण कैंप एवं चिकित्सा विभाग द्वारा लगाए गए स्वास्थ्य शिविर का फीता काटकर कैम्प का उद्घाटन किया गया एवं आयोजित कैम्पों का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी, मुख्यविकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं अवर अभियन्ता पीडब्ल्यूडी, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय के द्वारा श्रमिकों को निर्माण कार्य में संलग्न श्रमिकों को प्रशस्ति पत्र और अंग वस्त्रम प्रदान करते हुए सम्मानित किया गया और श्रमिकों के बच्चों को फल भी वितरित किया।

सीएमओ ने किया वीपीडी का उद्घाटन

जौनपुर। उत्तर प्रदेश अपने स्वयं के प्लेटफार्म का उपयोग करके वैक्सीन प्रिवेन्टेबिल डिजीजेस (वीपीडी) की रीयल टाइम डिजिटल सर्विलान्स शूरु करने वाला पहला राज्य बना, जिसका उद्घाटन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. लक्ष्मी सिंह के द्वारा किया गया। एक मई से उत्तर प्रदेश सरकार यूनीफाइड डिजीज सर्विलान्स पोर्टल (यूडीएसपी) पर वैक्सीन प्रिवेन्टेबिल डिजीजेस (वीपीडी) का डिजिटल सर्विलान्स शुरू करेगी। यह पहल, रीयल टाइम केस रिपोर्टिंग, सटीक और विश्वसनीय डेटा संग्रह को सक्षम करेगी, जिससे रोगों, प्रकोपों का शीघ्र पता लगाया जा सके और त्वरित गति से प्रभावी रणनीतियां तैयार कर क्रियान्वयन किया जा सके।

युवा उद्यमी विकास योजना अन्तर्गत ऋण वितरण में जनपद शीर्ष पर

जौनपुर। मुख्यमंत्री की युवा उद्यमियों को आत्मनिर्भर बनाने तथा उद्योग स्थापित करने हेतु ऋण सुविधा प्रदान करने की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना में जनपद ने विगत अप्रैल माह में सर्वाधिक 257 युवाओं को ऋण देकर प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा। जिलाधिकारी ने बताया कि पूरे प्रदेश में पिछले एक माह में जौनपुर ने सबसे अधिक युवाओं को लोन वितरित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

फिटनेस, परमिट न होने पर वाहन हो सकते है ब्लैकलिस्ट

जौनपुर। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) संबंधित अधिकारी ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से समस्त वाहन स्वामियों को बताया है कि जिनके वाहनों (ट्रक/ बस/ पिकअप/ जीप टैक्सी / ई-रिक्शा) जिनके फिटनेस फेल हुए एक वर्ष से अधिक समय बीत चुका है, टैक्स बकाया है अथवा परमिट फेल है। ऐसे सभी वाहन स्वामी अपने वाहनों के टैक्स आदि तत्काल जमा करते हुए फिटनेस हेतु एक सप्ताह के अन्दर आवेदन कर वाहनों का फिटनेस कराना सुनिश्चित करें। अन्यथा की स्थिति में फिटनेस समाप्त वाहनों को ब्लैक लिस्ट करते हुए पंजीयन निलम्बन और अन्य संभावित कार्यवाही की जायेगी। कुछ मामलों में, वाहन को सीज भी किया जा सकता है। जिसके लिए वाहन स्वामी स्वयं जिम्मेदार होंगे।

शीतल जल उपलब्ध कराना पुण्य का कार्य : मधुसूदन

जौनपुर। समाज सेवी संगठन लायंस क्लब रॉयल द्वारा स्व0 स्वतंत्र कुमार बैंकर की स्मृति में अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर नगर के सुतहट्टी चौराहा स्थित प्लाजा पर नि:शुल्क प्याऊ का शुभारंभ क्लब अध्यक्ष मधुसूदन बैंकर ने राहगीरों को मिष्ठान खिलाने के पश्चात शीतल जल पिला कर किया। उपाध्यक्ष संजीव साहू ने कहा क्लब द्वारा इस व्यस्त चौराहे पर गर्मी में आम जनता की सुविधा के लिए लगाया गया यह प्याऊ निश्चित रूप से बहुत ही महत्वपूर्ण सेवा कार्य है। इस अवसर पर अरविंद कुमार बैंकर, प्रदीप प्रधान, वैभव प्रधान, विकास मालवीय, गोपाल भी उपस्थित रहे सभी के प्रति धन्यवाद क्लब सचिव अजय सोनकर ने व्यक्त किया।

कमलेश यादव बने प्रदेश महासचिव

जौनपुर। अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष अशोक यादव अधिवक्ता सुप्रीम कोर्ट के द्वारा कमलेश यादव को प्रदेश महासचिव के पद पर नियुक्त किया गया। कमलेश यादव पहले युवा यादव महासभा के जिलाध्याक्ष बने उसके बाद प्रदेश उपाध्यक्ष बनाये गये इसके बाद समाज के प्रति लगन और निष्ठा को देखते हुए इनको यादव महासभा के प्रदेश महासचिव के पद पर नियुक्त कर दिया गया है। संगठन के माध्यम से लोगों को जागरुक करने के साथ साथ साहित्य लेखन में भी विशेष अभिरुचि है। उनकी काव्य रचना अपना लोहा अपनी धार समाज में काफ़ी लोक प्रिय और पसन्द की गई है। शीघ्र ही उनकी दो और काव्य रचनायें प्रकाशित होने वाली हैं।

वृद्धाश्रम में मनायी गयी प्रेम कुमारी राय की पुण्यतिथि

पुण्यतिथि पर श्रद्धा समुन अर्पित करते लोग।

जौनपुर। शहर के सुक्खीपुर अलीशाहपुर स्थित वृद्धाश्रम में रह रहे निराश्रितों के बीच गुरूवार को जनपद के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं ग्रामोदय इंटर कालेज गौराबादशाहपुर के प्रबंधक संत प्रसाद राय की धर्मपत्नी श्रीमती प्रेम कुमारी राय की पुण्यतिथि मनायी गयी।

सर्व प्रथम उनके चित्र पर उपस्थित लोगों ने माल्यार्पण कर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। तत्पश्चात वक्ताओं ने उन्हें सहजता एवं सरलता की प्रतिमूर्ति बताते हुए कहा कि उनका जीवन सदैव से दीन-दुखियों के लिए समर्पित रहा। उनके दरवाजे पर गया व्यक्ति कभी खाली हाथ नहीं लौटा। निराश्रितों की सेवा उनकी रग में भरा था। आज की महिलाएं उनके पदचिन्हों का अनुसरण करें यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इसके बाद सभी निराश्रितों का कुशल क्षेम पूछते हुए उन्हें भोजन कराया गया। इस अवसर पर पूर्व मुख्य चिकित्साधिकारी एवं जनपद के जाने-माने बाल रोग विशेषज्ञ डा0 राम अवध यादव, भाजपा नेता व पूर्व प्रमुख सुरेन्द्र सिंह, डा0 रामेश्वर प्रसाद त्रिपाठी, महाबल यादव, पंडित अरूण मिश्र, सत्यदेव दूबे, रविन्द्र यादव समेत अधिवक्ता, पत्रकार एवं तमाम संभ्रान्तजन मौजूद रहे।

जिले के जाने-माने चिकित्सक डा. प्रमोद मौर्य को किया गया सम्मानित

डा. प्रमोद कुमार मौर्य को सम्मानित करते अतिथिगण।

जौनपुर। बोर्ड का इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिन उत्तर प्रदेश लखनऊ का 50 वां स्थापना दिवस एवं राजस्थान सरकार द्वारा सरकारी बोर्ड गठित करने हेतु शासनादेश पर इलेक्ट्रो होम्योपैथिक चिकित्सकों ने बधाई दी है।

लखनऊ बोर्ड का इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिन उत्तर प्रदेश के 50 में व स्थापना दिवस के अवसर पर जनपद के जाने-माने चिकित्सा के डा. प्रमोद कुमार मौर्य को सम्मानित किया। इस अवसर पर डा. प्रमोद कुमार मौर्य बोर्ड का आभार व्यक्त करते हुए राजस्थान सरकार के भूरी भूरी प्रशंसा की और बताया कि भारत का प्रथम इलेक्ट्रो होम्योपैथिक बोर्ड गठित करने के लिए राजस्थान सरकार को इलेक्ट्रो होम्योपैथिक चिकित्सा आभार व्यक्त करते हैं अब वह दिन दूर नहीं जब भारत के समस्त राज्यों में इलेक्ट्रो होम्योपैथिक बोर्ड गठित होना और सरकार की तरफ से अनुदान एवं चिकित्सा विज्ञान के चिकित्सकों का सरकारी समायोजन प्रारंभ हो जाएगा। इस कार्यक्रम में भारत के समस्त राज्यों से प्रतिनिधियों ने भाग लिया डेढ़ सौ चिकित्सकों को सम्मान पत्र एवं शील्ड व पदक देकर सम्मानित किया गया।

नूरसबा ने स्कूल में किया टॉप

तेजीबाजार। स्थानीय हिलाली गांव निवासी नूरसबा पुत्री फिरोज शेख ने इंटरमीडिएट यूपी बोर्ड की परीक्षा में 82 प्रतिशत अंक हासिल कर जयहिंद इंटर कॉलेज में प्रथम स्थान प्राप्त किया वही उक्त गांव निवासी मयंक सिंह पुत्र राम सिंह ने 81 प्रतिशत अंक हासिल कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी गांव के निवासी देव प्रताप सिंह पुत्र अरुण सिंह ने 80 प्रतिशत अंक हासिल किया। बच्चों ने अच्छा अंक प्राप्त कर घर, परिवार, माता-पिता तथा विद्यालय का नाम रोशन कर दिया। अविभवकगण ने बच्चों को आशीर्वाद दिया। जयहिन्द इंटर कालेज के प्रिंसिपल हरिश्चंद्र मौर्य ने सभी बच्चों को आशीर्वाद दिया और बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना किया। अविभावक अरुण सिंह ने बहुत मेहनत कर सफलता प्राप्त किया है और इन्होंने कहा की सभी बच्चों ने प्रारंभिक शिक्षा-दीक्षा श्री राम सेवक विद्या मंदिर हिलाली से प्राप्त की है।

सत्संग परमात्मा की सर्वोत्तम भक्ति है : संतदास

जौनपुर। सत्संग परमात्मा की सर्वोत्तम भक्ति है। इसलिए मानव को संतों की संगति करनी चाहिये। उक्त उद्गार नगर के सैदनपुर वार्ड की सभासद रूपा गुप्ता के आवास पर आयोजित मानसकथा में स्वामी संतदास ने व्यक्त किया। नवधा भक्ति का वर्णन करते हुए कथा व्यास ने कहाकि भगवान की कथा का श्रवण करना, गुरू के चरण कमलों की सेवा, भगवान के गुणों का गान करना भी भक्ति के लक्षण है। मंत्रों का जप, ईश्वर के प्रति दृढ़ विश्वास, वेदों का अध्ययन, इन्द्रियों को वश में रखना, सांसारिक कर्मों से विरक्ति सदैव सदाचरण में लीन रहना, मन में संतोष रखना तथा सबके साथ सदाचरण में लीन रहना, छप कपट रहित व्यवहार करना ये सभी नवधा भक्ति के अन्तर्गत आते हैं। कथा व्यास ने बताया कि इनसभी में से एक भी गुण जिनमें होते हैं वे परमात्मा को अत्यंत प्रिय होते हैं। देर रात तक कथा वाचक ने भक्ति गीतों के माध्यमसे श्रद्धालुओं को भाव विभोर करते रहे। आगन्तुकों के प्रति आभार ज्ञापन नीलम गुप्ता ने किया।

रोजगार मेला नौ मई को

जौनपुर। जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र ने अवगत कराया है कि जनपद के प्रशिक्षित/ शिक्षित बेरोजगार युवक/युवतियों को सेवायोजित करने के उद्देश्य से नौ मई शुक्रवार को प्रातः 10:30 बजे से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिद्दीकपुर में रोजगार मेले का आयोजन किया जाना है, जिसमें विभिन्न प्रतिष्ठित कंम्पनियों के प्रतिनिधि उपस्थित होकर योग्य युवक/युवतियों का चयन करेंगे। उक्त रोजगार मेले के सफल आयोजन हेतु प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिद्धिकपुर को नोडल अधिकारी नामित करते हुए आदेशित किया है कि जिला सेवायोजन अधिकारी, उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र से आवश्यक सहयोग प्राप्त कर अधिक से अधिक बेरोजगार युवक/ युवतियों को सेवायोजित करना सुनिश्चित करेंगे।

न्यायालय की दीवार खोल रही स्वच्छता अभियान की पोल

केराकत। जहां सरकार करोड़ों रुपए खर्च कर गांव गांव शहर स्वच्छ बनाने में लगी हुई है वही केराकत एसडीएम न्यायालय के दीवाल पर पान के थूक की यह गंदगी, स्वच्छता मिशन की पोल खोलने के लिए काफी है। बताते चलें कि जहां सरकार गांव-गांव स्वच्छता अभियान चलाकर करोड़ों रुपए खर्च कर रही है वहीं पर एसडीएम न्यायालय की दीवाल यह बताने के लिए काफी है कि भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का धरातल पर क्या छाप-छोड़ती हैं। आश्चर्य तो यह है, कि न्यायालय के वादकारी व कर्मचारी बगल के रास्ते से ही न्यायालय में प्रवेश करते हैं, जब ऐसी दशा न्यायालयों की है तो आप अंदाजा लगा लीजिए कि गांव की स्थिति क्या होगी।

अचेत मिले वृद्ध ने उपचार के दौरान तोड़ा दम

जौनपुर। लाइन बाजार थाना क्षेत्र के सिविल लाइन रोड तिराहे पर संदिग्ध अवस्था में अचेतावस्था में मिले 56 वर्षीय अज्ञात वृद्ध ने जिला अस्पताल मे उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने नियमानुसार 72 घंटे के लिए जिला अस्पताल मोर्चरी में शव को रखवा कर पहचान करवाने हेतु जुट गई। बताया गया की स्थानीय निखिल यादव व रोहित सिंह ने 21 अप्रैल को सिविल लाइन तिराहे पर अचेता अवस्था मे पड़े रहने पर अज्ञात वृद्ध व्यक्ति को जिला अस्पताल पहुंचा कर भर्ती करवा दिया था। जहां गुरुवार सुबह उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी। यह भी बताया की मृतक सफेद धोती मटमैली रंग की पहने था और बदन पर ऊपर के हिस्से में कुछ नहीं था।

खेल से मन एवं मस्तिष्क रहता है स्वस्थ : दीपक जावा

सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ शुभारम्भ

प्रतियोगिता का फीता काटकर उद्घाटन करते दीपक जावा।

जौनपुर। खेल से मन एवं मस्तिष्क दोनों स्वस्थ रहता है, इसलिये मनुष्य को अपने जीवन में किसी एक खेल को अवश्य अपनाना चाहिये।

उक्त बातें नगर के बलुआ घाट में स्थित सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुये मुख्य अतिथि दीपक जावा नगर मंत्री भारतीय जनता पार्टी उत्तरी ने कही। इसके पहले आयोजन समिति ने मुख्य अतिथि जावा का माल्यार्पण करके स्वागत किया जिसके बाद उन्होंने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर मनीष झाम, इमरान, शोएब, शरद जायसवाल, राम बजाज सहित तमाम खिलाड़ी, खेलप्रेमी, गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इसके मौके पर आये लोगों का स्वागत आयोजन समिति के सदस्य बबलू एवं महताब ने किया। अन्त में जाकिर हुसैन ने समस्त आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

टीकाकरण सप्ताह की थीम के बारे में विस्तार से दी गई जानकारी

टीकाकरण सप्ताह कार्यक्रम में भाग लेती डा. शुभा सिंह व डा. शैली निगम समेत अन्य।

जौनपुर। टीकाकरण जागरूकता एवं प्रश्नोत्तर सत्र का आयोजन बुधवार को आईएमए भवन में किया गया। सचिव डा. शैली निगम ने अतिथियों का स्वागत किया और इस वर्ष की टीकाकरण सप्ताह की थीम के विषय में बताया। जिसमे कहा गया है कि टीकाकरण सभी के लिए मानवीय रूप से संभव इस कार्यक्रम में टीकाकरण से होने वाले लाभ को डॉक्टरों के पैनल द्वारा बताया गया।

इसके अलावा नए नए टीकों के बारे में जानकारी दी। पैनेल का संचालन डा. शिखा शुक्ला एवं डा. प्रियंका चौहान ने किया। पैनल में अध्यक्ष जौग्स डा. शुभा सिंह ने गर्भावस्था में लगने वाले टीकों टीडी व टीडैप के बारे में चर्चा की। डा. मधु शारदा ने एचपीवी वैक्सीन एवं डा. अंजू कन्नौजिया ने प्रीनेटल वैक्सीन के बारे में बताया। वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डा. सरोज यादव एवं डा. मुकेश शुक्ल ने नवजात से लेकर पांच वर्ष तक के टीकाकरण के विषय में बताया। इस कार्यक्रम में नर्सिंग स्टाफ ने टीकाकरण संबंधित पोस्टर बनाए। डा. प्रियंवदा सिंह और डा. बीना त्रिपाठी ने पोस्टर के विजेताओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम के अंत में डा. शिल्पी सिंह ने अतिथियों का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर श्रीमति उर्वशी सिंह, डा. अंजना सिंह, धर्मेंद्र गुप्ता, मीरा अग्रहरी, ज्योति श्रीवास्तव, शशि श्रीवास्तव, ममता सिंह, डा. रश्मि मौर्या, डा. राजेश मौर्या आदि उपस्थित रहे।

रेलवे लाइन पर टीन का ड्रम रखे जाने से हड़कंप

जौनपुर। वाराणसी सुल्तानपुर रेलवे प्रखंड स्थित श्री कृष्णा नगर और सराय हरपुर रेलवे स्टेशन के मध्य रेलवे ट्रैक पर किसी असामाजिक तत्वों द्वारा टीन का ड्रम रखे जाने की खबर मिलने पर रेलवे विभाग में हड़कंप मच गया। तुरंत आरपीएफ और जीआरपी जवानों ने मौके पर पहुंचकर रेलवे ट्रैक से ड्रम को हटाया तब जाकर स्थिति सामान्य हुई।

सूत्रों के मुताबिक बुधवार रात्रि श्री कृष्णा नगर सराय हरपुर रेलवे स्टेशन के मध्य जाने क्या मंशा रखने वाले असामाजिक तत्वों ने रेलवे ट्रैक पर टीन का ड्रम रख दिया। उसी मार्ग से गुजर रही मालगाड़ी के चालक को कुछ दूरी से जब रेलवे ट्रैक पर रखा टीन का ड्रम रखा नजर आया तो चालक ने कोई अनहोनी ना हो इससे पहले मालगाड़ी को ब्रेक लगाकर रोक दिया। तथा तुरंत इसकी सूचना कंट्रोलर लखनऊ को दिया। कंट्रोलर से मैसेज मिलने के बाद आरपीएफ जौनपुर जंक्शन पोस्ट प्रभारी अजय कुमार और जीआरपी थाना अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार सोनकर हमराही जवानों के साथ मौके पर पहुंचकर सबसे पहले रेलवे ट्रैक रखे गए टीन के पड़े ड्रम को हटाया। तब जाकर स्थिति सामान्य हुई और ट्रेनों का संचालन सुचारू रूप से शुरू हुआ। पुलिस यह पता लगाने की भरपूर कोशिश कर रही कि आखिर रेलवे ट्रैक पर किन असामाजिक तत्वों द्वारा टीन का ड्रम रखा गया था और क्या उनका मकसद था इसके पीछे। मामला जो भी हो अब विस्तृत जांच के बाद ही यह खुलासा हो पाएगा कि आखिर किसने रेलवे ट्रैक पर टीन का ड्रम रखा था।

आरएन टैगोर स्कूल में मनाया गया अन्तर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस

स्कूल कर्मियों को सम्मानित करते डा. पीके सिंह व डा. शीला सिंह।

जौनपुर। आरएन टैगोर सीसे स्कूल, सुक्खीपुर, बोदकरपुर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रमिक-दिवस का आयोजन किया गया। मजदूर दिवस के इस अवसर पर आरएन टैगोर ट्रस्ट के चेयरमैन डा. पीके सिंह और सह संस्थापिका डा.शीला सिंह ने आरएन टैगोर स्कूल और डायग्नेटो डायग्नोस्टिक सेंटर में कार्यरत कर्मचारियों और डायग्नोस्टिक सेंटर में कार्यरत श्रमिकों को वस्त्र, उपहार देकर सम्मानित किया और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर डा. पीके सिंह ने कहा कि मजदूर दिवस न केवल श्रमिकों के अधिकारों की याद दिलाता है, बल्कि उनके सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक योगदान को भी रेखांकित करता है।

यह दिन मजदूरों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए उठाए गए कदमों की सराहना करता है और श्रमिक वर्ग की एकता व सहयोग की भावना को बढ़ावा देता है। यह हमें याद दिलाता है कि हर काम चाहे छोटा हो या बड़ा सम्मान के योग्य है। डा. शीला शीला सिंह ने श्रमिक-दिवस की बधाई देते हुए कहा कि यह दिवस श्रमिक वर्ग की सामाजिक और आर्थिक विकास की दिशा में उठाए गए संघर्षों का प्रतीक बन गया है। इस अवसर पर विद्यालय व डायग्नोस्टिक सेंटर के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

अपने हक के लिए शिक्षकों ने बुलंद की आवाज

जौनपुर। शिक्षकों की लंबित समस्याओं एवं मांगों को लेकर प्रदेश कार्यसमिति के निर्णयोपरांत उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने बीएसए कार्यालय परिसर में मजदूर दिवस पर गुरुवार को धरना प्रदर्शन कर अपनी आवाज बुलंद की। शिक्षक समस्याओं के अविलंब निराकरण हेतु जिला प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित 14 सूत्रीय ज्ञापन भी भेजा गया। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अरविंद शुक्ला ने धरना सभा की अध्यक्षता करते हुए कहा कि शिक्षकों की समस्याओं के समाधान की ओर सरकार व विभागीय उच्चाधिकारियों तक अपनी बात पहुंचाने के लिए अब संघर्ष ही एकमात्र विकल्प है।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि शिक्षकों की समस्याएं काफी दिनों से लंबित है, जिसका निराकरण न होने से पूरा शिक्षक समाज आक्रोशित है। जिला मंत्री रवि चंद्र यादव ने कहा कि शिक्षकों की सेवा सुरक्षा व हितों की अनदेखी किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन धरना स्थल पर जिलाधिकारी के प्रतिनिधि के रूप में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा. गोरखनाथ पटेल ने लिया। इस अवसर पर रवि चंद यादव, लाल साहब यादव, वीरेंद्र प्रताप सिंह, रामदुलार, प्रमोद दुबे सहित सैकड़ों शिक्षक उपस्थित रहे।

चार नए थानेदारों की तैनाती

जौनपुर। पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ ने गुरुवार को जिले में चार नए थानेदारों की तैनाती की है। बीती रात हुए इस तबादले में वह थानेदार एसपी की जद में आए हैं जो क्राइम कंट्रोल में अभी तक पूरी तरह से फैल थे। आइजीआरएस व मुख्यमंत्री से जुड़ी जन शिकायतों के निस्तारण में उनकी तमाम शिकायतें पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आये दिन पहुंचती थी। मड़ियाहूं कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक सत्य प्रकाश सिंह को वहां से हटाकर चंदवक थाने का प्रभारी नियुक्त किया है। चंदवक थाने पर प्रभारी निरीक्षक के रूप में कार्यरत रहे तेज बहादुर सिंह को मड़ियाहूं कोतवाली का प्रभारी बनाया गया है। थानाध्यक्ष मीरगंज रहे रमेश कुमार को वहां से स्थानांतरित करके पवारा थाने का इंचार्ज बनाया गया है। इसी प्रकार पवारा में तैनात रहे विनोद कुमार अंचल को यहां से हटा कर मीरगंज थाने का नया थानाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। मीरगंज थाना क्षेत्र में महिला उत्पीड़न से जुड़े तीन मामले में वहां के थानेदार ने पीड़िता की शिकायत पर दबंगों के खिलाफ मुकदमा ही नहीं दर्ज किया। प्रकरण पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ के संज्ञान में आया तो मुख्यालय से उन्होंने फोन किया। फिर तब जाकर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की।

सीआरपीएफ के जवान का हुआ जोरदार स्वागत

जौनपुर। नक्सलियों, उग्रवादियों, आतंकवादियों और देश के दुश्मनों के दांत खट्टे करने वाले सीआरपीएफ का एक जवान अपनी सेवा पूरी कर गुरुवार को घर पहुंचा। घर पहुंचते ही परिवार समेत बड़ी संख्या में लोगों ने उसका जोरदार स्वागत किया। गाजे-बाजे के साथ भारत माता के जयकारों से पूरा गगन गूंज उठा। वर्तमान में नगर के हुसेनाबाद और मूल रूप से विभनमऊ के रहने वाले शिवपूजन मिश्रा ने देश की रक्षा के लिए सन 1988 में सीआरपीएफ में ज्वाइन किया था। उन्होंने देश की सीमाओं पर रहते हुए भारत मां की रक्षा की। साथ ही देश में फैले उग्रवादी और नक्सलियों से सफाए में अहम भूमिका निभाई। 30 अप्रैल 2025 को वे लखनऊ से रिटायर हो गए। गुरुवार को शिवपूजन मिश्रा बेगमपुरा ट्रेन से सिटी स्टेशन पर उतरे। वहां उनका पूरा परिवार, बड़ी संख्या में लोगों ने गाजे बाजे व गगनचुम्बी भारत माता के नारे लगाकर जोरदार स्वागत किया।

यूपीएमएसआरए ने मनाया मजदूर दिवस

जौनपुर। एक मई विश्व मजदूर दिवस के अवसर पर यूपीएमएसआरए जनपद इकाई के सदस्यों ने अपने इकाई प्रांगण में अपने तथा अन्य बिरादराना संगठनों के साथ मजदूर दिवस मनाया और साथ ही साथ एक 22 सूत्रीय मांगों को लेकर एक ज्ञापन श्रम आयुक्त उत्तर प्रदेश सरकार, कानपुर द्वारा जिलाधिकारी भेजा गया। आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से अच्युत दुबे, अमित रंजन श्रीवास्तव, अनिल मिश्रा, अरुण सिंह, मुकेश मौर्या, सुनील चौधरी, अनूप श्रीवास्तव, विकास सिंह, बलवंत सिंह, अखिलेश यादव आदि कि महत्वपूर्ण भूमिका रही।

सपा कार्यकर्ताओं ने जुलूस निकालकर की नारेबाजी

जौनपुर। गुरुवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव एवं प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल के निर्देश पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं सांसद राज्यसभा रामजीलाल सुमन पर करणी सेना द्वारा हमला किए जाने एवं लगातार जान से मारने की धमकी दिए जाने पर तथा हमलावर अराजक तत्वों पर विधिसम्मत कार्रवाई न किए जाने के विरोध में प्रदेशव्यापी धरना प्रदर्शन के क्रम में समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य के नेतृत्व में सपाजनों ने डा. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीवानी कचहरी तिराहा, डा. भीमराव अंबेडकर पार्क से भारी संख्या में जुलूस की शक्ल में नारेबाज़ी करते हुए अपने गम और गुस्से का इजहार किया, तथा कलेक्ट्रेट परिसर में धरनास्थल पर पहुंच कर अपना विरोध प्रकट किया। उक्त अवसर पर धरने को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य ने कहा कि जिस तरह से लगातार हमारे नेता और सांसद को लक्ष्य कर हमला किया जा रहा है कहीं न कहीं ऐसे अराजक तत्वों को सरकार और प्रशासन का संरक्षण प्राप्त है। धरना सभा को विधायक गण तूफानी सरोज, लकी यादव, पंकज पटेल, पूर्व मंत्री दीपचंद सोनकर, पूर्व विधायक लालबहादुर यादव, पूर्व विधायक श्रद्धा यादव, पूर्व ज़िला पंचायत अध्यक्ष राजबहादुर यादव आदि ने संबोधित किया।

तरुणमित्र

शुक्रवार, 02 मई 2025

संवत- 2082, वैशाख शुक्ल पक्ष.- 5

स्वर्गीय कैलाश नाथ जी: एक पुण्य स्मरण

भगवान श्री कृष्ण की आर्ष वाणी श्रीमद्भागवत गीता में है कि-

जातस्य हि ध्रुवो मृत्युर्ध्रुवं जन्म मृतस्य च।
तस्मादपरिहार्येऽर्थे न त्वं शोचितुमर्हसि।।

अर्थात् जन्म लेने वाले की मृत्यु निश्चित है और मरने वाले का जन्म निश्चित है; इसलिए जो अटल है अपरिहार्य - है उसके विषय में तुमको शोक नहीं करना चाहिये।। इस संसार का यह एक अटल सत्य है जिसे कभी मिटाया नहीं जा सकता। लेकिन कुछ ऐसे महान व्यक्तित्व होते हैं, जो अपनी विलक्षण प्रतिभा के चलते लोगों के दिलों में स्थाई जगह बना लेते हैं। उसमें से एक थे जौनपुर पत्रकारिता जगत के रत्न, संपादक स्वर्गीय कैलाश नाथ जी । जिनका व्यक्तित्व बहुआयामी था। आप मां भारती के सच्चे सपूत, सरल, गंभीर, चिंतनशील और बनावट से रहित व्यक्तित्व के धनी थे। आपके अंतर्मन में राष्ट्रप्रेम कूट- कूट कर भरा था। सामाजिक जीवन में आप इतने रचे -बसे थे कि निर्भीक पत्रकारिता और समाज सेवा आपके जीवन का मूल था। क्षेत्रीय हिंदी पत्रकारिता सदैव चुनौतियों से भरी रही है। पूंजीपतियों द्वारा निकाले जाने वाले समाचार पत्रों के दौर में जब 1978 में तरुण मित्र की स्थापना हुई तब आपका यह निर्णय ऐतिहासिक और साहसिक था। तत्कालीन दौर में जब बड़े समाचार पत्र स्थानीय स्तर की खबरों के लिए नियमित अपना एक अलग पेज देना शुरू कर दिए थे तब क्षेत्रीय स्तर पर दैनिक समाचार पत्र का प्रकाशन चुनौतीपूर्ण था । लेकिन आपनें बखूबी इस चुनौती को स्वीकार किया और परिणामत: तब से लेकर आज तक कैलाश नाथ जी द्वारा स्थापित और प्रकाशित तरुण मित्र पत्र राष्ट्रीय स्तर पर न केवल अपनी अलग पहचान बनाए है अपितु कई संस्करणों के साथ निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है।

आपकी दूरदृष्टि से,अपनी निर्भीक पत्रकारिता के चलते तरुण मित्र पूरे देश में जाना और पहचाना गया। इस पत्र को प्रकाशित,स्थापित और वटवृक्ष बनाने वाले स्वर्गीय कैलाशनाथ जी के शब्दकोश में विश्राम नही था। आपकी मेहनत का ही सुफल था कि प्रकाशन के बाद, दशकों तक सांध्यकालीन दैनिक तरुण मित्र को विभिन्न चुनिन्दा स्थानों पर चस्पा किये जाने पर,पढ़ने के लिए शहर के चौराहे जाम हो जाते थे। तरुण मित्र में प्रकाशित खबरों को शासन- प्रशासन बहुत गंभीरता से लेता था। तरुण मित्र प्रिंट मीडिया के उच्चतम आदर्शों का प्रतिबिंबन करता था। कैलाश नाथ जी का क्षेत्रीय पत्रकारिता में योगदान और महत्वपूर्ण इसलिए भी हो जाता है कि जिस तरुण मित्र की शुरुआत आप ने सीमित संसाधनों से की थी आज वह एक वट वृक्ष बन चुका है। जबकि उस दौर की बहुत सारी पत्र -पत्रिकाएं आज इतिहास के पन्नों में हैं। कारपोरेट घराने के समाचार पत्रों के सामने तरुण मित्र का टिके रहना और लगातार विस्तार देना पूर्व संपादक कैलाशनाथ जी के कौशल को ही दर्शाता है। समाचार पत्र का प्रकाशन सिर्फ एक पत्रकारिता की ही कला नहीं है अपितु उसके अंतर्गत प्रबंध का भी बहुत बड़ा योगदान है। आज देश के विभिन्न क्षेत्रों से तरुण मित्र के संस्करण प्रकाशित हो रहे हैं जो कैलाश नाथ जी के पुण्य स्मरण को जीवंत किये हैं। स्वर्गीय कैलाश नाथ जी एक निर्भीक पत्रकार के रूप में जाने जाते थे । आप पत्रकारिता जगत के

आदर्श महात्मा गाँधी, राजा राममोहन राय, बाल गंगाधर तिलक और महामना मदन मोहन मालवीय के विचारों से प्रभावित रहे और उन्ही के दिखाए हुए मार्ग का अनुसरण कर पत्रकारिता को सदैव मिशन ही बनाये रखा उसे कभी प्रोफेशन नही बनने दिया। बहुत सी विपरीत परिस्थितियां भी आईं लेकिन आपनें अपने आपको कभी पत्रकारिता धर्म से विरत नहीं किया । आप मेरे पूज्य प्रात: स्मरणीय पिताजी डॉ राजेंद्र प्रसाद मिश्र के अभिन्न मित्रों में से एक थे। मेरे घर आयोजित किसी भी कार्यक्रम में आपकी उपस्थिति और सक्रियता अनिवार्यत: रहती थी। आपके साथ पिता जी की साहित्य, पत्रकारिता एवं सम -सामयिक राजनीति पर प्राय: बैठकी होती थी। पूज्य पिताजी के राजनीतिक या सामाजिक मुद्दों पर विविध निबंध और आलेख तरुण मित्र के सम्पादकीय पृष्ठ पर स्थान पाते थे। पूज्य पिता जी के सैकड़ो निबंध और लेख तरुण मित्र में प्रकाशित हुए हैं। तत्कालीन समय में पिताजी साप्ताहिक हिंदुस्तान, धर्मयुग, दिनमान,रविवार,राष्ट्र धर्म और पाञ्चजन्य के लिए भी लेखन करते थे लेकिन उनके सर्वाधिक लेख तरुण मित्र के पन्नों पर प्रकाशित हैं। तत्कालीन समय मे तरुण मित्र कार्यालय साहित्य और राजनीतिक गोष्ठी का केंद्र होता था। जहाँ अक्सर जनपद के बुद्धिजीवी और राजनीतिज्ञ एक साथ विभिन्न मुद्दों पर सहभागिता करते और सम-सामयिक चर्चा करते थे। 05 अक्तूबर 1999 को पूज्य पिताजी के असामयिक निधन के बाद आपने एक सच्चे मित्र का धर्म निभाया एवं मेरे संरक्षक के रूप सदा अपना दायित्व निभाते रहे। आपका व्यक्तित्व इतना विराट था कि सीमित संसाधन के बाद भी आपनें अपना संपूर्ण जीवन दुर्बल,सामर्थ्यहीन के कल्याण और मानवता की सेवा में अर्पित कर दिया था।

मेरे इलाहाबाद विश्वविद्यालय में अध्ययन के दौरान 1990 में जब मंडल कमीशन का आंदोलन चरमोत्कर्ष पर था ,आपनें मुझे निर्देश दिया कि मैं इलाहाबाद से मंडल कमीशन आंदोलन की रपट रोज तरुण मित्र के लिए भेजूं। इस हेतु आपनें मुझे तरुण मित्र इलाहाबाद का विशेष संवाददाता नियुक्त किया और तत्काल परिचय पत्र भिजवाया ताकि समाचार संकलन में मुझे कोई असुविधा न हो। मैंने आपके निर्देश को शिरोधार्य करते हुए तरुण मित्र के लिए लगातार आंदोलन से संबंधित रिपोर्ट भेजता रहा जो समाचार पत्र के पन्नों पर प्रमुखता से प्रकाशित होता था । नासा में वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं विभागाध्यक्ष रहे मेरे चाचा जी डॉ सरोज कुमार मिश्र का आगमन हर दो-तीन साल पर अमेरिका से होता था, बिना उनका अभिनंदन किए और बिना उनकी विशेष प्रेस वार्ता तरुण मित्र कार्यालय में आयोजित किये कैलाश नाथ जी नहीं मानते थे। चाचा जी, कैलाश नाथ जी को हमेशा बड़े भाई साहब ही कहते थे और वह भी चाचा जी से सदा अनुजवत ही व्यवहार करते थे। आप एक दूरदृष्टि और मृदुभाषी व्यक्तित्व के धनी थे। आप के अंदर कोई राजनीतिक संकीर्णता नहीं थी। व्यक्ति चाहे जिस दल से जुड़ा हो आपका सभी से अनन्य संबंध था। आपके व्यक्तित्व के विशाल सागर में राजनीतिक मतभेद की नदियां विलीन हो जातीं थी। परस्पर विरोधी विचारधारा के लोग भी आपका आपकी निर्भीकता और पत्रकारिता धर्म की सराहना किया करते थे। जिस प्रकार फल -फूल-वनस्पतियां, नदी,झरने और प्रकाश का कोई धर्म और कोई जाति नहीं होती है उसी प्रकार स्वर्गीय कैलाश नाथ जी के अंदर कोई संकीर्ण भाव नहीं था।

आप जात- पात, भेद-भाव, ऊंच- नीच से परे एक सुदर्शन व्यक्तित्व के धनी थे।आप प्रखर राष्ट्रवादी व्यक्ति थे। राष्ट्रीयता की भावना आपमें कूट-कूट कर भरी थी। असहाय सहायता समिति की स्थापना कर असंख्य लावारिस दिवंगत आम जन का आपनें अंतिम संस्कार कर उन्हें इहलोक से मुक्ति दी है । ऐसे सुदर्शन व्यक्तित्व के लोंगो के लिए किसी शायर ने सच लिखा है कि-ए खुदा तो मिलता है, इंसान नही मिलता ये चीज वो है, जो देखी कहीं कहीं मैंने।

डॉ. मनोज मिश्र
अध्यक्ष,जनसंचार विभाग
वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय,जौनपुर

विपक्षियों का मुद्दा छीना

केंद्र सरकार का अगली जनगणना के साथ जाति जनगणना कराने का निर्णय जितना बड़ा है, उतना ही चुनौतीपूर्ण भी। यह कदम देश के राजनीतिक और सामाजिक समीकरणों को बदल सकता है। यह भी तय है कि जाति जनगणना के बाद जातियां आबादी के हिसाब से आरक्षण की भी मांग करेंगी। वहीं, NDA सरकार के इस कदम के साथ विपक्ष के हाथ से एक बड़ा मुद्दा भी निकल गया है, जिसे उसने पिछले आम चुनाव में भुनाने की कोशिश की थी। भारत में जनगणना की शुरुआत अंग्रेजी हुकूमत के दौर में, सन 1872 में हुई थी। 1931 तक हुई हर जनगणना में जाति से जुड़ी जानकारी को भी दर्ज किया गया। आजादी के बाद सन 1951 में जब पहली बार जनगणना कराई गई, तो तय हुआ कि अब जाति से जुड़े आंकड़े नहीं जुटाए जाएंगे। स्वतंत्र भारत में हुई जनगणनाओं में केवल अनुसूचित जाति और जनजाति से जुड़े डेटा को ही पब्लिश किया गया।

2011 के सामाजिक आर्थिक और जातिगत जनगणना (SECC) में जाति के आंकड़ों को सरकार ने इसलिए सार्वजनिक नहीं किया, क्योंकि इसमें कई विसंगतियां बताई गई थीं। विपक्षी दलों ने जाति जनगणना की मांग इसलिए उठाई थी ताकि इस आधार पर आगे आरक्षण को तर्कसंगत बनाया जाए और जातीय गोलबंदी कर चुनावी फायदा लिया जाए। BJP पहले तो इसे लेकर दुविधा में थी, लेकिन जाति जनगणना का ऐलान कर अब उसने इस मुद्दे पर बढ़त बना ली है। लेकिन यह भी देखना होगा कि इसके आंकड़े आने के बाद आबादी के अनुपात में आरक्षण की मांग से वह कैसे निपटती है। फिर इस तरह की पहल जिन राज्यों में हुई है, वहां भी इसे लेकर विवाद चल रहा है। हाल में कर्नाटक में जाति जनगणना की रिपोर्ट लीक हो गई। इसने वहां कांग्रेस सरकार के लिए मुश्किलें खड़ी कर दीं। रिपोर्ट में OBC के लिए आरक्षण को 32% से बढ़ाकर 51% और मुस्लिम समुदाय के लिए 4% से 8% करने की सिफारिश की गई थी। वहीं, राज्य में प्रभावशाली लिंगायत और वोक्कालिगा समुदायों की आबादी उनकी उम्मीद से कम निकली। सर्वे के तरीके पर भी सवाल उठाए गए।

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जातिगत जनगणना की घोषणा करते हुए कहा कि इससे समाज आर्थिक-सामाजिक दृष्टि से मजबूत होगा। लेकिन, अगर इसे सही ढंग से नहीं संभाला गया, तो यह विवाद भी खड़े कर सकता है। कर्नाटक हो या बिहार, पुराने सर्वे यही बताते हैं कि कभी भी, हर कोई पूरी तरह संतुष्ट नहीं हुआ। यह भी तय है कि इससे आरक्षण का मुद्दा जोर पकड़ सकता है।

युवा देश के नौजवानों से आएगी विकास की वैचारिक क्रांति

स्वामी विवेकानंद सदैव युवा शक्ति के प्रेरणा स्रोत रहे हैं। उन्होंने कहा है की मुझे कुछ साहसी और ऊर्जावान युवा पुरुष मिल जाए, तो मैं देशभर में क्रांति ला सकता हूं। स्वतंत्रता के बाद भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू, लाल बहादुर शास्त्री, इंदिरा गांधी और कर्तव्यों से युवा ऊर्जावान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा युवाओं को आगे बढ़ाने और उन पर सदैव भरोसा करने वाली नीतियां बनाते आए हैं। और हमेशा युवाओं पर भरोसा किया है। स्वतंत्रता संग्राम में भी मंगल पांडे, लक्ष्मीबाई, भगत सिंह, सुभाष चंद्र बोस, चंद्रशेखर आजाद, अशफाक उल्ला खान, राम प्रसाद बिस्मिल, खुदीराम बोस आदि युवाओं ने अपना सब कुछ न्योछावर कर देश को आजादी दिलाई थीद्य स्वतंत्रता के बाद भी भारत पर पाकिस्तान और चीन ने अनावश्यक आक्रमण कर भारत पर मानसिक दबाव डालना चाहा,पर भारत के नौजवान सैनिकों ने जिस साहस और वीरता के साथ सामना कर विजय प्राप्त की थी वह अत्यंत प्रशंसनीय एवं आदर्श का कार्य है। कारगिल युद्ध में भी भारत के नौजवान अधिकारी, सैनिकों ने पाकिस्तान को हराकर एक विजय गाथा लिखी थी। पेरिस ओलंपिक में भी नीरज चोपड़ा ने सिल्वर, मनु भाकर ने दो ब्रांज और विनेश फोगाट ने सेमीफाइनल में विश्व चैंपियन को हराकर भारत के युवा लोगों का दिशा दर्शन किया है।

भारत के युवा गौरव की विजय गाथा किसी से छुपी नहीं है। भारत के युवा लोगों ने बुजुर्ग विद्वानों, दार्शनिकों और वैज्ञानिकों के मार्गदर्शन में देश भक्ति के अलावा अध्यात्म, धर्म,साहित्य, विज्ञान,कृषि तथा उद्योगों में पूरे विश्व में भारत का नाम रोशन किया है। भारत के युवाओं ने यूरोप में अपने परिश्रम और लगन इमानदारी से अपना परचम फैलाया है। मैक्स मूलर ने ली भारत की युवा शक्ति की सराहना करते हैं भारत को एक युवा इस निरूपित कर भविष्य की असीम संभावनाओं की ओर इंगित किया है। भारत एक युवा राष्ट्र है। और उसमें असीम संभावनाएं अंतर्निहित हैं ।वर्तमान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवा शक्ति को चिन्हित कर सभी युवाओं का आह्वान कर युवा शक्ति को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया है। और यही कारण है की युवा शक्ति के साहस और संकल्प में जापान ओलंपिक 2020 में 7 मेडल लाकर एक इतिहास रचा है।

राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त ने भी लिखा है कि देखो हमारा विश्व में कोई नहीं उपमान था, नरदेव थे हम और भारत देवलोक के समान था भारत की महान उपलब्धियों में देश की युवा शक्ति का बहुत बड़ा योगदान है। आज आई, आई, एम, आई,आई,टी, ऑल इंडिया मेडिकल इंस्टिट्यूट तथा देश के अन्य शैक्षणिक संस्थाओं से जुड़े छात्र छात्राओं के शोध और अविष्कार के चलते भारत तेजी से विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर हो रहा है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की युवा सोच और दृढ़ संकल्प लें भारत के युवाओं में एक ऊर्जा प्रेरणा और मार्गदर्शन प्रदान किया है। यह अलग मुद्दा है कि स्वतंत्रता के बाद हमारी शिक्षा नीति ने लाखों बेरोजगार लोगों को जन्म दिया है। बेरोजगारी के दंश ने युवा शक्ति को काफी पीछे धकेल दिया है। पर नई शिक्षा नीति के आने से युवा अपने रोजगार तलाशने की ओर आगे बढ़ रहे हैं। भारत की विशाल जनसंख्या एक बड़ा रुकावट का कारण भी है। और यदि युवा संकल्प लें तो अपना निजी उद्योग और निजी व्यवसाय कर के भारत राष्ट्र को एक नई दिशा तथा सन्मार्ग प्रदान कर सकते हैं। 1979 में जयप्रकाश नारायण ने युवा शक्ति को लेकर एक बड़ा आंदोलन चलाया था। और बिहार में सत्ता परिवर्तन की हुआ था। हरिवंश राय बच्चन ने भी अपनी कविताओं में युवाओं को समझाइश दी थी।

युग का युवा मत देख दाएं बाएं,
झांक मत बगले, अगर कुछ देखना है,
देखअपने वे वृषभ कंधे, जिन्हें देता चुनौती,
सामने तेरे खड़ा है युग का जुआ।

(यहां जुआ उस लकड़ी को कहते हैं जो हल चलाने के दौरान बैलों के कंधों पर रखी जाती है) सच में देश का युवा वर्ग जाग जाए और रचनात्मक कार्यों में जुड़ जाए तो देश को समृद्ध उन्नत होने से कोई नहीं रोक सकता। हमें और हमारे युवाओं को स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और विवेकानंद से सीख लेकर भारत को एक नए युग की ओर ले जाना चाहिए। क्योंकि भारत का 60% युवा इस देश में युग परिवर्तन और भारत की दशा और दिशा को अभिप्रेरित कर सकता है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कहा है कि खुद वो बदलाव बनिए, जो दुनिया में आप में देखना चाहतें है।

संजीव ठाकुर, स्तंभकार, चिंतक, विश्व रिकॉर्ड धारक लेखक, रायपुर छत्तीसगढ़,
9009 415 415

...आज का दिन...

मेष- साहसिक प्रयास प्रगति पर, व्यावसायिक क्षेत्र में सफलता, दा पत्य जीवन में अत्यधिक प्रगाढ़ता, मौजमस्ती के निमित्त व्यय, स्थान परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम।

वृषभ- कठिनाइयों का निवारण, इच्छित पद की प्राप्ति, मनोनुकूल कार्यों में अनुकूलता, मनोविनोद के अवसर सुलभ, अध्यात्म के प्रति आस्था, उल्लास का वातावरण।

मिथुन- किसी योजना की पूर्ति हेतु प्रयत्नशील, धनस पत्ति विषयक मसला हल, स्वविवेक का निर्णय हितकर, कर्ज की अदायगी, भोग विलासिता की ओर रुझान।

कर्क- भाग्योदय का मार्ग अवरुद्ध, कार्यों में असफलता, व्यावसायिक पक्ष में निराशा, आरोग्य सुख में कमी, शत्रु सक्रिय, व्यय की अधिकता, पठन-पाठन में रुचि।

सिंह- व्यापार में विस्तार, अधूरे या नवकार्य प्रगति की ओर, लाभार्जन का मार्ग प्रशस्त, पारिवारिक कष्ट में कमी, आपसी स बन्धों में प्रगाढ़ता, सुपरिचितों से विचार विमर्श।

कन्या- आशाएं फलीभूत, सामाजिक राजनीतिक गतिविधियों में वृद्धि, वाहन से सुख, मानसिक उलझनों में कमी, धन संचय की ओर प्रवृत्ति, अध्यात्म के प्रति आस्था।

तुला- समय शुभ, आर्थिक व्यावसायिक पक्ष में परिश्रम के अनुरूप सफलता, धन स पत्ति विषयक मसला हल, पुराने विवाद का समापन पक्ष में, परिवार में हर्ष।

वृश्चिक- दिनचर्या अव्यवस्थित, शंका-कुशंका से मतभेद, पारिवारिक खर्च में वृद्धि, राजकीय उलझनें, जल्दबाजी में लिया गया निर्णय अहितकर, वाहन से भय भी।

धनु- समय संतोषजनक, मनोकामनापूर्ण, जनकल्याण की भावना जागृत, सुसमाचार मिलने से खुशी, आकस्मिक लाभ, विस्तार हेतु योजना फलीभूत, वाहन से सुख।

मकर- उन्नति का सुअवसर, किसी के माध्यम से नवीन कार्य की रूपरेखा, योजना का शुभारभ, ज्ञान-विज्ञान में रुचि, सद्‌विचारों का उदय, वैवाहिक जीवन संतोषजनक।

कुंभ- कठिनाइयों का निराकरण, धर्म-अध्यात्म के प्रति आस्था, स्थान परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम, बुद्धि-चातुर्य से संकल्प सिद्धि, मंगल कृत्य स पादित, धनागम।

मीन- परिस्थितियां भाग्य के विपरीत, विवादास्पद मसला हल न होने से अशांति, गलतफहमी के शिकार, इच्छित पद की प्राप्ति में व्यवधान, वाहन से भय।

-: श्री विमल जैन :-

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद् एस-2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, आकांक्षा हास्पिटल के निकट, टैगोर टाउन एक्सटेंशन भोजूबीर, वाराणसी-221002 (उ0प्र0)- मो0:-09335414722

वन विभाग ने किया ट्रैक्टर सहित ट्राली सीज

नौगढ़, चंदौली। जयमोहनी भूर्तियां गांव के समीप आरक्षित वन भूमि में अवैध रूप से मिट्टी खनन के आरोप में वन विभाग ने बीती रात एक टैक्टर ट्राली बरामद कर के वन अधिनियम के प्रावधानों के अन्तर्गत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई किया है। क्षेत्रीय वन अधिकारी मझगाई योगेश सिंह ने बताया कि बुधवार को अर्धरात्रि में मुखबिर से सूचना मिली कि वन रेंज के जयमोहनी भूर्तियां के समीप आरक्षित वन भूमि में अवैध रूप से मिट्टी खनन किया जा रहा है। सूचना को पुष्ट कर तत्काल मझगाई व जयमोहनी वन रेंज की गठित संयुक्त टीम ने दबिश देकर के मौके पर से मिट्टी लदी हुई एक टैक्टर ट्राली को पकड़ कर वन रेंज परिसर ले आया। वनविभाग की औचक कार्रवाई को देखकर अवैध रूप से खनन करने में संलिप्त जे सी बी मशीन व आधा दर्जन ट्रैक्टरों को लेकर मौके पर से चालक फरार हो गए। बरामद टैक्टर को सीज कर वन अधिनियम की धारा 26 41 42 व 52 क के अन्तर्गत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई किया गया है। अवैध रूप से खनन कार्य में संलिप्त जे सी बी मशीन व ट्रैक्टरों को चिन्हित कर के प्रावधानों के अनुरूप कार्रवाई किया जाएगा। वन विभाग की टीम में वन दरोगा सियाराम महेंद्र प्रताप वन रक्षक शिवपाल सहित मझगाई व जयमोहनी वन रेंज के वनकर्मी शामिल रहे।

चंदौली

करणी सेना के खिलाफ समाजवादी पार्टी का उग्र प्रदर्शन

डीडीयू नगर चंदौली। जिले में आज राजनीतिक तापमान उस वक्‍त चढ़ गया जब समाजवादी पार्टी ने करणी सेना के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। जिला मुख्यालय पर समाजवादी पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता, विधायक और पदाधिकारी धरने पर बैठ गए। यह प्रदर्शन राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन पर हुए हमले के विरोध में किया गया। धरने की अगुवाई कर रहे सकलडीहा विधायक प्रभु नारायण यादव ने करणी सेना पर हमला बोलते हुए कहा कि यह हमला सिर्फ एक सांसद पर नहीं, बल्कि लोकतंत्र और दलित समाज की आवाज पर हमला है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के संरक्षण में ऐसी ताकतें सिर उठा रही हैं, जो संविधान और सामाजिक सौहार्द्र को खत्म करना चाहती हैं। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष सत्य नारायण राजभर ने भी सरकार को घेरते हुए कहा कि यह हमला

भाजपा की दलित विरोधी मानसिकता को दर्शाता है। उन्होंने मांग की कि हमले के दोषियों को तत्काल गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। वहीं पूर्व विधायक और सपा के राष्ट्रीय महासचिव मनोज सिंह डब्लू ने कहा कि रामजी लाल सुमन जैसे वरिष्ठ और सम्मानित सांसद पर हमला केवल एक व्यक्ति पर नहीं, बल्कि समाजवादी विचारधारा और बहुजन समाज पर हमला है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर सरकार ने करणी सेना पर कार्रवाई नहीं की, तो समाजवादी पार्टी सड़क से सदन तक आंदोलन करेगी। धरना स्थल पर पार्टी कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश देखा गया। दलितों पर हमला बंद करो, सामाजिक न्याय की आवाज दबने नहीं देंगे, जैसे नारों से पूरा चंदौली जिला मुख्यालय गूंज उठा।

डेड बॉडी वाला फ्रीजर खराब, परिजन खरीद रहे बर्फ

जिला अस्पताल का वीडियो हो गया है वायरल

डीडीयू नगर चंदौली। जिले के जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम हाउस का डीप फ्रीजर काफी दिनों से खराब पड़ा है। डेड बॉडी को सुरक्षित रखने के लिए अब बर्फ की सिल्ली का सहारा लिया जा रहा है। इसके लिए पोस्टमार्टम हाउस के लोग मृतकों के परिजनों पर बर्फ लाने के लिए दबाव बना रहे हैं। परिजन खुद बाजार से बर्फ खरीदकर ला रहे हैं और स्ट्रेचर पर बर्फ ले जाते हुए उनका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। इस लापरवाही के चलते पूरे अस्पताल परिसर में शवों के सड़ने की दुर्गंध फैल गई है। जिससे जिला अस्पताल में उपचार कराने आने वाले लोगों को दुर्गंध का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि आकांक्षात्मक जिलों में शामिल चंदौली में स्वास्थ्य सेवाएं खुद दम तोड़ रही हैं और जिम्मेदार अधिकारी बहाना बना रहे हैं।

जानकारी के अनुसार, सीएमओ ने अब तक डिफ्रीजर की मरम्मत या वैकल्पिक व्यवस्था करने की बजाय सिर्फ शासन को पत्र लिखकर अपनी जिम्मेदारी निभाई है। उसे तत्काल बनवाने के लिए कोई पहल नहीं की है। स्थानीय लोगों में आक्रोश है और वह स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही पर सवाल उठा रहे हैं। सवाल यह है कि आखिर कब तक इस तरह शवों के साथ अमानवीय व्यवहार होता रहेगा और सरकार को बदनाम कराने की कोशिश होगी। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी युगल किशोर राय ने बताया है कि पोस्टमार्टम हाउस का डीप फ्रीजर खराब है। उसकी मरम्मत का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही नए डीप फ्रीजर के लिए शासन को पत्र लिखा गया है और मोर्चरी हाउस में दो एसी लगवाने का कार्य किया जा रहा है, ताकि ऐसी शिकायत दोबारा न मिले।

डैडीज़ ब्रिक्स, उसरी चकिया में श्रमिक दिवस मनाया गया

चकिया, चंदौली। श्रमिकों के अथक परिश्रम और समर्पण को सम्मान देने हेतु डैडीज़ ब्रिक्स, उसरी चकिया में श्रमिक दिवस के अवसर पर एक भावपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह की शुरुआत परिसर में श्रमिकों की गरिमामयी उपस्थिति से हुई, जहां संस्था के संस्थापक डॉ. विनय प्रकाश तिवारी ने अपने उद्बोधन में श्रमिकों के योगदान को नमन करते हुए कहा, जिस घर में हम अपने सपनों का संसार बसाते हैं, उसे ये मज़दूर अपने खून-पसीने से खड़ा करते हैं। इनका श्रम ही हमारे समाज की असली नींव है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के रूप में श्री रामयश चौबे, श्री विनोद पांडेय, श्री राहुल विनय पांडेय, श्री विनीत पांडेय और श्री पीयूष पांडेय ने भी उपस्थित होकर श्रमिकों को शुभकामनाएं दीं और उनके योगदान की सराहना की। सभी अतिथियों ने एक स्वर में श्रमिकों को समाज का वास्तविक निर्माता बताया।

इस अवसर पर श्रमिकों को मिठाई, बोनस और उपहार वितरित किए गए, जिससे उनके चेहरों पर खुशी की चमक देखने लायक थी। कार्यक्रम के अंत में श्रमिकों और उनके परिवारजनों के लिए विशेष जलपान की व्यवस्था की गई, जिसमें बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह आयोजन न केवल एक सांस्कृतिक मिलन था, बल्कि श्रमिकों के सम्मान और अधिकारों को पुन: जागरूक करने वाला प्रेरणादायक प्रयास भी साबित हुआ।

सड़कों के निर्माण की धीमी रफ्तार पर डीएम ने जताई नाराजगी

डीडीयू नगर चंदौली। जिलाधिकारी चंद्रमोहन गर्ग ने बुधवार को जनपद में निर्माणाधीन प्रमुख सड़कों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पड़ाव से रामनगर तक बन रही 4 लेन सड़क, पड़ाव से मुगलसराय 6 लेन और मुगलसराय से चकिया 4 लेन सड़क के निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। सड़कों की धीमी रफ्तार पर डीएम ने नाराजगी जताई। एक्सईएन की ओर से गलत डाटा प्रस्तुत करने पर नोटिस जारी करने का निर्देश दिए। अधिकारियों ने बताया कि जमीन संबंधी समस्याओं के चलते कार्य प्रभावित हो रहा है। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित उप जिलाधिकारी, पीडब्ल्यूडी और अन्य विभागीय अधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित कर निर्माण कार्य को तय समयसीमा में और गुणवत्तापूर्वक पूर्ण करने के निर्देश दिए। मुगलसराय से

चकिया मार्ग के निरीक्षण के दौरान प्रस्तुत किए गए डाटा को गलत पाया गया। इस पर जिलाधिकारी ने पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड के अधिशासी अभियंता को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही निर्देशित किया कि कार्य प्रगति की साप्ताहिक निगरानी के लिए जनपद स्तर पर एक अलग टीम गठित की जाए, जो हर सप्ताह रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। डीएम ने कहा कि निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य परियोजनाओं की जमीनी स्थिति को समझना और समय रहते समस्याओं का समाधान करना है। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण कार्य को प्राथमिकता दी जाएगी। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी आर. जगत साईं, अधिशासी अभियंता राजेश कुमार, संबंधित उप जिलाधिकारीगण, तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

मुगलसराय में मोहन भागवत ट्रेन से हुए रवाना

डीडीयू नगर चंदौली। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत बुधवार की देर रात डीडीयू जंक्शन पहुंचे। प्लेटफार्म संख्या तीन से संघमित्रा एक्सप्रेस ट्रेन से गंतव्य को रवाना हुए। इस दौरान सुरक्षा के काफी कड़े बंदोबस्त किए गए थे। स्टेशन और आस-पास के इलाके को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया था। मोहन भागवत वाराणसी में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में भाग लेने आए थे। आरएसएस प्रमुख के डीडीयू जंक्शन पहुंचने की सूचना मिलते ही बीजेपी नेता और संघ के कुछ सदस्य उनसे मिलने पहुंच गए। फ्लीट से उतरने के बाद मोहन भागवत सीधे प्लेटफार्म संख्या तीन पर बने वीवीआईपी रूम में पहुंचे। स्थानीय बीजेपी नेताओं सहित अन्य सभी को बाहर ही रोक दिया गया। बीजेपी के जिलाध्यक्ष भी बाहर ही इंतजार करते रहे। किसी को भी आरएसएस प्रमुख से मिलने नहीं दिया गया। ट्रेन के प्लेटफार्म पर लगने के बाद जब मोहन भागवत अपने कोच में बैठने के लिए निकले तब भी किसी नेता से कोई बात नहीं की। बस मुस्कुराकर सबका अभिवादन स्वीकार किया। हालांकि जिले का एक भी विधायक उनसे मिलने नहीं पहुंचा था, जो चर्चा का विषय बना रहा।

तेज रफ्तार स्कॉर्पियो पेड़ से टकराई, आधा दर्जन घायल

चंदौली। धानापुर थाना क्षेत्र के बूढ़ेपुर गांव में बुधवार सुबह तेज रफ्तार स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। हादसे में आधा दर्जन लोग घायल हो गए। एक महिला और चालक को गंभीर चोटें आई हैं। घायलों को धानापुर सीएचसी में भर्ती कराया गया। दुर्घटना सुबह करीब 11:30 बजे बुद्धुपुर पेट्रोल पंप के समीप हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, स्कॉर्पियो मारुखपुर तिरगावा से धानापुर की ओर जा रही थी, तभी अचानक उसका टायर फट गया और वाहन का संतुलन बिगड़ गया। वाहन में कुल सात लोग सवार थे, जिनमें तीन महिलाएं, दो पुरुष और दो बच्चे शामिल थे। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि

गाड़ी का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में एक महिला और ड्राइवर को गंभीर चोटें आई हैं, जबकि अन्य लोगों को भी हल्की चोटें पहुंची हैं। घटना की सूचना मिलते ही धानापुर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तुरंत धानापुर सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। घायलों की स्थिति फिलहाल स्थिर है।

महापौर व नगर आयुक्त ने अधिकारियों संग की विकास कार्यों की समीक्षा

तरुणमित्र न्यूज

वाराणसी। महापौर अशोक कुमार तिवारी द्वारा स्मार्ट सिटी सभागार में गुरुवार को बैठक कर नगर निगम के कार्यों के सम्बन्ध में समीक्षा करते हुए बिन्दुवार कई निम्न निर्देश/आदेश दिए गए।सर्वप्रथम महापौर द्वारा निर्देशित किया गया कि नगर निगम के 18 वार्डों में पेयजल आपूर्ति के दृष्टिगत डाले जाने वाली पाईप लाईन का सर्वे 08.05.2025 तक पूर्ण कराकर जल निगम डीपीआर प्रस्तुत करें, ताकि ससमय वार्ड की जनता को पेयजल सूचारू रूप से आपूर्ति कराये जाने हेतु कार्यवाही करायी जा सके।

पेयजल आपूर्ति हेतु बनाये गये शिरोपरि जलाशयों को जल वाहिनियों से तत्काल संयोजन कराकर पेयजल आपूर्ति करायी जाय ताकि नगर की जनता को सूचारू रूप से पेयजल उपलब्ध हो सके। नगर में मुख्य सीवर लाईनों की सफाई का कार्य सुपर शॉकर मशीन से बरसात से पूर्व युद्ध स्तर पर कराया जाय ताकि बरसात में लगने वाले जल-जमाव से नगर की जनता को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े।आगामी पड़ने वाली गर्मी को ध्यान में रखते हुये महाप्रबन्धक जलकल को निर्देशित किया गया कि नये अधिष्ठापित किये जाने वाले ट्यूबवेल का अधिष्ठापन एवं हैण्ड पम्प का मरम्मत/रिबोर ससमय कराया जाय ताकि पेयजल का संकट उत्पन्न न होने पाये। इसके अलावा नगर के सभी प्रमुख चौराहों पर 10.05.2025 तक वाटर कूलर की व्यवस्था कराने के निर्देश दिये गये। नगर के सभी छोटे व बड़े नाला/नालियों की सफाई कार्य को तीव्र गति से कराते हुये बरसात के पूर्व पूर्ण कराये जाने हेतु सामान्य अभियन्त्रण विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया गया।नगर में पार्कों का सुन्दरीकरण व उसमें बरसात के पूर्व पेड़-पौधों को लगाने हेतु अविलम्ब कार्यवाही करायी जाय। नगर में सफाई व्यवस्था के दृष्टिगत त्वरित कार्यवाही करायी जाय ताकि नगर में समुचित सफाई बनी रहे।

महापौर अशोक तिवारी व नगर आयुक्त अक्षत वर्मा समीक्षा बैठक के दौरान

8. नगर में नाले/नालियों पर किये गये अतिक्रमण को अतिक्रमण मुक्त कराने हेतु जोनल अधिकारियों द्वारा एनाउन्समेंट कराया जाय कि जिनके द्वारा अतिक्रमण किया गया है, अतिक्रमणकर्ता स्वयं अपना अतिक्रमण हटां लें, अन्यथा कि स्थिति में नगर निगम द्वारा अतिक्रमण हटाये जाने पर अर्थ दण्ड लिया जायेगा। उक्त के दृष्टिगत जोनल अधिकारी जोनवार अतिक्रमण स्थल की सूची तैयार कर अविलम्ब कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।बैठक में नगर आयुक्त अक्षत वर्मा, अपर नगर आयुक्त संगम लाल, मुख्य अभियन्ता मोईनुद्दिन, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एस.के चौधरी, सहायक नगर आयुक्त अनिल यादव, महाप्रबन्धक, जलकल अनुप सिंह, अधीक्षण अभियन्ता-जल निगम अमित सोनकर, अधिशासी अभियन्ता-जल निगम कमल सिंह, सचिव, जलकल ओ.पी सिंह, मुख्य अभियन्ता-स्मार्ट सिटी अमरेन्द्र तिवारी, उप नगर आयुक्त मनोज कुमार सिंह, जोनल अधिकारी मृत्युंजय मिश्रा, जोनल अधिकारी इंद्र विजय यादव उपस्थित रहे।

सीडीओ ने कार्य में लापरवाही पर चार्जशीट दाखिल कर निलंबन की कार्रवाई का दिया आदेश

तरुणमित्र न्यूज

वाराणसी। हिमांशु नागपाल, मुख्य विकास अधिकारी ने गुरुवार को जिला प्रोबेशन कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस समय जिला प्रोबेशन अधिकारी एवं अन्य स्टाफ उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान सेवा प्रदाता के माध्यम से विभिन्न यूनिटों में नियुक्ति से संबंधित पत्रावलियों में कार्रवाई न होने पर रोष व्यक्त किया गया एवं वित्तीय पत्रावलियों का अवलोकन किया गया जिसमें कमियां पाए जाने पर नाराज़गी व्यक्त की गई।

सीडीओ हिमांशु नागपाल ने निरीक्षण के दौरान नाग नारायण यादव कनिष्ठ सहायक की अलमारी को खुलवाकर देखा जिसमें पत्रावलियां अस्त व्यस्त पाई गई। नियुक्ति संबंधित पत्रावलियों में 10 दिन के भीतर वांछित कार्रवाई पूर्ण करने के निर्देश दिए गए साथ ही पत्रावलियों के समुचित रख-रखाव न होने , पत्रावलियों का अस्त व्यस्त पाया जाना, अभिलेखों का अद्यतन न होने एवं पूछताछ में पटल से संबंधित जानकारी न होने पर पटल सहायकों नाग नारायण यादव कनिष्ठ सहायक, राजीव कुमार राय वरिष्ठ सहायक, रशीदा बेगम उर्दू अनुवादक के विरुद्ध चार्जशीट दाखिल करते हुए निलंबन की कार्रवाई सुनिश्चित कराने के लिए जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देशित किया गया।

जिला प्रबोशन कार्यालय में फाइलों का निरीक्षण करते सीडीओ हिमांशु नागपाल

डा. सुनीता पांडेय ने कुलसचिव पद पर कार्यभार किया ग्रहण

डा. सुनीता पांडेय का स्वागत करते अध्यापकगण

तरुणमित्र न्यूज

वाराणसी। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के कुलसचिव पद पर डॉ सुनीता पांडेय ने 4 महीने के लंबे अवकाश के बाद गुरुवार को पुन: कार्यभार ग्रहण कर लिया। गौरतलब है कि कुलसचिव डॉ सुनीता पांडेय 1 जनवरी से 30 अप्रैल 2025 तक चाइल्ड केयर लीव के तहत अवकाश पर थीं।उनके कुलसचिव पद पर पुन: कार्यभार ग्रहण करने पर विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, अध्यापकों व कर्मचारियों ने उन्हें अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की।

काशी विद्यापीठ के प्रो. मो. आरिफ, डा. रेशम लाल व एवं डा. सुरेन्द्र प्रताप बने कार्य परिषद के सदस्य

तरुणमित्र न्यूज

वाराणसी। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के कुलपति प्रो आनंद कुमार त्यागी की संस्तुति व उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 की धारा 20 (1) (घ) एवं परिनियम खण्ड 3.02 (क) के अधीन वरिष्ठताक्रम में चक्रानुक्रम से आचार्य संवर्ग में प्रो मोहम्मद आरिफ आचार्य, राजनीति विज्ञान विभाग को 21 जनवरी, 2025 से एक वर्ष या पद परिवर्तन अथवा अगले आदेश तक जो पहले हो के लिये कार्य परिषद का सदस्य नामित किया गया है।

वहीं कुलपति प्रो आनंद कुमार त्यागी की संस्तुति एवं उ0प्र0 राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 की धारा 20 (1) (घ) एवं परिनियम खण्ड 302 ग के अधीन असिस्टेंट प्रो संवंग से डॉ रेशम लाल असिस्टेंट प्रोफेसर, राजनीति विज्ञान विभाग एवं डॉ सुरेन्द्र प्रताप सिंह-असिस्टेंट प्रोफेसर, हिन्दी विभाग को 30 दिसम्बर, 2024 से एक वर्ष अथवा पद परिवर्तन की तिथि अथवा अगले आदेश तक जो भी पहले हो, के लिए कार्य परिषद का सदस्य नामित किया गया है।

काशी विद्यापीठ में मनाया गया विश्व मजदूर दिवस, इस दौरान आयोजित हुए विभिन्न कार्यक्रम

तरुणमित्र न्यूज

वाराणसी। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में विश्व मजदूर दिवस पर गुरुवार को विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए। विधि विभाग में श्रमिक सम्मान समारोह मनाया गया। इस मौके पर विभागाध्यक्ष एवं संकायाध्यक्ष प्रो रंजन कुमार ने कहा कि आज का दिन एक विशेष दिन है, जो मजदूरों और श्रमिक वर्ग को समर्पित है। मजदूरों के पक्ष में सन 1886 से पहले अमेरिका में आन्दोलन की शुरूआत हुई। डॉ शिल्पी गुप्ता ने श्रमिकों के कानूनी अधिकार, सामाजिक कल्याण एवं सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से बताया। संचालन डॉ. मेराज हाशमी एवं धन्यवाद ज्ञापन पवन कुमार सिंह ने किया।

अर्थशास्त्र विभाग में विशिष्ट व्याख्यान एवं अंतर-विभागीय स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित हुई। इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक व विभागाध्यक्ष प्रो अंकिता गुप्ता ने बताया कि विश्व मजदूर दिवस प्रतिवर्ष 01 मई को मनाया जाता है। यह दिवस मजदूरों की सुरक्षा, स्वास्थ्य और उनके सम्मान के रूप में मनाया जाता है। यह दिवस विश्व भर के मजदूरों के सम्मान का है। कार्यक्रम समन्वयक डॉ पारस नाथ मौर्या ने बताया कि मजदूर दिवस, मजदूरों के योगदान को सम्मान देने का दिन है। सह-समन्वयक ऊर्जस्विता सिंह ने बताया कि इस बात को हम सब जानते हैं कि कोई भी देश तभी प्रगति कर सकता है, जब उसकी नींव मजबूत हो और यह नींव तैयार करते हैं हमारे श्रमिक। संचालन अंशुमान व अंजय सोनकर एवं धन्यवाद ज्ञापन चंद्रशेखर द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रो. राजेश पाल, प्रो. हंसा जैन, डा. राकेश कुमार तिवारी, डा. पारिजात सौरभ, डा. गंगाधर आदि उपस्थित रहे। वहीं, शिक्षाशास्त्र विभाग में एक परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस मौके पर विभागाध्यक्ष प्रो सुरेंद्र राम ने कहा कि विकास एवं निर्माण में श्रमिक वर्ग का महत्वपूर्ण योगदान होता है, परन्तु उन्हें समाज में उचित सम्मान एवं आदर नहीं दिया जाता। मजदूरों को उनका हक एवं सम्मान दिलाने हेतु अनेक महापुरुषों ने अपना योगदान दिया, जिसमें डा. आंबेडकर का नाम अगली पंक्ति में आता है क्योंकि उन्होंने कार्य के घंटे, महिला-पुरुष समान कार्य समान वेतन, मातृत्व अवकाश आदि का प्रावधान किया। संचालन डॉ वीणा वादिनि अर्याल एवं धन्यवाद ज्ञापन डा. राखी देब ने किया। समाज कार्य विभाग में अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर गुरुवार को स्मॉर्ट क्लास में विकसित भारत के निर्माण में श्रमिकों की भूमिका एवं वर्तमान परिवेश विषयक एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि राज्य सचिव, अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस अजय मुखर्जी ने अंतराष्ट्रीय मजदूर दिवस को मनाए जाने के इतिहास पर चर्चा किया। मुख्य वक्ता एच.एन. श्रीवास्तव मैनेजर, बनारस बीड्स लिमिटेड ने बताया के किसी भी देश के संरचनात्मक विकास के लिए श्रमिक और नियोक्ताओं के मध्य संबंध बेहतर होना चाहिए। अध्यक्षता करते हुए संकायाध्यक्ष एवं विभागाध्यक्ष प्रो. महेंद्र मोहन वर्मा ने मई दिवस को मनाने का उद्देश्य और इसके महत्व की चर्चा की। स्वागत प्रो भावना वर्मा, संचालन संगोष्ठी संयोजक प्रो. अनिल कुमार चौधरी एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रो संदीप गिरि ने किया। इस अवसर पर प्रो वन्दना सिन्हा, प्रो शैला परवीन, प्रो. बंशीधर पाण्डेय, प्रो. निमिषा गुप्ता, डा. चंद्रशेखर सिंह, डा. अनिल कुमार, डा. भारती कुरील, डा. आलोक शुक्ला, डा. अश्वनी सिंह, मुनाजिर हुसैन, ज्ञान चन्द, नेहा, राहुल आदि उपस्थित रहे।

एससी/एसटी विद्यार्थी 06 मई तक संशोधित कर लें छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति आवेदन पत्र

तरुणमित्र न्यूज

वाराणसी। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के शैक्षणिक सत्र 2024-25 के अनुसूचित जाति एवं जनजाति (एससी/एसटी) विद्यार्थियों के छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति संशोधन हेतु छात्रवृत्ति पोर्टल 30 अप्रैल से 06 मई तक खोला गया है।

सहायक कुलसचिव (विशेष प्रकोष्ठ) सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति आवेदन करने वाले अनुसूचित जाति एवं जनजाति के ऐसे विद्यार्थी जिनके छात्रवृत्ति आवेदन पत्र में यदि कोई त्रुटि हो तो उसे उपरोक्त तिथि तक संशोधित करके उसका प्रिन्ट आउट निकाल छात्रवृत्ति विभाग में जमा अनिवार्य रूप से जमा कर दें।

काशी विद्यापीठ में स्किल डेवलपमेंट की परीक्षा पांच मई को

वाराणसी। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में स्नातक (स्किल डेवलपमेंट) पेपर रचनात्मक कौशल के गांधी वादी आयाम के सभी सेमेस्टर एवं छूटे हुए विद्यार्थियों की लिखित (75 अंको की) एवं मिड टर्म (25 अंको की) परीक्षा 05 मई को आयोजित है। समाज कार्य संकाय के अध्यक्ष प्रो. एम.एम. वर्मा ने बताया कि परीक्षा पूर्वाह्न 11 बजे से गांधी अध्ययनपीठ विभाग में होगी।

वीडीए में सेवानिवृत्त कर्मचारी को दी गयी विदाई

तरुणमित्र न्यूज

वाराणसी। वाराणसी विकास प्राधिकरण के कर्मचारी सहायक अभियंता देवेश राम गुप्ता के सेवानिवृत्त पर वीडीए के अधीक्षण अभियंता डॉ अजय पवार की अध्यक्षता में विदाई समारोह का आयोजन गुरुवार को सभागार में किया गया।कार्यक्रम में डॉ अजय पवार ने सेवानिवृत्त कर्मचारी के कार्यों की सराहना करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।इस अवसर पर अधिशासी अभियंता अरविन्द्र शर्मा एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सुनील सिन्हा, मंत्री अभिषेक सिंह व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष अनरूद्ध पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

वाराणसी विकास प्राधिकरण

शांति, स्वास्थ्य और आत्मिक ऊर्जा का दिव्य संगम है ब्रह्माकुमारी : डा. अर्चना शुक्ला

खुशी का कोई मंजिल नहीं बल्कि, हर कदम पर मिलने वाला साथी है : ब्रह्माकुमारी पूनम

मुंगराबादशाहपुर। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से सिटी पब्लिक स्कूल में आयोजित नौ दिवसीय अलविदा तनाव शिविर के दूसरे दिन इंदौर से आई तनाव मुक्त विशेषज्ञ ब्रह्माकुमारी पूनम बहन ने माहौल को पूरी तरह से ऊर्जा, उमंग, उत्साह, और सकारात्मकता से भर दिया। विषय था खुशियों का उत्साह और वाकई यह सत्र किसी से उत्साह से काम नहीं था। खुशी कोई मंजिल नहीं, बल्कि हर कदम पर मिलने वाला साथी है।

इसी भावना के साथ पूरा जल समूह झूम उठा और तनाव को विदा कर उत्साह को गले लगाया। मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख सत्येंद्र सिंह, विशिष्ट अतिथि भाजपा क्षेत्रीय मंत्री किसान मोर्चा डॉ अर्चना शुक्ला, सर्ववैश्य समाज महिला मंडल महामंत्री पूजा ऊमरवैश्य, सीमा ऊमरवैश्य, प्रधानाचार्य रमेश चंद मिश्रा, मोदनवाल समाज जिलाध्यक्ष नागेंद्र मोदनवाल, न्यू शक्ति कॉलेज डायरेक्टर राजन सिंह, कोषाध्यक्ष संदीप केसरवानी, नानक चंद त्रिपाठी व राज बहादुर चौरसिया आदि ने दीप प्रज्वलित कर दूसरे दिन कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान डा. अर्चना शुक्ला ने कहा कि ब्रह्माकुमारी द्वारा आयोजित अलविदा तनाव कार्यक्रम शांति, स्वास्थ्य, और आत्मिक ऊर्जा का दिव्य संगम है। जिससे मन शांत और तनाव मुक्त होता है। ब्लाक प्रमुख सत्येंद्र सिंह ने कहा कि शिविर में आने से मन शांत, तनावमुक्त और खुशहाल होता है।मुख्य वक्ता पूनम दीदी ने खुश रहने का अनोखा मंत्र दिया- छोड़ो और आगे बढ़ो। उन्होंने समझाया कि अतीत की बातों को पकड़कर रखने से तनाव बढ़ता है। जबकि उन्हें छोड़कर आगे बढ़ने से जीवन में नए अवसर आते हैं। उन्होंने रेड लाइट और ग्रीन लाइट का उदाहरण देते हुए बताया कि जैसे ट्रैफिक सिग्नल बदलते हैं, वैसे ही जीवन में भी बदलाव आता है। जरूरी है कि हम धैर्य और सकारात्मकता बनाए रखें। पूनम दीदी ने जब गीत %नदिया चले चले रे धारा, चंदा चले चले रे तारा... गुनगुनाया तो पूरा जनसमूह झूमने पर मजबूर हो गया। माहौल इतना भावनात्मक हो गया कि लोग अपनी चिंताओं को भूलकर खुशियों में डूब गए। संचालन प्रधानाध्यापिका सुमन जायसवाल ने किया। इस अवसर पर डायरेक्टर आलोक गुप्ता पिंटू, रंजीत गुप्ता, राजकुमार जायसवाल, आर के जायसवाल,धीरज श्रीवास्तव, संदीप केसरी, आशीष उमरवैश्य, राजकुमार नेता, दीपक मोदनवाल, दीपक गुप्ता, सभासद बैजनाथ साहू, अभिषेक शुक्ला, विक्की गुप्ता,सीता ऊमरवैश्य व नीलम केशरी आदि लोग मौजूद रहे।

ब्रह्माकुमारी को सम्मानित करती महिलाएं।

प्राइवेट समुद्री जहाज मेकेनिक युवक की मुंबई में मौत

समुद्र के अंदर जहाज का गेट ठीक करने गया, पर वापस जीवित नहीं लौटा, परिजन में कोहराम

जंघई। क्षेत्र स्थित गोधना गांव निवासी एक युवक की समुद्री जहाज का गेट ठीक करने के दौरान मौत हो गई। गोधना गांव निवासी 24 वर्षीय विवेक चौहान पुत्र दीप नारायण चौहान मुंबई में रहकर अपने पिता के साथ मर्चेंट नेवी में प्राईवेट गोता खोर मेकेनिक का काम करते थे। बुधवार को दोपहर 1 बजे वे पानी के जहाज का गेट बनाने के लिए समुद्र के अंदर गए पर वह तय समय पर जब वापस उपर नहीं आए तो उनके स्टाप द्वारा उन्हें पानी के अंदर से निकाला गया। तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। पिता दीप नारायण ने बताया की उन्हें 2.30 बजे कुलाबा नेवी अश्विनी हास्पिटल से फोन आया तब घटना की जानकारी हुई। वे तुरंत हास्पिटल पहुंच कर विवेक का शव देख दहाड़े मार कर रोने लगे।

घटना की जानकारी होते ही गोधना गांव में भी कोहराम मच गया। घर वालों ने बताया कि विवेक चौहान की सात जून को शादी निश्चित हुई थी। उनका मुम्बई से 29 मई को गांव के लिए टिकट भी रिजर्व हो गया था। पिता दीपनारायण ने फोन पर बताया कि शव का पीएम हो गया है। वृहस्पतिवार की रात 8 बजे की फ्लाइट से शव को लेकर वाराणसी पहुंचेगे ।फिर सड़क मार्ग से घर गोधना लगभग 12 बजे रात के बाद ही परिवार में पहुंचेगे। विवेक की मौत की खबर से घर पर भारी भीड़ का आना जाना लगा है। हर कोई स्तब्ध है। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हो गया है।

मृतक विवेक चौहान की फाईल फोटो

एक राष्ट्र एक चुनाव कार्यक्रम का हुआ आयोजन

कार्यक्रम को संबोधित करते अजय शंकर दुबे।

सुजानगंज। गुरुवार के दिन ब्लॉक सभागार में एक राष्ट्र-एक चुनाव प्रबुद्ध समागम कार्यक्रम का आयोज हुआ। जहां पर मुख्य अतिथि के रूप में मुंगराबादशाहपुर विधानसभा पूर्व प्रत्याशी अजय शंकर दुबे/अज्जू भैया/उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा ऐक देश ऐक चुनाव पर बल देते हुए यशस्वी प्रधानमंत्री मा. नरेंद्र मोदी के मिशन एवं विजन को जन जन तक पहुंचा कर सबका समर्थन प्राप्त करना है. देश में एक बार में लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव कराने से देश आर्थिक रूप से बहुत मजबूत होगा.विशिष्ट अतिथि- अलोक सिंह प्रतिनिधि जिला पंचायत सदस्य,इंद्र भूषण दुबे एडीओ पंचायत,कर्म चन्द्र मौर्य- एडीओ एजी शनी सिंह, महेंद्र बिन्द, राजीव केशरी, मुकेश पटेल के साथ विभिन्न ग्रामसभा के प्रधानगण, क्षेत्र पंचायत सदस्य, ग्राम पंचायत अधिकारी व भाजपा के कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

99.25 प्रतिशत अंक पाकर अक्षिता ने प्राप्त किया तीसरा स्थान

मड़ियाहूं। स्थानीय विकास क्षेत्र के बदौवाँ ग्राम निवासी डा. कौशलेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव की पुत्री अक्षिता श्रीवास्तव ने सीआईएससीई बोर्ड की इंटर की परीक्षा में 99.25 प्रतिशत अंक पाकर आल इंडिया तीसरा स्थान प्राप्त जिले का नाम रोशन किया हैं। अक्षिता सिटी मोंटेसरी स्कूल गोमती नगर लखनऊ की छात्रा है। ऑल इंडिया तीसरा स्थान प्राप्त करने पर की परिजनों एवं शुभचिंतकों में हर्ष व्याप्त है।

डीएम ने की गेहूं खरीद की समीक्षा

जौनपुर। जिलाधिकारी डा. दिनेश चन्द्र की अध्यक्षता में गेहूं खरीद की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। जनपद में क्रय लक्ष्य 35500 एमटी के सापेक्ष 30 अप्रैल तक 8063 एमटी की खरीद हुई है जो कि लक्ष्य का 22.71 प्रतिशत है। जिलाधिकारी द्वारा सभी क्रय एजेंसियों को सख्त निर्देश दिया कि सभी अपने क्रय लक्ष्य के अनुरूप प्रतिदिन की खरीद करें। बैठक में अपर जिलाधिकारी राम अक्षयबर चौहान, डिप्टी आरएमओ नृपंजय पाठक, एआर कॉपरेटिव अमित पाण्डेय सहित सभी जिला प्रबंधक, मंडी सचिव और एडीओ, एडीसीओ उपस्थित रहे।

द-मर्सी क्लब ने मेधावी छात्र को किया सम्मानित

तरुणमित्र न्यूज

जलालपुर। कस्बा स्थित द मर्सी क्लब कार्यालय पर एक कार्यक्रम आयोजित करके क्षेत्र के मेधावी छात्र अर्पित कुमार यादव को आई आई टी मेंस में 95 प्रतिशत अंक तथा ग्राम पंचायत अधिकारी से पदोन्नत हुए प्रभारी सहायक विकास अधिकारी पंचायत बनाए जाने पर स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य कर्मचारी संघ के अध्यक्ष डा. प्रदीप कुमार सिंह ने कहा कि यह क्षेत्र के लिए गौरव की बात है कि अर्पित ने आई आई टी मेंस 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किया तथा पदोन्नत हुए अमित सिंह के संबन्ध में कहा कि ये एक सरल और सहज व्यक्ति है इनके पदोन्नति से यकीनन विकास खण्ड जलालपुर को लाभ होगा और कहा कि कार्यक्रम आयोजक एजाज अहमद की ये बेहतरीन क्वालिटी है क्षेत्र के प्रतिभावान लोगों को चिह्नित करके सम्मानित करने का काम करते है क्लब के लोग बधाई के पात्र है इसी क्रम में एजाज अहमद ने कहा कि अर्पित द्वारा क्षेत्र का नाम रोशन हुआ है ऐसे लोगों को सम्मानित करना क्लब की प्राथमिकता है क्लब के प्रांतीय सदस्य रतन लाल मौर्या ने कहा कि क्लब हमेशा ही सामाजिक कार्य में अग्रसर रहती है इसी क्रम में क्षेत्र में पदोन्नति हुए अमित सिंह तथा क्षेत्र का नाम रोशन करने के लिए अर्पित को सम्मानित किया जा रहा है।

इसमें कोई दो राय नहीं इनके विकास से क्षेत्र का विकास सम्भव है उक्त अवसर पर वरिष्ठ ग्राम पंचायत अधिकारी अनिल कुमार यादवसफाई कर्मी संघ के ब्लाक अध्यक्ष राज बहादुर यादव, अब्दुल सलाम, आशीष सिंह, सुभाष यादव, गंगाटेंद्र, पूर्व प्रधान संकठा गुप्ता, मीरू अहमद, मुँगना देवी, सरिता देवी, भुल्लन भारती, हरीश सरोज, प्रबहादुर, वन्दना, प्रदीप, ऊषा देवी, सरोजा देवी, रुचि आदि लोग रहे।

मेधावियों को सम्मानित करते द मर्सी क्लब के लोग।

तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने 65 वर्षीय वृद्ध को रौंदा, मौके पर ही मौत

अवैध खनन बना मौत का कारण

तरुणमित्र न्यूज

थानागद्दी। केराकत कोतवाली क्षेत्र के थानागद्दी बाजार में गुरुवार को एक तेज रफ्तार और बेकाबू ट्रैक्टर ने साइकिल सवार वृद्ध को कुचल दिया। हादसे में वृद्ध की मौके पर ही मौत हो गई।

पुलिस ने आरोपी चालक को ट्रैक्टर सहित गिरफ्तार कर लिया है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक की पहचान 65 वर्षीय लालजी वर्मा निवासी कानुवानी थानागद्दी के रूप में हुई है। वह बाजार में रिश्तेदारी में पड़ी शादी का सामान खरीदने आए थे और साइकिल से घर लौट रहे थे। इसी दौरान मिट्टी से लदा एक ट्रैक्टर तेज रफ्तार से आया और पीछे से उन्हें कुचलता हुआ निकल गया। हादसे के बाद बाजार में अफरा-तफरी मच गई। मेडिकल स्टोर संचालक दुर्गेश सिंह ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए भाग रहे ट्रैक्टर और चालक को पकड़ लिया।

स्थानीय लोगों ने बताया कि सुबह के समय जब बाजार में भीड़ होती है, तब अवैध रूप से मिट्टी लादकर तेज रफ्तार से ट्रैक्टर निकलते हैं, जिससे ऐसी दुर्घटनाएं होती रहती हैं। घटना के बाद बाजार में गमगीन माहौल है। मृतक की बेटी की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी ट्रैक्टर ड्राइवर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

कोर्ट में ही नायब तहसीलदार की तबीयत अचानक बिगड़ी

मछलीशहर। तहसील में न्यायिक कार्य कर रहे नायब तहसीलदार की तबीयत कोर्ट में ही अचानक बिगड़ गई। कोर्ट में अफरातफरी मच गई।आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार कराया गया। स्थिति गंभीर होने पर चिकित्सक ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

नायब तहसीलदार सुजानगंज विवेक कुमार श्रीवास्तव गुरुवार को अपने कोर्ट में बैठकर मुकदमे की सुनवाई कर रहे थे।अचानक उनके सिर में दर्द शुरू हुआ और देखते ही देखते तबीयत ज्यादा खराब होने लगी।आनन फानन में अधीनस्थ कर्मचारी लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां चिकित्सक ने हार्ट अटैक होना बताया और प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति गंभीर होने पर बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन बेहतर इलाज के लिए सरस्वती हार्ट केयर प्रयागराज ले गए। नायब तहसीलदार के हार्ट अटैक की सूचना पाकर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कुमार सौरभ, तहसीलदार रवि रंजन कश्यप ,तहसील के कर्मचारी, अधिवक्ता अपना कामकाज छोड़कर हॉस्पिटल रवाना हो गए।परिजनों को सूचना देने के बाद उनके साथ साथ ही सभी अधिकारी प्रयागराज भी गए।इसी अफरातफरी में सभी न्यायिक कार्य भी ठप्प रहा।

पिता व बहन को भरण पोषण न देने पर कोर्ट ने दान पत्र किया खारिज

नेत्रहीन पिता को धोखा देकर कलयुगी पुत्र ने लिखवा लिया था दान पत्र

मछलीशहर। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कुमार सौरभ ने पिता के पुत्र के पक्ष में लिखे गए दान पत्र को खारिज कर दिया। न्याय की दिशा में एक बेहतरीन और ऐतिहासिक निर्णय तहसील में चर्चा का विषय बना हुआ है। बताया जाता है कि ग्राम कटाहितखास गांव निवासी रामधनी बिन्द पुत्र स्वर्गीय बुधिराम को दोनों आंखों से बिल्कुल दिखाई नहीं पड़ता है। उनके दो लड़के रमाकांत और शशिकांत हैं और एक अविवाहित पुत्री माधुरी है।

नेत्रहीन रामधनी के पास कुल 16 बिस्वा जमीन थी। जिसमें से 13 बिस्सा का दान पत्र उनके लड़के रमाकांत ने बीते 9 नवंबर 2023 को अपने हक में अपने पिता से लिखवा लिया। दान पत्र अपने हक में होते ही कलयुगी पुत्र ने पिता को न सिर्फ भरण पोषण देना बंद कर दिया बल्कि घर से भी निकाल बाहर किया । वादे के अनुरूप अपनी छोटी बहन की शादी करने से भी इंकार कर दिया। जिसके बाद व्यथित रामधनी ने अपने पुत्र के खिलाफ अपने अधिवक्ता अंबिका प्रसाद बिंद के माध्यम से ज्वाइंट मजिस्ट्रेट के न्यायालय में दान पत्र को खारिज करने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। चूंकि मामला माता पिता एवं वरिष्ठ नागरिक भरण पोषण एवं कल्याण अधिनियम 2007 की धारा 23 (1) के अंतर्गत आता है। इसलिए ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कुमार सौरभ ने सुलह समझौता अधिकारी ललित मोहन तिवारी को मौके पर जांच के लिए भेजा ।जहां उपस्थित सैकड़ो ग्राम वासियों ने कलयुगी पुत्र की घोर आलोचना करते हुए रामधनी के लगाए गए आरोप को सही बताया और बयान भी दिया। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कुमार सौरभ ने बताया कि उन्होंने उपरोक्त अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए न सिर्फ दान पत्र को निरस्त किया है। बल्कि दान पत्र के आधार पर कब्जा की गई जमीन को पिता को वापस किए जाने का भी आदेश दिया है।

ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने बताया कि यदि वरिष्ठ नागरिकों को भरण पोषण करने तथा मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने की शर्त के साथ कोई अंतरण किया गया है तथा अंतरिती इसे पूर्ण करने में असफल रहता है तो अधिनियम की धारा 23 के तहत अन्तरिती को बेदखल करने और उक्त संपत्ति पर वरिष्ठ नागरिक को कब्जा देने का आदेश देने की शक्ति निहित है। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट द्वारा दिए गए इस ऐतिहासिक निर्णय की अधिवक्ता समाज ने जमकर सराहना की है।

फोटो दिव्यांग रामधनी

प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेशीय आह्वान पर शिक्षकों ने बीएसए कार्यालय पर दिया धरना

- मुख्यमंत्री को संबोधित पन्द्रह सूत्रीय मांग पत्र सिटी मजिस्ट्रेट ने प्रेषित करने का दिया आश्वासन
- चार सूत्रीय पत्र बीएसए को देकर शिक्षक हित में नियम लागू करने की हुई मांग

बीएसए को ज्ञापन देते धरनारत शिक्षकगण।

तरूणमित्र न्यूज

मऊ। प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेशीय आह्वान पर 15 सूत्रीय मांगों को लेकर शिक्षकों द्वारा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के कार्यालय पर बृहस्पतिवार को धरना दिया गया। धरने का ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट द्वारा प्राप्त किया गया और मुख्यमंत्री को प्रेषित करने का आश्वासन दिया गया। संगठन द्वारा चार सूत्रीय मांगों का ज्ञापन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को भी दिया गया और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से पूरे प्रदेश में जनपद में दूरभाष से शिक्षकों की उपस्थिति लेने की प्रक्रिया को बंद करने की मांग की गई।

1 अप्रैल 2004 के बाद विशिष्ट बीटीसी 2004, बीटीसी 2001 एवं 2004, उर्दू बीटीसी 2005 में नियुक्त सभी शिक्षकों को पुरानी पेंशन देने की मांग की गई। 17140 / 18150 का वेतनमान देने, विद्यालय समय 7 से 12 बजे तक करने, पदोन्नति एवं प्रोन्नत वेतनमान, जनपदीय एवं अंतर्जनपदीय सामान्य स्थानांतरण, 01 अप्रैल 2014 के बाद नियुक्त शिक्षकों को सामूहिक बीमा का लाभ देने, प्रधानाध्यापक से छात्रों का विवरण सत्यापित करवा कर आधार कार्ड बनवाने एवं डी बी टी की समस्याओं का निदान करने मांगों को लेकर शिक्षकों ने धरना दिया।

वक्ताओं में मुख्य रूप से प्राथमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष कृष्णानंद राय, सीनियर बेसिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री जनार्दन सिंह, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष रामाश्रय यादव, संतोष कुमार सिंह, विजय कुमार सिंह, शशि कला पाण्डेय, अखिलेश शुक्ल आदि सम्मिलित रहे।

इस अवसर पर राशिद जमाल, प्रवीण कुमार राय, सुरेंद्रनाथ यादव, जवाशंकर यादव, जगमोहन सिंह, शशि भूषण राय, सुजीत कुमार राय, कालीचरण यादव, सिद्धनाथ प्रसाद, मनीराम, घनश्याम यादव, डॉ शाहनवाज, ममता शर्मा, सुमन राय, रंजना मिश्रा, अंजनी कुमार सिंह, गीता मौर्या, विनोद कुमार, मनोज सिंह, वीरेंद्र सिंह, पंकज तोमर, आदि सैकड़ों शिक्षक उपस्थित रहे।

अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर सीडीओ ने किया जागरूक

प्रमाण पत्र और हीट वेव से बचाव के लिए दिये अंग वस्त्र

मजदूरों को अंग वस्त्र देते सीडीओ प्रशांत नागर।

तरूणमित्र न्यूज

मऊ। अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर बृहस्पतिवार को श्रम विभाग के द्वारा चंद्रा इंटरनेशनल स्कूल के सहयोग से लेकर अड्डा भीटी मऊ में मजदूरों को जागरूक करने के लिए मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत नागर की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी द्वारा वहां पर उपस्थित समस्त मजदूरों को जागरूक किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा मजदूरों को प्रमाण पत्र तथा हीट वेव से बचाव के लिए अंगवस्त्र का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर जिला श्रम आयुक्त सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं मजदूर उपस्थित रहे।

प्रधान आनंद कुमार मल्ल ने मजदूरों को किया सम्मानित

तरूणमित्र न्यूज

मजदूरों को संबोधित करते आनंद मल्ल सन्नी।

मधुबन (मऊ)। विश्व मजदूर दिवस पर गुरुवार को लखनौर ग्राम प्रधान आनंद कुमार मल्ल सन्नी ने मजदूरों को उपहार प्रदान कर सम्मानित किया। ग्राम प्रधान ने कहा कि यह एकजुटता, सामाजिक न्याय और श्रमिकों के अधिकारों के लिए निरंतर संघर्ष का एक सशक्त प्रतीक है। यह दिन श्रमिकों और उनके अधिकारों के प्रति सम्मान और जागरूकता व्यक्त करने का दिन है। इस दौरान काफी संख्या में मनरेगा मजदूर व ग्रामीण जितेंद्र मन्नू रावि विवेक आदि मौजूद थे।

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल जिला कमेटी की बैठक सम्पन्न

छठ पोखरी को सुंदरीकरण कराने की मांग व्यापार मंडल ने उठाई

तरूणमित्र न्यूज

मऊ। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल जिला कमेटी की बैठक बृहस्पतिवार को कोपागंज बाजार के उपाध्यक्ष मनोज कुमार बरनवाल के प्रतिष्ठान पर की गई। बैठक की अध्यक्षता व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष उमाशंकर ओमर तथा संचालन विनोद कुमार वर्मा ने किया।

बैठक में उपस्थित कोपागंज के व्यापारियों ने बताया कि छठ घाट पोखरा जो पुलिस थाने के बगल में अवस्थित है वह पूरी तरह से जर्जर तथा गंदगी से भरी पड़ी है। टाउन एरिया के चुनाव के समय छठ घाट पोखरा के निर्माण सुंदरीकरण पक्का घाट बनवाने तथा उसकी सफाई रखने आदि का आश्वासन बहुत ही जोर-शोर से दिया गया, परंतु चुनाव जीतने के बाद पोखरे की मरम्मत, पक्का घाटों का निर्माण, साफ सफाई आदि की व्यवस्था नहीं की गई। जिसके चलते हालात बद से बदतर हो गई है। अब तो छठ पोखरी में मोहल्ले वालों के घर का गंदा पानी पुलिस थाने तथा वहां स्थित सुलभ शौचालय आदि की गंदगी उसी में गिराया जा रहा है। कार्तिक माह में छठ के दिन यहां धार्मिक आयोजन होता है तथा पूजन करने, धार आदि देने के लिए भारी संख्या में लोग आते है।

बैठक करते उप्र उद्योग व्यापार मंडल जिला कमेटी के लोग।

इस दौरान व्यापारियों ने एक स्वर में छठ पोखर की सफाई कराने, उसकी मरम्मत करवाने, पक्का घाट बनवाने की टाउन एरिया परिषद से मांग की है।

बैठक में व्यापार मंडल आईटी मंच के प्रदेश महामंत्री आनंद ओमर, कोपागंज व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमृतलाल जायसवाल, उपाध्यक्ष मनोज कुमार बरनवाल, श्याम जी साहनी, ओम जी बरनवाल, युवा व्यापार मंडल के अध्यक्ष विनोद कुमार गुप्ता, विकास वर्मा, संदीप शर्मा ,दीपक मद्धेशिया, रोहित उमर वैश्य, शिवम गुप्ता, विशाल मद्धेशिया, अंकित गुप्ता इत्यादि उपस्थित थे।

संक्षिप्त समाचार

विवाहिता के उत्पीड़न मामले में कोर्ट ने कार्यवाही का दिया आदेश

तरूणमित्र न्यूज

मर्यादपुर/बेलौली (मऊ)। मधुबन थाना क्षेत्र के इटौरा खुर्द निवासी सरिता देवी पुत्री स्व.रमेश राम ने न्यायालय में उपस्थित होकर आरोप लगायी थी कि उसकी नाबालिग पुत्री के साथ शादी का झांसा देकर बलात्कार किया गया। गर्भवती हो जाने पर शादी से इन्कार करने के उपरांत किसी तरह सुलह समझौता के माध्यम से कटघरा शंकर रौजा स्थित दुर्गा माता को साक्षी मानकर शादी कर लिया गया। कुछ दिन सब ठीकठाक रहा उस के बाद ससुरालजनो द्वारा दहेज में एक लाख रुपया, मोटरसाइकिल, अंगूठी माला की मांग किया जाने लगा। मांग न पूरी होने पर तरह तरह से उसकी पुत्री को प्रताड़ित किया जाने लगा तथा मामूली बातों पर उसको गाली गलौज देते हुए जान से मारने की धमकी देकर कर घर से भगा दिया। इस मामले में मधुबन पुलिस ने कोर्ट के आदेश के बाद सरिता देवी कि तहरीर पर रंजीत, अजय, विजय पुत्रगण विरोधी राम, विरोधी राम पुत्र ब्रजराम, विद्यावती पत्नी विरोधी राम, सरिता देवी पुत्री विरोधी राम निवासीगण बीबीपुर व मुन्ना राम, शकुन्तला देवी निवासीगण इब्राहिमाबाद सुल्तानपुर थाना घोसी के खिलाफ संबंधित धाराओ में मुकदमा पंजीकृत कर आगे कि कार्रवाई में जुटी हुई है।

अवैध तमन्चा व कारतूस के साथ एक शातिर गिरफ्तार

तरूणमित्र न्यूज

मऊ। पुलिस अधीक्षक इलामारन जी के निर्देशन में अपराध/अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में बृहस्पतिवार को अवैध तमन्चा व कारतूस के साथ एक शातिर अभियुक्त गिरफ्तार किया गया। जिसमें थाना मुहम्मदाबाद गोहना पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान भैसहा मोड़ के पास से अभियुक्त अमन चौहान पुत्र अशोक चौहान निवासी भुन्देशरा बडका गांव थाना रानीपुर को गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से एक नाजायज तमन्चा व दो जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद किया गया। इस संबंध में उक्त अभियुक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर मु.अ.सं. 191/25 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया।

मजदूरों के प्रति हो सम्मान का भाव: डॉ. संजय सिंह

सम्मानित किये गये मजदूरों संग डा.संजय सिंह।

तरूणमित्र न्यूज

मऊ। विश्व मजदूर दिवस के आयोजन का मुख्य उदेश्य श्रमिकों एवं उनके अधिकारों के प्रति सम्मान एवं जागरुकता पैदा करने का दिन है।

यह दिन मजदूरों की सेवा भावना को ध्यान में रखते हुए उनको सम्मानित करने का दिन होता है। मजदूर दिवस का मुख्य मूल्य एकजुटता, काम की गरिमा और सामुहिक कार्यवाही है। तेजी से बदलती दुनिया में निष्पक्ष व्यवहार एवं सुरक्षित कामकाजी माहौल का है। ऐसे में सभी मजदूरों के प्रति अपना आदर भाव प्रकट करना आवश्यक हो जाता है। प्रसिद्व चिकित्सक डॉ संजय सिंह ने यह उदगार गुरुवार को विश्व मजदूर दिवस पर व्यक्त किया। शारदा नारायण हास्पिटल में आयोजित कार्यक्रम को वह संबोधित कर रहे थे। इस दौरान सफाई वार्ड से दुर्गावती, सुखदेव राजभर व एकलाख अहमद को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया।

पांच वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

तरूणमित्र न्यूज

मऊ। जनपद के विभिन्न थानों द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान बृहस्पतिवार को 05 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार किया गया। जिसमें थाना दोहरीघाट पुलिस द्वारा 03 वारण्टी अभियुक्त सरन पुत्र सहती हरिजन, जगदीश पुत्र चन्द्रपति हरिजन, रामबलि पुत्र छोटेलाल निवासीगण बुढावर थाना दोहरीघाट, थाना रामपुर पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त सलाउद्दीन पुत्र सलीम निवासी बस्ती बरसी निधियाव थाना रामपुर व थाना मधुबन पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त हरि राजभर पुत्र रामवृक्ष राजभर निवासी भिलई फिरोजपुर थाना मधुबन जनपद मऊ को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

राज्यसभा सांसद पर हुए हमले के विरोध में सपा कार्यकर्ताओं का धरना प्रदर्शन

जान लेवा हमला करने वालों को गिरफ्तार करने की हुई मांग

कलेक्ट्रेट पर धरना प्रदर्शन करते सपा के लोग।

तरूणमित्र न्यूज

मऊ। कलेक्ट्रेट पर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पार्टी के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन के ऊपर हुए हमले के विरोध में बृहस्पतिवार को धरना प्रदर्शन किया।

साथ ही राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। ज्ञापन सौंपने के दौरान समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष दूधनाथ यादव ने कहा कि प्रदेश में अराजकता की सरकार चल रही है।

हर दिन लूट हत्या हो रही हैं प्रदेश सरकार हर क्षेत्र में विफल है। समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन के ऊपर जानलेवा हमले के दोषियों को अभी तक गिरफ्तार नहीं किया गया। प्रदेश में कोई भी सुरक्षित नहीं है सरकार से सवाल पूछने पर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया जाता है। इस दौरान मुख्य रूप से सपा विधायक राजेंद्र कुमार, पूर्व एमएलसी रामजतन राजभर, अल्ताफ अंसारी, मुन्ना यादव सहित पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

एनएमए पीएचसी चकरा पर सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

सेवानिवृत्त हुये कर्मचारी को माला पहनाकर सम्मानित करते।

तरूणमित्र न्यूज

मऊ। एनएमए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चकरा रतनपुरा पर सम्मान समारोह का आयोजन बृहस्पतिवार को किया गया। अधिवर्षता आयु 60 वर्ष पूर्ण करने वाले कर्मचारी श्री तिवारी गत दिवस बुधवार को सेवानिवृत्त हुए। उनके रिटायर्ड होने पर केन्द्र पर कार्यरत सरकारी कर्मचारियों ने डॉ मार्कण्डेय यादव की अध्यक्षता में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में डॉ मार्कण्डेय यादव ने कहा कि श्री तिवारी मृदुभाषी और सदैव विभाग के कार्य कुष्ठ रोगियों के लिए समर्पित रहे। रोगियों को समय से दवा मिले और मरीज दवा नियमित खाकर विकलांग होने से बच सके और कुष्ठ रोग का प्रसार रुकने न पाये को लेकर समर्पित रहे। इस अवसर पर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद जिलाध्यक्ष रामाश्रय यादव ने कहा कि तिवारी जी विभागीय कार्य करते हुए संगठन का भी कार्य बखूबी करते रहे। सम्मान समारोह में सुदर्शन राम एनएमएस, एसपी वर्मा एनएमए, राम नवल यादव फार्मासिस्ट, प्रिंस कुमार, वंदना और आसपास के सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे। इस दौरान श्री तिवारी जी को बुके, फूलमाला मोमेंटम, अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गयी।

आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा

तरूणमित्र न्यूज

मर्यादपुर/बेलौली (मऊ)। मधुबन थाना क्षेत्र के एक गांव में जीजा के घर रह रही एक युवती से शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के बाद बीडीओ वायरल करने की धमकी देने के मामले में युवती के जीजा के तहरीर पर मधुबन पुलिस ने गांव के ही एक युवक के खिलाफ संबंधित धाराओ में मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि उसकी साली उसके घर रहती है। सन् 2018 के जून माह की 21 तारीख को गांव का अनुज तिवारी पुत्र जगदीश नारायण शादी का झांसा देकर घर में ही उसके साथ दुष्कर्म किया तथा बीडीओ बना लिया। उस के बाद बीडीओ वायरल करने की धमकी देकर लगातार दुष्कर्म करता रहा। इस मामले में मधुबन पुलिस ने पीड़िता के जीजा कि तहरीर पर आरोपी युवक के खिलाफ संबंधित धाराओ में मुकदमा दर्ज किया है।

सेन्टर ऑफ इण्डियन ट्रेड यूनियन्स के तत्वावधान में मनाया गया मजदूर दिवस

सिकागो के शहीद मजदूरों को गगन भेदी नारों के साथ की गयी श्रद्धांजलि अर्पित

चीनी मिल वर्कर्स यूनियन द्वारा गेट पर श्रद्धांजलि में शामिल सदस्य।

तरूणमित्र न्यूज

मऊ। सेन्टर ऑफ इण्डियन ट्रेड यूनियन्स जिला कमेटी के तत्वाधान में बृहस्पतिवार को किसान सहकारी चीनी मिल्स लि. घोसी नें चीनी मिल के वर्कर्स यूनियन द्वारा चीनी मिल गेट पर अन्तर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के ऐतिहासिक अवसर पर एकत्र होकर सिकागो के शहीद मजदूरों को गगन भेदी नारों के साथ श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर एक सभा जमानत अब्बास की अध्यक्षता में सम्पन्न हुयी।

सभा को सम्बोधित करते हुए सुगर वर्कर्स फेडरेशन आफ इण्डिया सीटू के महासचिव का.शिवाकान्त मिश्र ने केन्द्र एवं प्रदेश की मजदूर विरोधी नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि भारत में मजदूरों के लम्बे संघर्षों के बाद और आजादी के पूर्व मजदूर वर्ग के लिए बनाये गये कानूनों को केन्द्र सरकार एवं प्रदेश सरकारें अंधाधून्ध संशोधन कर मजदूर हितों पर सीधा हमला बोल दिया है।

देश के अन्दर चार श्रमकोडो में परिवर्तन रेलवे, एयरलाइन, स्वास्थ्य, शिक्षा, कोयला, बीमा, बिजली, और देश के नौरत्नों का नीजीकरण करनें का फैसला राष्ट्रहित में नही है बल्कि देश के उद्योगपतियों कारपोरेट घरानों को देश के परिसम्पत्तियों को औने पौने दामों में देकर राष्ट्र की सम्प्रभुता एवं एकता को खतरे में डाल दिया। केन्द्र एवं प्रदेश सरकारें मात्र लोगों को लुभावने नारों एवं साम्प्रदायिक सद्भाव को ठेस पहुँचानें वाले कार्यक्रमों को करके देश एवं विदेश में भारत का सम्मान प्रभावित कर रहे हैं।

सभा में सर्वश्री जयराम चौरसिया, नागेन्द्रनाथ पाण्डेय, शम्भूनाथ चौरसिया, लक्ष्मण मिश्रा, रामाज्ञा यादव, पलकधारी चौरसिया, सुनील कुमार राय आदि प्रमुख मजदूर नेताओं ने विचार व्यक्त किया। संचालन जयहिन्द राजभर ने किया।

अदालती नोटिस

सम्मन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5) न्यायालय श्रीमान मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण मऊ, जनपद-मऊ याचिका संख्या- 188/2019 सिंहासनी देवी आदि बनाम रीता मौर्या आदि। बनाम 2-वंशीधर विश्वकर्मा पुत्र फेकू विश्वकर्मा, सा.पिण्डरी, शेरपुर, झोटारी, बरेसर, मोहम्मदाबाद, जनपद-गाजीपुर 233229। --विपक्षी दरगाह याची ने आपके नाम एक नालस दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 06 माह 05 सन् 2025 बवक्त 07 बजे के अदालत या मार्फत वकील पेशी मुकदमे के हालात में करार वाकिफ हो गया है और कुल उमरान अहम मुतालिका याचिका का जवाब दे सकें जिसके साथ और कोई शक्स हो जो कि जवाब ऐसे सवालात दे हाजिर हो और जवाबदेही दावा करे और आप की लाजिमी है कि उसी रोज है जुमैला दस्तावेज पेंश करें जिन पर आप बताईद अपनी जवाबदेही इस्तेमाल करना चाहते हैं। आपको इत्तला दी जाती है अगर ता0 मजकूर पर आप हाजिर होंगे तो याचिका बगैर हाजिर आपके मससूअअ और फैसला होगा बसख्स मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज व तारीख 25 माह 04 सन् 2025 ई0 को जारी किया गया। तारीख पेशी 06-05-2025 आज्ञा से- पीठासीन अधिकारी मो.दु.न्या.मऊ

आवश्यकता है

दुलारी देवी गर्ल्स कालेज ऑफ एजुकेशन, बस्ती बेलौली, मऊ (सम्बद्ध-महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़) में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर कला संकाय पाठ्यक्रम के विषय-शिक्षाशास्त्र, भूगोल, गृहविज्ञान, राजनीति शास्त्र, संस्कृत, समाज शास्त्र, हिन्दी तथा स्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय के अन्तर्गत रसायन विज्ञान में (तीन) व गणित, भौतिक विज्ञान, प्राणी विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, विषयों में दो-दो प्रवक्ताओं की आवश्यकता है। योग्यता एवं वेतनमान यू0जी0सी0 उ0प्र0 शासन/ विश्वविद्यालय परिनियमावलीनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी अपना स्वप्रमाणित दो फोटो लगा आवेदन-पत्र, समस्त शैक्षिक प्रमाणपत्रों की छायाप्रति के साथ 21 दिन के अन्दर महाविद्यालय के पते पर भेजें।

प्रबन्धक
मो0नं0 9838183499

अदालती नोटिस

सम्मन बगरज एनफैसाल मुकदमा आर्डर 5 कायदा 1 व 5 बअदालत उप जिलाधिकारी न्यायिक पिण्ड्रा, वाराणसी, बमुकदमा नम्बर सन् 2022 ई0 मक्कड़ बनाम सरकार अर्न्तगत धारा - 24 भू0रा0सं0 मौजा कोइरान परगना अठगांवा तहसील पिण्ड्रा जिला वाराणसी बनाम-1.मक्कड़ पुत्र नगेसर 2.फजीहत पुत्र नगेसर 3.बुद्धू पुत्र स्व0 शंकर 4.सुद्धू पुत्र स्व0 शंकर 5.संजय पुत्र स्व0 शंकर 6.रामजी पुत्र स्व0 हीरू 7.श्यामजी पुत्र स्व0 हीरू 8.लालजी पुत्र स्व0 हीरू सभी निवासीगण ग्राम अहिरान परगना अठगांवा तहसील पिण्ड्रा जिला वाराणसी। तजबीसानीकर्ता बावजह हो कि आपके नाम एकनालिष बाबत दाखिल हुआ है लिहाजा आपको लाजिम है कि खुद या बजरिये अधिवक्ता हाजिर होकर जो कुछ उज्र हो आज तारीख 21 माह 05 सन् 2025 ई0 ववक्त 10 बजे बमुकदमा अदालतन या बजरिये अधिवक्ता अदालत हाजा में हाजिर होकर मुकदमें की पैरवी करे वरना आपके खिलाफ एक तरफा हुक्म सादिर कर दिया जायेगा। वसीका मेरे हस्ताक्षर और मोहर अदालत से आज दिनांक 30 माह 04 सन् 2025 ई0 को जारी किया गया। आज्ञा से-न्यायालय

अदालती नोटिस

इस्तेहार मजरिया अदालत सिविल जज (सी0डि) मुकाम चन्दौली उत्तराधिकार वाद सं0 41 सन् 2025 ई0 दरखास्त मुसम्मा विजय वर्मा पुत्र स्व0 जंग बहादुर राम निवासी नई बस्ती अलीनगर परगना धूस जिला चन्दौली बनाम-1.शिव कुमार वर्मा 2.श्याम नारायण वर्मा पुत्रगण स्व0 जंग बहादुर राम निवासी प्लाट नं053 माँ नर्मदा नगर बिलहरी जबलपुर स्थाई पता नई बस्ती अलीनगर थाना अलीनगर जिला चन्दौली 3.आम जनता। वास्ते हुसुल सर्टिफिकेट पर कर्जा व किफायत हाय याफतानी मुसम्मा मुतफरका अपने बमूजिक ऐक्ट 1889 ई0 व कैद हरगाह मुसम्मा ने दरखास्त हुसुल सर्टिफिकेट गुजरानी है और तारीख 07 माह 05 सन् 2025 ई0 वास्ते समायत दरखास्त के मुकर्रर हुई है। लिहाजा यह इस्तेहार जारी किया जाता है कि जिस किसी को निश्वत दरखास्त के उक्त हो या अदालत या वकालतन वक्त 10.30 बजे सुबह अदालत सिविल जज (सी0डि) मुकाम चन्दौली व तारीख मुकर्रर हाजिर होकर जो अपना उज्र पेश करें। दरसूरत इसके जाय तारीख मजकूर के सादिर होगा। असल रकूम 24 माह 04 सन् 2025 ई0 को अदालत के मुहर व दस्तखत जारी किया गया। आज्ञा से-न्यायालय

अदालती नोटिस

इस्तेहार मजरिया अदालत सिविल जज (सी0डि) मुकाम चन्दौली उत्तराधिकार वाद सं0 37 सन् 2025 ई0 दरखास्त मुसम्मा अश्विनी कुमार विश्वकर्मा पुत्र स्व0 भूनेश्वर शर्मा निवासी ग्राम अरंगी तहसील व जनपद चन्दौली बनाम-1.श्रवण कुमार विश्वकर्मा 2.सुशील कुमार विश्वकर्मा दोनो पुत्रगण नारायण वर्मा पुत्रगण स्व0 भूनेश्वर शर्मा निवासी ग्राम अरंगी तहसील चन्दौली जनपद चन्दौली 3.रिना शर्मा पुत्री स्व0 भूनेश्वर शर्मा पत्नी महेन्द्र कुमार विश्वकर्मा निवासी हाल पता हाउस नं0 77,कुटटा फार्म हाउस के पास धीरज नगर एतमादपुर से0 नं0 30, अमर नगर,फरिदाबाद, हरियाणा पिन0 नं0 181003 4.आम जनता। वास्ते हुसुल सर्टिफिकेट पर कर्जा व किफायत हाय याफतानी मुसम्मा मुतफरका अपने बमूजिक ऐक्ट 1889 ई0 व कैद हरगाह मुसम्मा ने दरखास्त हुसुल सर्टिफिकेट गुजरानी है और तारीख 05 माह 05 सन् 2025 ई0 वास्ते समायत दरखास्त के मुकर्रर हुई है। लिहाजा यह इस्तेहार जारी किया जाता है कि जिस किसी को निश्वत दरखास्त के उक्त हो या अदालत या वकालतन वक्त 10.30 बजे सुबह अदालत सिविल जज (सी0डि) मुकाम चन्दौली व तारीख मुकर्रर हाजिर होकर जो अपना उज्र पेश करें। दरसूरत इसके जाय तारीख मजकूर के सादिर होगा। असल रकूम 25 माह 04 सन् 2025 ई0 को अदालत के मुहर व दस्तखत जारी किया गया। आज्ञा से-न्यायालय

अदालती नोटिस

सम्मन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5) ब अदालत सिविल जज (सी0डि0) जिला वाराणसी, नम्बर मुकदमा 87 सन् 2025 ई0 आशु देवी बनाम सरिता गौड़ आदि बनाम-1.श्रीमती सरिता गौड़ पत्नी शत्रुधन कुमार गोड़ 2.श्रीमती सोनाली देवी पत्नी रविशंकर गोड़ सभी निवासीगण ग्राम जलालीपट्टी (नईबस्ती) परगना देहात अमानत तहसील सदर जिला वाराणसी ....प्रतिवादी सेट नं0-1, 3.शत्रुधन कुमार गोड़ 4.रविशंकर गोड़ पुत्रगण स्व0 बाकेलाल गोड़ निवासीगण ग्राम जलालीपट्टी (नईबस्ती) परगना देहात अमानत तहसील सदर जिला वाराणसी ....प्रतिवादी सेट नं0-2, 5.सरोज देवी पत्नी स्व0 भरत 6.भुआल पुत्र स्व0 बाकेलाल 7.सुनिल पुत्र भरत 8.अनिल पुत्र भरत 9.मनिष पुत्र भरत सभी निवासी मौजा नकाइन ग्राम परगना देहात अमानत तहसील राजातालाब, जिला वाराणसी ....प्रतिवादी सेट नं0-3 हरगाह ने आपके नाम के नालिष बाबत के दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 22 माह 05 सन् 2025 ई0 बरिवक्त बजे अदालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमा ने करार वाकई किया गया हो और कल उमरात अदम मुतालिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके पास और कोई शख्स जो कि जबाब दे सके या जिसके पास और कोई शख्ख जो कि जबाब ऐसे सवालात का दे सके, हाजिर हो जबाबदेही दावा भी करे। मगर आपको लाजिम है किसी रजिजुमला दस्तावेज पेशकरदा पेश करे जिसमे आप तवाहये अपनी जबाबदेही इत्तिला दी जाती है कि बरोज मजकूर आप तवाहये अपनी आपको इत्तिला दी जाती है कि बरोज मजकूर आप हाजिर न होगे तो मुकदमा वगैर हाजिरी आपको मसमूषा फैसला होगा। मेरे हस्ताक्षर और मोहर अदालत से आज बतारीख 25 माह 04 सन् 2025 ई0 को जारी किया गया। आज्ञा से-न्यायालय।

अदालती नोटिस

हेतु संदर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारूप) न्यायालय पंचम अपर जिला न्यायाधीश, जिला वाराणसी, सिविल रिविजन वाद सं0 30 सन् 2025 ई0 श्रीमती मनोरमा देवी बनाम भईयालाल वगैरह बनाम-1.भईया लाल बालिग पुत्र स्व0 भगवान दास निवासी मकान नम्बर बी. 22/261सी-1 किरहियॉ खोजवां जिला वाराणसी हाल पता म नं0सी. 9/323ए-2-एस हबीबपुरा वार्ड चेतगंज जिला वाराणसी 2.हरिओम बालिग पुत्र स्व0 नन्द लाल 3.रेखा बालिग पुत्री स्व0 नन्द लाल निवासीगण मकान नम्बर बी. 22/261सी-1 किरहियॉ खोजवां जिला वाराणसी। चूंकि उपरिनामांकित ने इस न्यायालय में यह आवेदन दिया है कि अतएव आपको एतद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप आवेदन कि खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 2025 के 05 माह के 19 दिवस को 10 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक् रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एकपक्षीय रूप से सुना जायेगा और आधारित किया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 30.04.2025 के दिवस को निकाली गई। आज्ञा से-न्यायालय

शुभ लग्न ऑफर
शुद्धता और विश्वास, अब आपके और भी पास
कोठी परसोत्तम राम
अजीत कुमार बैंकर्स एण्ड ज्वैलर्स
त्यौहारों के उपलक्ष्य में कोठी परसोत्तम राम अजीत कुमार बैंकर्स एण्ड ज्वैलर्स प्रस्तुत करते हैं देश एवं विदेश के सर्वोत्तम कारीगरों द्वारा निर्मित उत्कृष्ट डिजाइनर ब्राण्डेड ज्वैलरी
हमारे यहां सोने, चांदी और डायमण्ड की फैन्सी ब्रान्डेड ज्वेलरी मिलती है। साथ ही साथ सोने चांदी के सिक्के, रत्न, उपरत्न एवं मूर्ति भी उपलब्ध है। एक बार सेवा का मौका दें।
कोतवाली चौराहा, अलफस्टीनगंज, स्टेशन रोड, जौनपुर
रविन्द्र बैंकर, संस्कार बैंकर, दिव्यांश बैंकर मो. 09838435680 - ए.सी. शोरूम
सम्बंधित फर्म-
परसोत्तम राम नरेन्द्र कुमार बैंकर ख्वाजगी टोला, स्टेशन रोड, जौनपुर
कोठी परसोत्तम राम राजाराम बैंकर्स कोतवाली चौराहा, जौनपुर

संस्थापक सम्पादक- स्व. कैलाशनाथ
श्री विश्वकर्मा चैरिटेबल ट्रस्ट धरनीधरपुर, जौनपुर एवं तरूणमित्र मीडिया प्रा0लि0 द्वारा तरूणमित्र हि0दै0 के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक आदर्श कुमार* द्वारा मीडिया टेक्स्ट प्रा0लि0, रोहनिया जी0टी0 रोड, वाराणसी से मुद्रित एवं 631, उमरपुर हरिबन्धनपुर, जौनपुर से प्रकाशित।
आर.एन.आई पंजीयन सं. 353710/78 (मो0:- 9452984488)
फोन:-समाचार कक्ष-(05452) 358728, 05452-470147
E-mail : tarunjnp@rediffmail.com, tarunjaunpur@gmail.com
* इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा उत्पन्न समस्त विवाद जौनपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
मुख्यालय:- 47 धरनीधरपुर, जौनपुर (उ0प्र0)

वर्षों से लंबित सार्वजनिक भूमि की नापी को लेकर अनशन पर बैठे सिंहासन चौहान

तरुणमित्र न्यूज़

बेल्थरा रोड (बलिया)। तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत शाहपुर टिटिहा की सार्वजनिक भूमि पर नापी की मांग को लेकर आजाद अधिकार सेना के जिला उपाध्यक्ष सिंहासन चौहान ने अनशन पर बैठे। उन्होंने अराजी संख्या 107 की जमीन पर वर्षों से लंबित नापी प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करने की मांग की है।

जिला उपाध्यक्ष का कहना है कि यह भूमि गांव में शादी-ब्याह और अन्य सामाजिक आयोजनों के लिए एकमात्र बची सार्वजनिक जमीन है, लेकिन कुछ लोगों द्वारा इस पर अवैध कब्जा कर लिया गया है। इस संबंध में उन्होंने उपजिलाधिकारी बेल्थरारोड को ज्ञापन भी सौंपा है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि इस भूमि पर पहले से आबादी बसी हुई है, और गांव के सामूहिक हितों के लिए यह स्थान अत्यंत आवश्यक है। कई बार राजस्व विभाग से नापी की मांग की गई, लेकिन अब तक कोई सकारात्मक पहल नहीं हुई। सिंहासन चौहान ने प्रशासन को 1 मई 2025 तक भूमि की स्पष्ट नापी कराने की समय सीमा दी थी। उन्होंने चेतावनी दी थी। कि यदि तय समय में कार्रवाई नहीं हुई, तो ग्रामीण जन सामूहिक रूप से आमरण अनशन शुरू करने को बाध्य होंगे। 30 अप्रैल को नापी न होने की स्थिति में वह गुरुवार से ग्रामीणों के साथ अनशन शुरू कर दिया।

उनके अनशन शुरू होने के बाद राजस्व विभाग की टीम भी भूमि की नापी करने पहुंच गई। जब सिंहासन चौहान से इस सम्बन्ध में बताया गया तो उन्होंने कहा कि जबतक राज्स्व टीम द्वारा उक्त भूमि की पैमाइश कर वहां खूंटा नहीं गाड़ दिया जाता तब-तक उनका अनशन जारी रहेगा।

राज्य महिला आयोग की सदस्य डा. प्रियंका मौर्या ने की जनसुनवाई

तरूणमित्र न्यूज

आजमगढ़। मंगलवार को उ0प्र0 राज्य महिला आयोग की मा0 सदस्य डा0 प्रियंका मौर्या द्वारा जनपद आजमगढ़ के पुलिस लाइन सभागार में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमे जनसुनवाई के अन्तर्गत कुल 42 प्रकरण प्राप्त हुए जिसमें घरेलू हिंसा से सम्बन्धित प्रकरण, छेडखानी, जमीनी विवाद, साइबर क्राइम आदि से सम्बन्धित प्रकरण प्राप्त हुए मा0 महोदया द्वारा 03 प्रकरण का त्वरित निस्तारण किया गया, तथा 01 घरेलू हिंसा से सम्बन्धित प्रकरण पति-पत्नी के बीच सुलह-समझौता कराया गया, मा0 महोदया द्वारा मिठाई खिलाकर उन्हे खुशी-खुशी घर भेज

दिया गया, महोदया द्वारा समस्त पीड़ित महिलाओं को यह आश्वासन दिया गया कि आपको डरने की जरूरत नही है आप सभी को एक सशक्त, मजबूत स्वालम्बी और आत्मनिर्भर बनना है, उ0प्र0 राज्य महिला आयोग आपके साथ है।

जनसुनवाई कार्यक्रम में उपस्थित समस्त अधिकारीगण द्वारा अपने विभाग से सम्बन्धित योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से जानकरी दी गयी, नोडल अधिकारी श्री डी0सी0 त्रिपाठी महोदय द्वारा महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं जैसे-मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुंख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्पान्सरशिप योजना, वन स्टॉप सेन्टर योजना के बारे में जानकारी दी गयी।

जनसुनवाई कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी सदर, उप जिलाधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, महिला थानाध्यक्ष, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, जिला श्रम प्रवर्तन अधिकारी, बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड, वन स्टॉप सेन्टर के समस्त कार्मिक उपस्थित रहें।

आजमगढ़ नवागत जिलाधिकारी की हनक

तरूणमित्र न्यूज

आजमगढ़। नवागत जिलाधिकारी रविंद्र कुमार द्वितीय की जनपद में हनक देखने को मिली। 24 अप्रैल की शाम जिला कोषागार में कार्यभार ग्रहण के बाद 25 अप्रैल की सुबह जिला कोषागार का निरीक्षण करने के बाद वहां से पैदल ही कलेक्टर ऑफिस तक गए, इस दौरान कोषागार की चहारदीवारी से सटे सड़क के किनारे स्थित बड़ा नाला जो बिना पटिया के वर्षों से खुला हुआ पड़ा था, कुछ दिन पूर्व एक व्यक्ति उसमें गिर भी गया था, संयोग से उसे बचा लिया गया, उधर से गुजरते हुए नवागत जिलाधिकारी की नजर जब उस खुले हुए नाले पर पड़ी तो उन्होंने तत्काल प्रभाव से उस पर पटिया लगाने के लिए आदेशित किया।

आज गुरुवार की सुबह उक्त नाला पटिया से ढका हुआ मिला। स्थानीय लोगों में इस बात चर्चा जोरों पर है कि कई डीएम आए पर इस नाले पर पटिया नहीं लग पाई। नवागत डीएम रविंद्र कुमार द्वितीय द्वारा दिए गए के आदेश के बाद हुई इस त्वरित कारवाई की चर्चा जोरों पर है। बताते चलें कि जिलाधिकारी रविंद्र कुमार द्वितीय ने कार्यभार संभालते ही सबसे पहले उन्होंने जिला अस्पताल का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का आकलन किया।

इसके बाद गौशालाओं का दौरा कर वहां की व्यवस्था को बेहतर करने के निर्देश दिए गए। साथ ही, स्कूलों में शिक्षण व्यवस्था और शिक्षकों की उपस्थिति को लेकर भी उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश जारी किया। उन्होंने जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किए जाने को लेकर सख्त निर्देश जारी किए।

संक्षिप्त समाचार

डॉ. बृजभूषण सिंह ने मरीजों को सावधानी एवं बचाव के बारे में बताया

तरूणमित्र न्यूज

बरदह। *ठेकमा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉक्टर बृजभूषण सिंह से मधुमक्खी के डंक से मृत्यु के संबंध में कुछ जानकारियां लेते हैं मधुमक्खियां के अंदर ऐसा क्या है उनके डंक से कुछ लोगों की मृत्यु हो जाती है इस संबंध में देखिए डॉक्टर बृजभूषण ने क्या कहा आईए जानते हैं मधुमक्खी के डंक से इंसानों की मृत्यु मुख्य रूप से दो कारण से हो सकती है पहले व्यक्ति को एलर्जी हो सकती है जिससे इनाफिलेक्टिक शाक हो सकती है जो जानलेवा हो सकता है इसलिए जब कोई मधुमक्खी किसी व्यक्ति को डंक मारती है तो डंक और बीस की थैली मुंह से बाहर निकल जाती है जिससे मधुमक्खी एक सेकंड के भीतर मर जाती है और यदि डंक व्यक्ति से नहीं निकाला जाता है तो इससे थैली में बीस की मात्रा बढ़ जाती है और उस स्थिति में व्यक्ति की मृत्यु हो सकती है डॉ बृजभूषण सिंह ने बताया कि अगर किसी को मधुमक्खी काटे तो तुरंत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाएं एवं उसे ठंडे पानी से धुलाई करवा और मधुमक्खी का डंक जहां-जहां काटी हो उसको निकाल दें। बाकी मरीज को सोने ना दें और तत्काल उपचार के लिए डॉक्टर के पास ले जाएं।*

सर्व समाज एकता रैली सम्पन्न

तरूणमित्र न्यूज

दीदारगंज, आजमगढ़। *विधान सभा क्षेत्र दीदारगंज क्षेत्रांतर्गत गोसड़ी गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय परिसर में गुरुवार को भारतीय भैरव सेना की तरफ से सर्व समाज एकता रैली का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि भारतीय भैरव सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष आदित्य राजभर रहे। मुख्य अतिथि का कार्य कर्ताओं ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। इसके बाद मंच पर बेकाबू भीड़ के चलते मुख्य अतिथि आदित्य राजभर नें दुर्व्यवस्था के चलते मंच से उतरकर अपनी वाहन की छत पर खड़े होकर चंद मिनट में ही जनसमुदाय को सम्बोधित करते कहा कि मै बनारस से चलकर आया हूं आप सभी लोग आपस में भाई चारे एव सौहार्दपूर्ण ढंग से प्रेम के साथ रहिए जय श्रीराम कहते हुए लोगों से विदा हुए। कार्यक्रम में दुर्व्यवस्था का बोल बाला था मंच पर धक्का मुक्की चल रही थी पुलिस मंच पर चढ़कर लोगों को समझाने की कोशिश की लेकिन भीड़ माननें को तैयार नहीं थी।*

इसलिए मुख्य अतिथि आदित्य राजभर ने अपनें वाहन पर खड़े होकर चंद मिनटों में ही लोगों को सम्बोधित कर चलते बने। इस अवसर पर उमेश कुमार यादव, इंद्रेश राजभर, प्रहलाद राजभर, कार्तिक राजभर, विकाश मौर्य आदि उपस्थित रहे। शांति ब्यवस्था को कायम रखने के लिए काफी संख्या में पुलिस बल तैनात थी।

अपहरण, दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट से संबंधित अभियुक्त गिरफ्तार

तरुणमित्र न्यूज़

सिकन्दरपुर, बलिया। *पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक सिकन्दरपुर प्रवीण कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना सिकन्दरपुर पुलिस को गुरुवार को सफलता मिली है। उ0नि0 शकील अहमद मय हमराह के थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 98/25 धारा 137(2)/87/64(1) बीएनएस व धारा 3/4 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित विवेचना/गिरफ्तारी अभियुक्त में मामूर थे कि मुखबिर खास की सूचना पर मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त आशीष राजभर पुत्र रामचन्द्र राजभर ग्राम जयरामगढ़ थाना कोपागंज जनपद मऊ उम्र 21 वर्ष को बसारिखपुर चट्टी से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुये मा0 न्यायालय बलिया भेजा गया।*

लल्लूगंज में 4 लाख की चोरी

तरूणमित्र न्यूज

बरदह। *आजमगढ़ स्थानीय थाना क्षेत्र के लल्लूगंज बाजार में बुध /गुरुवार की रात में मिठाई विक्रेता दुकानदार अमरनाथ प्रजापति के रिहायशी मकान के पिछले हिस्से की दिवाल में अज्ञात चोरों ने सेड लगाकर मकान के अंदर घुस कर पचास हजार नगद समेत सोने चांदी के गहने चोरी कर घर में से एक बस्का को सिवान में ले गए उसको खंगाल कर खेत में छोड़ दिए परिजनों को अलसुबह कमरे में सामान फैला देख कर महिलाओं ने शोर कर हुए परिजनों को बताया तो परिजनों ने डायल 112 पुलिस एवं स्थानीय पुलिस को सूचना दी मौके पर फॉरेंसिक टीम एवम एसआई दरोगा मनीष सिंह पुलिस ललित सरोज भ्रयंगल यादव समेत कई पुलिस कर्मी पहुंचे चोरों की घटना की जांच की पीड़ित ने चोरों की घटना की तहरीर दी पीड़ित ने बताया कि लगभग चार लाख रुपए का सामान चोरी हुआ है। पुलिस जांच में जुटी थाना अध्यक्षबरदह राजीव कुमार सिंह ने बताया कि चोरों का जल्द से जल्द पता लगाया जाएगा।*

श्रमिकों के हित में संचालित योजनाओं के के प्रति किया गया जागरूक

तरुणमित्र न्यूज़

बलिया। *श्रम प्रवर्तन अधिकारी जितेन्द्र कुमार ने बताया कि आज 01 मई को मजदूर दिवस के अवसर पर कार्यालय श्रम प्रवर्तन अधिकारी बलिया व रसड़ा के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा जनपद के विभिन्न लेबर अड्डो, निर्माणाधीन कार्यस्थल व ईंट भट्ठो पर जाकर विभिन्न श्रम अधिनियमों / केन्द्र सरकार व राज्य सरकार द्वारा श्रमिकों के हित में संचालित योजनाओं के बारे में जागरुकता कर अन्तर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाया गया व साथ में मिष्ठान वितरण भी किया गया।*

पुत्र ने पिता की लाठी डंडे से पीट कर की हत्या

तरूणमित्र न्यूज

आजमगढ़। जिले के अहिरौला थाना क्षेत्र के सारन गांव में लाठी डंडे से पीट कर पिता की हत्या का मामला सामने आया है। यह घटना उस समय हुई जब पिता पुत्र में मां की 13वीं को लेकर चर्चा चल रही थी। इसी बीच पिता पुत्र में विवाद हो गया। गुस्से में आए बेटे ने लाठी डंडे से अपने पिता राम लौटन राजभर 60 के सिर पर हमला कर दिया। इस हमले में रामलौटन गंभीर रूप से घायल हो गए।

और कुछ देर बाद उनकी मौत हो गई। इस मामले की सूचना आसपास के लोगों ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने डेड बॉडी को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जबकि घटना के आरोपी बेटे विजय राजभर 36 को हिरासत में ले लिया गया है। यह पूरा मामला पारिवारिक विवाद से जुड़ा हुआ बताया जा रहा है। इस बारे में जिले के एसपी ग्रामीण चिराग जैन ने बताया कि मृतक राम लौटन राजभर की पत्नी की 8 दिन पूर्व मौत हो गई थी। ऐसे में 13वीं को लेकर तैयारी चल रही थी। इसी बात को लेकर बाप बेटे में पहले कहा सुनी हुई। और इसी दौरान बहस होने लगी। स्थानीय लोगों ने बताया कि मृतक का बेटा विजय राजभर नशे का भी आदी है। ऐसे में वह नशे में ही रहता था। इसी कहासुनी के दौरान लाठी डंडे से पिता के सिर पर हमला कर दिया और तब तक हमला किया जब तक मौत नहीं हो गई। इसके साथ ही सर को कुचला भी गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि उनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी। वहीं घटना के बाद से परिवार के सभी सदस्य मौके से फरार हो गए हैं। घटना के आरोपी को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

रोजगार मेले का आयोजन

तरूणमित्र न्यूज

गाजीपुर। प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गाजीपुर ने बताया है कि जी एम आर इन्फ्रा कम्पनी द्वारा नोडल राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, तुलसीपुर गाजीपुर में दिनांक 09 मई, 2025 को पूर्वान्ह 10.00 बजे से रोजगार मेले का आयोजन किया गया है।

जिसमें इलेक्ट्रीशियन, वायरमैन, इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक, इलेक्ट्रीशियन पावर डिस्ट्रीब्यूशन (ई0पी0डी0) व्यवसाय से आई0टी0आई0 उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक योग्यता/आधार कार्ड की छायाप्रति/ आई0टी0आई0 के मूल प्रमाण पात्रों की छायाप्रति के साथ उक्त मेले में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें, उक्त हेतु कोई भी अतिरिक्त यात्रा भत्ता/अन्य भत्ता देय नहीं होगा।

जिलाधिकारी ने पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल एवं मतदान केन्द्रों का किया भ्रमण

तरुणमित्र न्यूज़

बलिया। जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार ने आज पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के साथ नगर पंचायत, मनियर के रिक्त अध्यक्ष पद के लिए दिनांक 02 मई, 2025 को मतदान को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल बांसडीह इंटर कॉलेज का भ्रमण किया।

जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी, बांसडीह अभिषेक प्रियदर्शी से पोलिंग पार्टियों की रवानगी की स्थिति आदि जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि सभी पोलिंग पार्टियों को शीघ्र रवाना कर दिया जाय। उन्होंने बांसडीह इंटर कॉलेज में बनाए गए स्ट्रांग रूम व मतगणना हाल का जायजा लेते हुए कहा कि मतगणना

हाल में बैरिकेडिंग सहित सभी व्यवस्थाएं राज्य निर्वाचन आयोग, उत्तर प्रदेश की गाइडलाइन के अनुसार सुनिश्चित किया जाय। जिलाधिकारी ने मतदान के लिए बनाए गए मतदान केंद्र-मनियर इंटर कॉलेज एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय, मनियर आदि का भ्रमण कर संबंधित अधिकारियों को राज्य निर्वाचन आयोग, उ.प्र. की गाइडलाइन के अनुसार सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी अनिल कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

एसपी ट्रैफिक द्वारा थाना एएचटी आजमगढ़ का किया गया निरीक्षण

तरूणमित्र न्यूज

आजमगढ़। दिनांक 30.04.2025 को विवेक त्रिपाठी अपर पुलिस अधीक्षक यातायात/नोडल अधिकारी थाना ए.एच.टी. जनपद आजमगढ़ द्वारा थाना ए.एच.टी. जनपद आजमगढ़ का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान आलावां अवकाश व कार्य सरकार के प्रभारी निरीक्षक अभयराज मिश्रा, उ0नि0 उमेश कुमार, उ0नि0 बेचू प्रसाद यादव, हे0का0 बृजेश यादव, म0हे0का0 सरिता पाण्डेय, का0 रोहित मिश्र, का0 आशीष प्रताप सिंह, म0का0 अर्चना तिवारी, हे0का0चालक सतीश कुमार सिंह मौजूद मिले। एसपी ट्रैफिक द्वारा थाने की साफ-सफाई व रजिस्टरों का निरीक्षण किया गया।

रजिस्टरों का रख-रखाव अच्छा पाया गया। थाना परिसर में साफ-सफाई के लिये जमादार रखने हेतु प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाईन आजमगढ़ से सम्पर्क स्थापित करने हेतु बताया गया।

साथ ही प्रभारी कक्ष में सीलन पाये जाने पर तथा थाना ए.एच.टी. में शौचालय की व्यवस्था न होने के कारण प्रभारी कक्ष के मरम्मत व शौचालय की व्यवस्था के लिये स्टीमेट बनाकर रिपोर्ट अलग से प्रेषित करने हेतु बताया गया। एसपी ट्रैफिक द्वारा उ0नि0/विवेचक उमेश कुमार को मु0अ0सं0 265/23 धारा 363 भादवि थाना गम्भीरपुर आजमगढ़ से सम्बन्धित अपहृत की शीघ्र बरामदगी हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये तथा बालश्रम उन्मूलन हेतु निर्देशित किया गया कि यदि कोई व्यक्ति नाबालिग बच्चों से काम कराता है तो उसके सम्बन्ध में विधि सम्मत कार्यवाही की जाय।

सूचना- सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र संदीप कुमार विश्वकर्मा का रहन-सहन गलत लोगों के साथ हो गया है जिसके कारण आज से मैंने उसे अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब उससे मेरा कोई वास्ता-सरोकार नहीं है। वह कोई भी गलत कार्य करता है तो उसका वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

प्रार्थी-**हरीशचन्द विश्वकर्मा** पुत्र मोती लाल विश्वकर्मा, सा.मौ. जखनिया, थाना पवारा, जिला जौनपुर

2 से 15 तक बिजली बाधित रहेगी

तरूणमित्र न्यूज

आजमगढ़। लालगंज के 132 केवी सबस्टेशन से निर्गत 33 केवी तरवा, पल्हना और मेहनाजपुर फीडर पर आगामी 2 मई से 15 मई तक जर्जर विद्युत तारों को बदलने का कार्य ऋष्ठस्स योजना के तहत किया जाएगा। यह कार्य प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगा, जिसके कारण इन तीनों उपकेंद्रों से पोषित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

उपखंड अधिकारी (मेहनगर) सत्य कुमार ने बताया कि कार्य पूर्ण होने तक इन उपकेंद्रों से जुड़े क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी। उन्होंने कहा कि इस कार्य से क्षेत्र में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित होगी और विद्युत दुर्घटनाओं में कमी आएगी। श्री कुमार ने प्रभावित क्षेत्र के उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील करते हुए असुविधा के लिए खेद व्यक्त किया। शटडाउन का कार्य अवर अभियंता महमूद अख्तर की देखरेख में किया जायेगा।

तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए जारी कार्य में गुणवत्ता के मानकों का हो रहा उल्लंघन

सौंदर्यीकरण कार्य में मानक विहीन ईटो का हो रहा उपयोग

तरुणमित्र न्यूज़

सिकंदरपुर(बलिया)। किला कोहना वार्ड नंबर 5 में चल रहे तालाब सौंदर्यीकरण कार्य में मानक विहीन ईंटों का उपयोग किया जा रहा है, जिससे स्थानीय लोग चिंता में हैं। तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए जारी कार्य में गुणवत्ता के मानकों का उल्लंघन होते हुए देखा गया है। सूत्रों के अनुसार, काम में उपयोग हो रही ईंटों का मानक स्तर पूरा नहीं हो रहा है, जिससे परियोजना की सफलता पर सवाल उठ रहे हैं।

स्थानीय निवासियों ने आरोप लगाया है कि इस तरह की असमान्य गुणवत्ता की ईंटों का इस्तेमाल तालाब के संरक्षण और सौंदर्यीकरण के उद्देश्य को प्रभावित कर सकता है। इससे न केवल तालाब का रूप खराब होगा, बल्कि इससे संबंधित निर्माण की गुणवत्ता भी घट सकती है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से आग्रह किया है कि इस मामले की गंभीरता से जांच की जाए और गुणवत्ताहीन सामग्रियों का उपयोग तुरंत रोका जाए। साथ ही, निर्माण कार्य की निगरानी के लिए एक सख्त निगरानी समिति का गठन भी किया जाए ताकि ऐसी अनियमितताएँ भविष्य में न हों। स्थानीय प्रशासन को जल्द से जल्द इस मामले में हस्तक्षेप कर जरूरी कदम उठाने की आवश्यकता है ताकि इस परियोजना का उद्देश्य पूरा हो सके और जनता को बेहतर सुविधा मिल सके।

"वार्ड नंबर 5 की महिला सभासद श्रीमती लखी देवी पत्नी श्री गुलाब चंद जायसवाल जी ने किला कोहना पोखरा के सुंदरीकरण में हो रही धांधली का विरोध करते हुए कहा, %यह परियोजना जनता के हित में है, लेकिन इसमें मानक विहीन सामग्री का उपयोग कर इसे नष्ट करने की कोशिश की जा रही है। हम इसका कड़ा विरोध करते हैं और प्रशासन से मांग करते हैं कि इस मामले में सख्त कार्रवाई की जाए।"

छेड़खानी करने वाले चार अभियुक्त गिरफ्तार

तरूणमित्र न्यूज

आज़मगढ़। जिले के जीयनपुर कोतवाली पुलिस ने मारपीट और छेड़खानी करने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बुधवार को पीड़िता ने तहरीर दिया कि उसके विपक्षी के परिवार से पहले से रंजिश चल रही है। दिनांक 29/4/2025 को रियाज के लडके राशिद का जन्मदिन था दावत मे तमाम लोग आए थे रात 10 बजे राशिद पुत्र रियाज, आतिफ पुत्र रियाज, आसिफ पुत्र रियाज, रियाज पुत्र अकबाल निवासीगण ढोलीपुर थाना जीयनपुर, शाहरुख अहमद पुत्र मु0 फारुख, मु0 साबिर पुत्र नुरुलरेन निवासीगण जैदपुर थाना महराजगंज, मु0 फैजान पुत्र मु0 अकरम ग्राम खतीबपुर थाना जीयनपुर, अब्दुल्लाह पुत्र इस्तेयाक ग्राम धौरहरा थाना जीयनपूर, जैफ उर्फ जकरिया पुत्र एजाज ग्राम बैल बाजार बासूपार थाना जीयनपूर व तीन, चार व्यक्ति मेरे घर पर आ गये और मुझे और मेरी माँ को गाली गलौज, मारपीट, जान से मारने की धमकी व छेड़खानी करने पर गाँव के लोगो ने मार पीट कर पकड लिया। सूचना किसी व्यक्ति द्वारा पूलिस को दे दिया और पुलिस मौके पर आ गई और मै और मेरी माँ तथा गाँव के अन्य लोग पकडे गए चारो व्यक्तियो के साथ थाने पर ले आये।

अदालती नोटिस
हेतु संदर्भित करने की सूचना
(साधारण प्रारूप)
न्यायालय अपर सिविल जज (जू.डि.) प्रथम, जौनपुर।
मु.नं. 776/2015
दूधनाथ बनाम छोटेलाल
ता.पेशी 04.07.2025 आपत्ति/निस्तारण

बनाम- 7/1 श्रीमती निर्मला देवी उ0त0 50 साल पत्नी स्व0 अवधनरायन सा0मौ0 बढ़ौना परगना हवेली तहसील सदर जिला जौनपुर।

चूँकि उपरिनामांकित ने इस न्यायालय में आवेदन किया है कि अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उक्त आवेदन हेतु संदर्भित करने के लिए 2025 के 07 के 04 दिवस आपत्ति व निस्तारण बवक्त 10 सुबह में स्वयं या सम्यक रूपेण अनुदृष्टि अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय सुना जायेगा, अवधरित किया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज 20............के..........के.........दिवस को निकाली गई। -न्यायालय

अदालती नोटिस
हेतु संदर्भित करने की सूचना
(साधारण प्रारूप)
न्यायालय सिविल जज (जू.डि.) जौनपुर।
मु.नं. 1267/1999
चंद्रवली बनाम रामलखन
ता.पेशी 07.05.2025 आपत्ति/निस्तारण
मृतक प्रतिवादी सं.-4 के वारिसान

बनाम- 2/1 उदयराज, 2/2 संतोष कुमार, 2/3 श्याम कृष्ण पुत्रगण सूबेदार, 2/4 जड़ावती बेवा सूबेदार सा0 मौजा गद्दोपुर पर0 बरसठी जिला जौनपुर।

चूँकि उपरिनामांकित ने इस न्यायालय में आवेदन किया है कि अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उक्त आवेदन हेतु संदर्भित करने के लिए 2025 के 05 के 07 दिवस आपत्ति व निस्तारण बवक्त 10 सुबह में स्वयं या सम्यक रूपेण अनुदृष्टि अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय सुना जायेगा, अवधरित किया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज 20............के..........के.........दिवस को निकाली गई। -न्यायालय

अदालती सम्मन
सम्मन बगरज एनफैसाल मुकदमा
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
न्यायलय उपजिलाधिकारी सदर जौनपुर
वाद सं. 116 सन् 2019 ई0
धारा 144 उ0प्र0रा0सं0 2006
महेन्द्र आदि बनाम सरकार
ता.पेशी-05.05.2025 जवाब/तनकीह

बनाम- 1-राज्य सरकार उ0प्र0 वजरिए कलेक्टर साहब जौनपुर, 2-नगर पालिका परिषद जौनपुर वजरिए अध्यक्ष व अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका जौनपुर, 3-प्रेमचंद्र, 4-हरिशचंद पुत्रगण रामधनी, 5-उग्रसेन, 6-चंद्रसेन, 7-इन्द्रसेन पुत्रगण स्वामीनाथ, 8-मुकेश पुत्र जवाहिर, 9-प्रहलाद पुत्र श्रीनाथ, 10-रामनाथ पुत्र रामलखन, 11-रामबली, 12-फुन्नीलाल पुत्रगण महादेव, 13-छोटेलाल पुत्र चानिका, 14- हीरालाल पुत्र भवानी, 15- रामजतन पुत्र रामनिरंजन सा0 मौ0 कटघरा देहात पर0 हवेली तह0 सदर जौनपुर।

बावजह हो कि .... आपके नाम एक नालिश बाबत दाखिल हुआ है। लिहाजा आपको लाजिम है कि खुद या बजरिये अधिवक्ता/ वकील हाजिर होकर कुछ उज्र हो आज तारीख 05 माह 05 सन् 2025 ई0 बवक्त 10.00 बजे बमुकदमा अदालतन या बजरिये अधिवक्ता/ वकील अदालत हाजा में हाजिर होकर मुकदमें की पैरवी करें वरना आपके खिलाफ एकतरफा हुक्म सादिर कर दिया जायेगा।

वसिका मेरे हस्ताक्षर और मोहर अदालत है आज दिनांक ... माह .. सन् 2025 ई0 को जारी किया गया। -न्यायालय

ई-निविदा सूचना

(1) ई-निविदा संख्या: 07-वि0प्रे0 खं0-द्वि0 (जौ0)/ 2025-2026:- विद्युत पारेषण खण्ड-द्वितीय, जौनपुर के अन्तर्गत एक उपकेन्द्र से दूसरे उपकेन्द्र पर विद्युत सामग्री ले जाने के कार्य हेतु। निविदा खुलने की तिथि 24.05.2025। निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 590/- जी0एस0टी0 सहित। धरोहर राशि रू0 2,000/- (रू0 दो हजार मात्र)।

निविदा सम्बन्धी अन्य विवरण जैसे निविदा में संशोधन अथवा निविदा खुलने की तिथि में विस्तार होता है तो इसकी सूचना ई-टेन्डर वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध करायी जायेगी।

"राष्ट्रहित में बिजली बचायें"

अधिशासी अभियन्ता
विद्युत प्रेषण खण्ड-द्वितीय, जौनपुर

पत्रांक-393/वि0प्रे0खं0-द्वि(जौ0)/ई-निविदा
दिनांक: 01.05.2025

ई-निविदा सूचना

(1) ई-निविदा संख्या: 8 खं0-द्वि0 (जौ0)/ 2025-2026:- विद्युत पारेषण खण्ड-द्वितीय, जौनपुर के अन्तर्गत 400 केवी विद्युत उपकेन्द्र व विभिन्न 132 केवी विद्युत उपकेन्द्रों पर आर0ओ0 वाटर प्यूरीफायर उपलब्ध कराने, लगाने एवं स्थापित करने के कार्य हेतु। निविदा खुलने की तिथि 28.05.2025। निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 590/- जी0एस0टी0 सहित। धरोहर राशि रू0 2,000/- (रू0 दो हजार मात्र)।

निविदा सम्बन्धी अन्य विवरण जैसे निविदा में संशोधन अथवा निविदा खुलने की तिथि में विस्तार होता है तो इसकी सूचना ई-टेन्डर वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध करायी जायेगी।

"राष्ट्रहित में बिजली बचायें"

अधिशासी अभियन्ता
विद्युत प्रेषण खण्ड-द्वितीय, जौनपुर

पत्रांक-395/वि0प्रे0खं0-द्वि(जौ0)/ई-निविदा
दिनांक: 01.05.2025

तहसील गेट पर लगा नि:शुल्क प्याऊ उपजिलाधिकारी ने किया शुभारंभ

तरूणमित्र न्यूज

मुहम्मदाबाद यूसुफपुर (गाजीपुर)। भीषण गर्मी से राहत दिलाने के उद्देश्य से स्थानीय नगर पालिका क्षेत्र के तहसील मुख्य द्वार पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी निशुल्क प्याऊ की व्यवस्था की गई है। इस जनसेवा कार्य का

शुभारंभ उपजिलाधिकारी डॉ. हर्षिता तिवारी ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने गुड़ से मुंह मीठा किया और प्याऊ से ठंडा जल ग्रहण कर सेवा का प्रतीकात्मक आरंभ किया। इस प्याऊ की स्थापना समाजसेवी राम आसरे ठाकुर के सौजन्य से की गई है।

इसका उद्देश्य राहगीरों, अधिवक्ताओं और आम नागरिकों को तपती गर्मी में ठंडा व स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना है, ताकि लोग गर्मी से कुछ राहत पा सकें और प्यास बुझा सकें। इस जनहितकारी पहल के उद्घाटन अवसर पर नगर के अनेक सम्मानित नागरिक, अधिवक्ता, शिक्षक व नगरपालिका कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से प्रमोद कुमार, जय हिंद (शिक्षक), तेज बहादुर, राजेंद्र पाल बिंद, रिंकू (संचालिका), शिक्षिका एवं सेवा दल के सदस्य उपस्थित थे। सभी ने इस सेवा भावना की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल समाज के लिए प्रेरणास्रोत है और ऐसे कार्यों से लोगों में सकारात्मक सोच का संचार होता है। यह प्याऊ न केवल जल सेवा का प्रतीक है, बल्कि समाज में आपसी सहयोग और सेवा की भावना को भी दर्शाता है। इस प्रकार की व्यवस्थाएं न केवल प्यास बुझाती हैं, बल्कि समाज के प्रति उत्तरदायित्व का भी बोध कराती हैं। उपस्थित लोगों ने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी इस प्रकार के कार्य निरंतर होते रहेंगे और समाज सेवा की यह परंपरा आगे बढेगी।

अदालती नोटिस

बईजलास सबजज द्वितीय बक्सर मोकदमा नम्बर 725 सन् 2022 नम्बरी तारिक खां वादी बनाम अख्तर खां वैगरह प्रतिवादीगण नोटिस बनाम.1 मोनीबुन निशा पति अख्तर अली खान पिता समीउल्ला खां मतौफा 2. अकीमून निशा पति अनावरुल हक खाँ पिता समीउल्ला खां मतौफा साकिन 191/के0 हुसैनाबाद कादरी मस्जिद के पास उसियां हालमोकाम बारा पोस्ट बारा थाना गहमर जिला गाजीपुर उ0प्र0 चूं बावजूद नोटिस सम्मन के आप लोग मोकदमें में हाजिर नही हो रही है अतरू वजरिये गजट प्रकाशन के माध्यम से आप को सूचित किया जाता है कि दिनांक 17.06.2025 तक न्यायालय में हाजिर होकर जो कुछ उजुर/एतराज करना हो करें अन्यथा आपलोगों की अनुपस्थिति में मोकदमें की सुनवाई एकपक्षीय की जायेगी। इसे सख्त ताकिद जाने। न्यायालय सबजज.2 बक्सर जारी दिनांक 19.04.2025

अप्रैल में 2 लाख करोड़ रुपये से भी ज्यादा का हुआ टैक्स कलेक्शन

नई दिल्ली, 01 मई। जीएसटी कलेक्शन से अप्रैल 2025 में सरकार के खजाने में 2 लाख करोड़ रुपये से भी ज्यादा जुड़ चुके हैं। अप्रैल 2025 में कुल जीएसटी कलेक्शन 2,36,716 करोड़ रुपए रहा। ये पिछले साल अप्रैल के मुकाबले 12 फीसदी से भी ज्यादा है। वहीं, रिफंड के बाद नेट जीएसटी कलेक्शन 2,09,376 करोड़ रुपए दर्ज किया गया। वित्त मंत्रालय की ओर से जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार अप्रैल 2025 का जीएसटी रिफंड 27,341 करोड़ रुपये रहा है। वहीं पिछले साल अप्रैल में ये रिफंड 18,434 करोड़ रुपये था। इसमें 48.3 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। ऑफिशियल से मिली जानकारी के अनुसार सरकार के इस जीएसटी रेवन्यू में ष्टत्रस्ज्ञ, स्त्रस्ज्ञ, द्बत्रस्ज्ञ और ष्टश्वस्स शामिल किया जाता है। वहीं कुछ टैक्स सरकार वापस कर देती है। जिसे रिफंड कहा जाता है। इस बार अप्रैल 2025 में कुल रिफंड 27,341 करोड़ रुपये रहा है। वहीं अप्रैल 2024 में ये रिफंड 18,434 करोड़ रुपये था। अगर रिफंड को वापस कर कुल जीएसटी कलेक्शन देखा जाए, तो ये अप्रैल 2025 में 2,09,376 करोड़ रुपये रहा है। वहीं अप्रैल 2024 में ये 1,91,833 करोड़ रुपये था।

किस शहर में कितना रहा टैक्स कलेक्शन ?: हमेशा की तरह सबसे ज्यादा टैक्स कलेक्शन महाराष्ट्र से हुआ है। अप्रैल 2025 में महाराष्ट्र से सरकार ने 41,645 करोड़ रुपये टैक्स कलेक्ट किया है। जो पिछले साल अप्रैल के मुकाबले 11 फीसदी ज्यादा है। अप्रैल 2024 में महाराष्ट्र से 37,671 करोड़ रुपये टैक्स के रूप में जुटाए गए हैं। वहीं उत्तर प्रदेश से टैक्स कलेक्शन 13,600 करोड़ रुपये रहा है। जो पिछले साल अप्रैल में 12,290 करोड़ रुपये था। ऐसे ही बिहार से टैक्स कलेक्शन इस बार 2,290 करोड़ रुपये रहा है। जो 15 फीसदी ज्यादा है। नई दिल्ली से 8,260 करोड़ रुपये का टैक्स जुटाया गया है। राजस्थान से 6228 करोड़ रुपये और हरियाणा से 14,057 करोड़ रुपये टैक्स कलेक्शन रहा है।

'आप सेना का मनोबल गिराना चाहते हैं?'

पहलगाम हमले की न्यायिक जांच की मांग वाली याचिका पर सर्वोच्च न्यायालय ने याचिकाकर्ता को लगाई फटकार

नई दिल्ली, 01 मई। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दाखिल की गई थी, जिसे लेकर सर्वोच्च न्यायालय ने याचिकाकर्ता को फटकार लगाई है। अदालत ने याचिकाकर्ता से कहा कि आपने मांग की है कि रिटायर्ड जज की अगुवाई में पहलगाम हमले के जांच हो। जज कब से ऐसे मामलों की जांच करने के एक्सपर्ट हो गए हैं? सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मामले की गंभीरता को देखिए। कोर्ट ने कहा कि यह कठिन समय है और सभी को साथ मिलकर आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई लड़नी होगी। कोर्ट ने इस याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया।

बता दें, याचिका दाखिल कर ये मांग की गई थी कि पहलगाम हमले की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज की अध्यक्षता में एक न्यायिक आयोग के गठन की मांग की गई थी। 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले की जांच के लिए न्यायिक आयोग के गठन की मांग करने वाली याचिका दायर करने वाले वकीलों की सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी आलोचना की है। जस्टिस सूर्यकांत और एन. कोटेश्वर सिंह की पीठ ने वकीलों से जिम्मेदार बनने को कहा है। पीठ ने कहा, 'जिम्मेदार बनो। देश के प्रति तुम्हारा कुछ कर्तव्य है। क्या यही तरीका है, कृपया ऐसा मत करो। कब से एक एक सेवानिवृत्त उच्च न्यायालय या सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश ऐसे मुद्दों की जांच करने के लिए विशेषज्ञ बन गए हैं?'

जस्टिस सूर्यकांत ने की ये अपील: जस्टिस सूर्यकांत ने कहा, 'यह काफी महत्वपूर्ण समय है और देश के हर एक नागरिक ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ने के लिए हाथ मिलाया है। ऐसी कोई प्रर्थना मत करो जिससे किसी व्यक्ति का मनोबल गिरे। मुद्दे की संवेदनशीलता को देखों।' हालांकि कुछ देर की बहस के बाद वकीलों ने याचिका वापस लेने की अनुमति मांग ली।

भारत से बढ़ते तनाव के बीच पाकिस्तान ने ट्रंप से मांगी मदद

नई दिल्ली। भारत पाकिस्तान के बीच तनाव की उठती लपटों को लेकर पाकिस्तान के अमेरिका में राजदूत रिजवान सईद शेख ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से अपील की है कि वे भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को कम करने में मदद करें। उनका कहना है कि जैसे राष्ट्रपति ट्रंप यूरोप और मिडिल ईस्ट में संघर्ष सुलझाने की कोशिश कर रहे हैं, वैसे ही उन्हें साउथ एशिया में भी अमन की बहाली के लिए कदम उठाने चाहिए। अमेरिकी मैगजीन न्यूजवीक को दिए एक इंटरव्यू में रिजवान सईद ने कहा, "हमारे पास ऐसा राष्ट्रपति है, जो इस दौर-ए-हुकूमत में दुनिया में अमन के लिए खड़ा हो, जंग को खत्म करने, टकराव को रोकने और मसलों को हल करने का इरादा रखता हो, तो कश्मीर से ज्यादा अहम और खतरनाक (खासकर न्यूक्लियर लिहाज से) कोई दूसरा फ्लैश पॉइंट नहीं हो सकता।"

CMM ENGLISH SCHOOL
THE CREATIVE BEST EDUCATION
ADMISSION OPEN 2025-26
Technology Enabled Education...
Our Special Features
Successful Result Since Inception. Child Centered Education.
Qualified and Efficient Teachers. Green Environment.
Student Friendly Ambience. CCTV Camera.
9451363534 7310383940
YAHIYAPUR POWER HOUSE ROAD RASHIDABAD, JAUNPUR
cmmenglishschool@gmail.com
Cmm English School
Cmmesjnp

Registration Form Available Now
(Admission Through Entrance Exam Only)
ADMISSION OPEN
SESSION 2025-26
SAVITRI CONVENT HIGH SCHOOL
We Shape The Future
Limited Seats Only
SILVER JUBILEE OF 21st CENTURY OFFER
100% Discount on Admission Fee
From Today to 30th April 2025
पढ़ाई आसान, रिजल्ट शानदार
हर बच्चे को पढ़ाई के लिए मिलेगा सही गाइडेंस
स्कूल की 3 नयी सुविधाएं
✓ हर महीने माता-पिता के लिए लर्निंग रिपोर्ट
✓ पढ़ाई की नई शिक्षा नीति पर आधारित ट्रैकिंग सिस्टम
✓ घर पर पढ़ाई, रिवीजन और प्रैक्टिस के फ्री टूल्स
OUR MISSION YOUR CHILD'S BEST ACADEMIC GROWTH
Contact: Dr. Ajit Asthana Director (Administration)
Mob.: 9305963991, 6394015955
490-A, Civil Lines Ambedkar Tiraha Miyanpur, Jaunpur-222002
SAVITRI CONVENT SCHOOL Ambedkar Tiraha, Jaunpur 9305963991

NIRMALA DEVI POLYTECHNIC & Pharmacy College
(D Pharma Course) | AICTE & UPBTE Approved
ADMISSION OPEN 2025-26
B. PHARMA AND D. PHARMA
Course Name Bus Facility
Electrical & Electronics Engineering | Mechanical Engineering Production
Mechanical Engineering Automobile | Electrical Engineering | Civil Engineering
Adress: Near Gaurabadshahpur Police Statiion, Nayansand, Jaunpur (U.P.)
Contact No. 9415234998, 7839456998, 9839449646, 7080956598, 8787010634, 8808800929
Website: www.ndpc.co.in E-mail: dnirmala432@gmail.com

रजि. नं. 49166 (U.P.)
हिमानी हॉस्पिटल
(अत्याधुनिक महिला चिकित्सा केन्द्र)
डा. शैली निगम M.B.B.S.,M.D. (Obst & Gynae) प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
डा. आदित्य निगम M.B.B.S.,M.S. (Ortho.) हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ ट्रामा, आर्थराइटिस एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन
डा. तुषार मोहन जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
सुविधायें: गाइनी- अल्ट्रासाउण्ड • सामान्य एवं अतिगंभीर गर्भावस्था • आधुनिक तकनीक से बच्चेदानी (छक्ट) • इन्फर्टिलिटी विशेषज्ञ एवं अन्य आपरेशन • कैंसर से बचाव एवं टीकाकरण • कॉल्पोस्कोपी • हिस्ट्रोस्कोपी • लैप्रोस्कोपी • आर्थो • प्लास्टर • ज्वाइंट एन्जेक्शन • ट्रामा ज्वाइंट रिप्लेसमेंट एवं अन्य आपरेशन
पता - डा. मन मोहन श्रीवास्तव सीनियर फिजीशियन एवं हृदय रोग विशेषज्ञ 48, जहांगीराबाद (बदलापुर रोड), जौनपुर-222002
परामर्श का समय प्रातः 10-2 बजे तक (रविवार अवकाश) इमरजेन्सी परामर्श : प्रतिदिन 24 घण्टा
निःसंतान महिलाएं अवश्य मिलें

स्टाफ नर्स के प्रशिक्षण के लिए
अवध पैरा मेडिकल कालेज, जौनपुर
708, विशेषरपुर (पचहटिया) शीतला चौकियाँ, आजमगढ़ रोड, जौनपुर फोन- 05452-263982
G.N.M., A.N.M., B.Sc.(Nursing) Post Basic, D.Pharma, B.Pharma
G.N.M. सामान्य नर्सिंग एवं मिडवाइफरी के 3 वर्षीय डिप्लोमा प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रवेश हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।
योग्यता 10+2 या समकक्ष परीक्षा में कम से कम 90% अंक | चयन प्रक्रिया मेरिट के आधार पर | आयु सीमा 17-35 वर्ष | छात्रावास की सुविधा
आवेदन पत्र एवं अन्य विवरण के लिए सम्पर्क करें
डा. रामअवध यादव Mob.: 8931931199 9415273329
डा. शकुन्तला यादव प्रबन्ध निदेशक Mob.: 9889377675 9415207436
KUNWAR DAS MEDICAL CENTRE PVT. LTD. 708, Vishesharpur (Panchahatiya), Sheetala Cahukiya, Azamgarh Road, Jaunpur-222106

हॉलमार्क रजिस्टर्ड प्रतिष्ठान
प्रो. सौरव कुमार बैंकर
Mob.: 7309902476, 7317337000
सौरव ज्वेलर्स
अण्डर ग्राउण्ड शोरूम
हॉलमार्क ज्वेलरी पर 100 प्रतिशत वापसी की गारंटी
रत्नों एवं उपरत्नों का विशाल संग्रह • कलात्मक एवं फैन्सी आभूषणों के विक्रेता
विश्वास की कसौटी पर निरन्तर अग्रसर
मिश्रा काम्प्लेक्स, ओलन्दगंज - जौनपुर

निःसन्तान दम्पति निराश न होवें
बाँझपन के सर्वोत्तम इलाज के लिए
शकुन्तला आईवीएफ सेन्टर जौनपुर
सेवा का अवसर दें
.... निवेदक ....
डा0 रामअवध यादव
डा0 शकुन्तला यादव
डा0 आनन्द वर्द्धन
डा0 अन्शु कुमारी
पंचहटिया, आजमगढ़ रोड, जौनपुर
Mob.: 8931931199, 9918905642

बी.ए.एम.एस. के सर्वोत्तम प्रशिक्षण के लिए
डा. शकुन्तला आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज, जौनपुर
पता - 1214, नयनसण्ड, थाना रोड, गौराबादशाहपुर, जौनपुर (उ.प्र.) 222133
College Code- AYU0728
ADMISSION OPEN 2025-26
अभ्यर्थी U.P., आयुष, NEET की वेबसाइट पर डा. शकुन्तला आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज को प्रथम विकल्प चुनें
BAMS BACHELOR OF AYURVEDIC MEDICINE AND SURGERY
Recognized by NCISM, Ministry of AYUSH, Govt. of India, Affiliated to Mahayogi Guru Gorakhnath AYUSH University, Uttar Pradesh
10+2 (PCB) Min. 50% and NEET Qualifying Score
4.5 Years + 1 Year Internship
स्कॉलरशिप
एजुकेशन लोन सुविधा
LIMITED SEATS
HURRY UP! PRE BOOK YOUR SEAT NOW
• जनपद जौनपुर का पहला आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज।
• योग्य अनुभवी चिकित्सकों द्वारा उत्कृष्ट चिकित्सीय शिक्षा।
• विशेषज्ञ आयुर्वेदिक चिकित्सकों द्वारा उत्कृष्ट चिकित्सा सुविधा।
• डिजिटल एक्सरे, अल्ट्रासाउण्ड, पैथोलॉजी, सर्जरी, ट्रामा, मेडिकल आई.सी.यू, ओ.टी, फिजियोथैरेपी, पंचकर्म, क्षारसूत्र से सुसज्जित हॉस्पिटल में विशेष प्रशिक्षण।
• विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक एवं सर्वांगीण विकास हेतु उत्कृष्ट वातावरण।
• आधुनिक पुस्तकालय एवं प्रयोगशाला।

NEET UG 2024 QUALIFYING CUTOFF

CATEGORY	PERCENTILE	MARKS
GEN/EWS	50%ile	164
OBC	40%ile	129
SC	40%ile	129
ST	40%ile	129

9415273329, 9889377675, 1390691111 drshakuntalaayush.in drshamch2023@gmail.com

पेट, आँत, लीवर, किडनी, ब्रेस्ट, प्रोस्टेट, बच्चेदानी आदि रोग की सुरक्षित गुणवत्ता पूर्ण एडवांस मेडिकल एवं सर्जिकल इलाज के लिए राष्ट्रीय प्रमाण-पत्र
NABH & ISO द्वारा प्रमाणित अस्पताल
डा. लाल बहादुर सिद्धार्थ
M.B.B.S., M.S. Surgery, F.I.M.S.A., M.I.A.G.E.S. SR. (Gastro Surgery,) M.I.M.S.A., F.A.I.S., F.I.C.S.
(गैस्ट्रो, लेप्रोस्कोपिक एवं कैंसर सर्जन)
जनता के बेहतर और कल्याण के लिए केन्द्र सरकार की सौगात
आयुष्मान भारत योजना
के अन्तर्गत 5 लाख तक का निःशुल्क उपचार
गोल्डेन कार्ड प्रतिदिन बनता है
न्यू हेरिटेज
सिद्धार्थ हास्पिटल
मल्टी स्पेशिएलिटी साइंस एवं रिसर्च सेन्टर
सुन्दरनगर उमरपुर हरिबंधनपुर, (निकट मैहर देवी मंदिर) जनपद जौनपुर
मो.नं.: 9415315405, 9598725959, 9838259535
Email: siddhathhospitaljnp@gmail.com, siddharthhospital.jaunpur@yahoo.com
बेटी बचाओ - बेटी पढ़ाओ

TATA की पेशकश
For marriages crafted by you
TANISHQ PRESENTS
RIVAAH
WEDDING JEWELLERY
जौनपुर शोरूम- पॉलिटेक्निक चौराहा, मिर्जापुर रोड, रुहट्टा, जौनपुर सम्पर्क- 7309096302, 7000006397
सुलतानपुर शोरूम- सम्पर्क 1084/8, डी.एम. आवास के सामने सिविल लाइन्स, सुलतानपुर सम्पर्क- 7800006396
गाजीपुर शोरूम- सकलेनाबाद, रसूलपुर, गाजीपुर- 233001 सम्पर्क 9415207229, 7800006395